Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI No. DLHIN/2012/48369
वर्ष 13 । अंक 82
नई दिल्ली, रविवार, 26 जनवरी 2025
पृष्ठ 12 ₹ मूल्य 3
नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com




# 26/11 हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ

**टीएन रघुनाथ** । मुंबई

**एक बड़े घटनाक्रम में,** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तानी-कनाडाई नागरिक और 26/11 हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा के भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया है। अब राणा को भारत में मुंबई आतंकी हमलों के मामले में मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में इस सप्ताह की शुरुआत में राणा की तरफ से भारत में उसके प्रत्यर्पण को चुनौती वाली समीक्षा याचिका (सर्टिओरीरी की रिट) 13 नवंबर, 2024 को दायर की गई थी, जिसके खारिज करने के साथ ही राणा के पास भारत में प्रत्यर्पण से बचने के लिए सभी कानूनी विकल्प खत्म हो गए हैं। अब, राणा का भारत प्रत्यर्पण आसन्न हो गया है। अतीत में, राणा ने सैन फ्रांसिस्को में अमेरिकी अपील न्यायालय और कई संघीय अदालतों में इसी तरह की याचिकाएं दायर की थीं, जिसमें 26-29 नवंबर, 2008 के हमलों के मामले में आरोपों के अभियोजन के लिए उसे भारत भेजा जाना था, जिसमें 166 लोग मारे गए थे और 300 अन्य घायल हुए थे।

दिसंबर 2024 में अपनी नवीनतम याचिका पर सुनवाई के दौरान, अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल एलिजाबेथ बी. प्रीलोगर ने इस आधार पर राणा की समीक्षा याचिका को खारिज करने का एक मजबूत मामला बनाया था कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का ऑपरेटिव भारत को प्रत्यर्पण से राहत का हकदार नहीं है। पाकिस्तानी सेना में एक पूर्व चिकित्सा अधिकारी, राणा 1990 में कनाडा चला गया था, जहां से वह शिकागो जाने से पहले वहां का नागरिक बन गया था। अमेरिकी कानून के अनुसार, यदि उसे भारत प्रत्यर्पित नहीं किया जाता है, तो उसे 2027 में जेल की अवधि पूरी होने के बाद उसके गृह देश कनाडा भेज दिया जाएगा। राणा वर्तमान में डेनमार्क के अखबार जाइलैंड्स-पोस्टेन पर आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में लॉस एंजिल्स जेल में बंद है। राणा ने तर्क दिया था कि 26/11 मामले से संबंधित आरोपों पर इलिनोइस (शिकागो) की एक संघीय अदालत ने उस पर मुकदमा चलाया और उसे बरी कर दिया, जिसके लिए भारत ने उसके प्रत्यर्पण की मांग की थी। हालांकि, प्रीलोगर ने राणा की याचिका का कड़ा विरोध किया था। राणा पर 26/11 हमले के मामले में महत्वपूर्ण संलिप्तता का आरोप है।



पाकिस्तानी मूल के कनाडाई तहव्वुर राणा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई हमले के दोषी राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है और इस कदम के खिलाफ उसकी समीक्षा याचिका खारिज कर दी है


अजमल कसाब उन दस पाकिस्तानी आतंकवादियों में से एक था, जिन्होंने मुंबई पर बेरहमी से हमला किया था। हमले के दौरान सुरक्षा बलों ने दस में से नौ आतंकवादियों को मार गिराया था, जबकि शेष एक- मोहम्मद अजमल कसाब को 26-27 नवंबर, 2008 की मध्यरात्रि को गिरगांव चौपाटी पर पुलिस ने जिंदा पकड़ लिया गया था। मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद, कसाब को 21 नवंबर, 2012 को पुणे के यरवदा केंद्रीय कारागार में 26/11 हमलों के मामले में फांसी पर लटका दिया गया था। राणा उन दो मास्टरमाइंड में से एक है, जिन्हें अभी तक न्याय के कटघरे में नहीं लाया गया है, जबकि दूसरा सईद जबीउद्दीन अंसारी उर्फ ??अबू जुंदाल है, जो लश्कर आतंकी समूह के लिए काम करने वाला एक भारतीय ऑपरेटिव है। कसाब द्वारा पहचाने जाने के बाद उसे 2012 में गिरफ्तार किया गया था और वह वर्तमान में मुंबई की सलाखों के पीछे है।

भारत में प्रत्यर्पण का स्वागत करते हुए 26/11 हमलों के मामले में विशेष सरकारी वकील रहे उज्ज्वल निकम ने कहा, यह भारत के लिए बड़ी सफलता है क्योंकि अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने तहव्वुर राणा की समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया है। तहव्वुर राणा और डेविड हेडली 26/11 मुंबई हमलों के आतंकी हमले के पीछे करीबी कड़ी हैं। उन्होंने कहा, तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण से भारत को पाकिस्तान के सुरक्षा तंत्र सहित कुछ पाकिस्तानी लोगों की संलिप्तता के बारे में अधिक जानकारी और सबूत मिलेंगे। मैं बहुत आशावादी हूं कि तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण से पाकिस्तान के सुरक्षा तंत्र की संलिप्तता के बारे में अधिक सबूत मिलेंगे। राणा पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली का करीबी सहयोगी है, जो 26/11 के हमले के लिए भारत द्वारा वांछित था, जिसे 10 भारी हथियारों से लैस पाकिस्तानी आतंकवादियों ने अंजाम दिया था। 21 अक्टूबर, 2009 को हेडली और उसके साथी तहव्वुर हुसैन राणा के खिलाफ इलिनोइस कोर्ट में संशोधित आपराधिक शिकायत में, एफबीआई ने भारत में हेडली द्वारा की गई टोह और (शेष पृष्ठ 9)

# सरकार ने पद्म पुरस्कारों का किया ऐलान

● सूची में रहा कला, विज्ञान, साहित्य और क्षेत्र का संतुलन

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली



जस्टिस केहर | ए. सूर्यप्रकाश | साध्वी ऋतंभरा | शारदा सिन्हा

**सरकार ने** शनिवार को भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जेएस केहर, प्रसिद्ध डॉक्टर डीएन रेड्डी और कथक नृत्यांगना कुमिदिनी लाखिया और वायलिन वादक एल सुब्रमण्यम, ओसामु सुजुकी, प्रसिद्ध लेखक एमटी वासुदेवन नायर और लोक गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। वहीं प्रसिद्ध पत्रकार ए. सूर्य प्रकाश सहित 19 लोगों को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। ए. सूर्य प्रकाश ने प्रसार भारती के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और 'द पायनियर' के सलाहकार संपादक और स्तंभकार के साथ-साथ पायनियर मीडिया स्कूल के संस्थापक निदेशक के रूप में काम किया था। इसके साथ ही प्रसिद्ध अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी और प्रसिद्ध गायक पंकज उधास को भी प्रतिष्ठित पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। अयोध्या राम मंदिर आंदोलन की तेजतर्रार नेता साध्वी ऋतंभरा, हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश, फिल्म निर्देशक शेखर कपूर और वरिष्ठ पत्रकार रामबहादुर राय, अभिनेत्री शोभना को भी पद्म भूषण दिया गया है।

इसके साथ ही पद्म श्री सम्मान से 113 लोगों को सम्मानित किया गया, जिनमें 30 लोग गुमनाम नायकों की श्रेणी में शामिल हैं। एक सरकारी बयान में शनिवार को कहा गया कि गोवा के एक 100 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी, पश्चिम बंगाल के एक ढाक वादक, जिन्होंने पुरुष-प्रधान क्षेत्र में 150 महिलाओं को प्रशिक्षित किया और भारत की पहली महिला कठपुतली वादक उन 30 गुमनाम नायकों में शामिल हैं, जिन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया गया। लीबिया लोबो सरदेसाई, जिन्होंने गोवा के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, ने 1955 में पुर्तगाली शासन के खिलाफ लोगों को एकजुट करने के लिए एक जंगली इलाके में एक भूमिगत रेडियो स्टेशन - 'वोज दा लिबरडाबे (स्वतंत्रता की आवाज)' की सह-स्थापना की थी। पुरस्कार पाने वालों में पश्चिम बंगाल के 57 वर्षीय ढाक वादक गोकुल चंद्र डे भी शामिल हैं, जिन्होंने पुरुष-प्रधान क्षेत्र में 150 महिलाओं को प्रशिक्षित करके लैंगिक रूढ़िवादिता को तोड़ा है। महिला सशक्तिकरण की मुखर समर्थक 82 वर्षीय सैली होलकर ने लुप्त हो रहे माहेश्वरी शिल्प (शेष पृष्ठ 9)

# राष्ट्रपति ने एक साथ चुनाव की पैरवी की

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पहल की वकालत करते हुए कहा कि इसमें शासन में स्थिरता को बढ़ावा देने, नीतिगत पक्षाघात को रोकने, संसाधनों के विचलन को कम करने और देश पर वित्तीय बोझ को कम करने के माध्यम से देश में 'सुशासन' को फिर से परिभाषित करने की क्षमता है। 76वें गणतंत्र दिवस से पहले राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में, उन्होंने 'देश में दशकों से व्याप्त औपनिवेशिक मानसिकता के अवशेषों को खत्म करने' के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों पर जोर दिया और ब्रिटिश काल के आपराधिक कानूनों को तीन नए कानूनों से बदलने का हवाला दिया। उन्होंने कहा, 'हम उस मानसिकता को बदलने के लिए ठोस प्रयास देख रहे हैं... इतने बड़े पैमाने पर सुधारों के लिए दूरदर्शिता की आवश्यकता होती है।' देश भर में चुनाव कार्यक्रमों को एक साथ कराने के उद्देश्य से प्रस्तावित विधेयक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुर्मू ने कहा, 'एक राष्ट्र एक चुनाव' योजना से बेहतर प्रशासन और कम वित्तीय दबाव सहित कई लाभ मिल सकते हैं।

कानूनी सुधारों पर चर्चा करते हुए उन्होंने भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को भारतीय परंपराओं को प्रतिबिंबित करने वाले नए कानूनों से प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की शुरूआत का उल्लेख किया, जो केवल दंड के बजाय न्याय प्रदान करने को प्राथमिकता देते हैं तथा महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों से निपटने पर जोर देते हैं। संविधान के महत्व पर विचार करते हुए राष्ट्रपति ने पिछले 75 वर्षों में हुई प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'स्वतंत्रता के समय देश के कई हिस्से अत्यधिक गरीबी और भुखमरी का सामना कर रहे थे। हालांकि, हमने खुद पर विश्वास बनाए रखा और विकास के लिए परिस्थितियां बनाईं।' किसानों और मजदूरों के योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अब वैश्विक आर्थिक रुझानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह परिवर्तन संविधान द्वारा स्थापित ढांचे में निहित है। राष्ट्रपति ने हाल के वर्षों में लगातार उच्च आर्थिक विकास दर की ओर भी ध्यान दिलाया, जिससे रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, किसानों और मजदूरों की आय में वृद्धि हुई है, तथा अनेक लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। उन्होंने समावेशी विकास के महत्व और कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया, (शेष पृष्ठ 9)

## अवकाश सूचना

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय में आज 26 जनवरी, 2025 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 28 जनवरी को प्रकाशित होगा।

# भारत-इंडोनेशिया संबधों को देंगे नई रफ्तार



नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**भारत और** इंडोनेशिया ने शनिवार को समग्र द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देने पर सहमति व्यक्त की और विशेष रूप से रक्षा विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्रों में संयुक्त रूप से काम करने पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ व्यापक वार्ता की मेजबानी की। भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए सुबिआंतो रविवार को कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। वार्ता के बाद मीडिया को दिए गए अपने बयान में मोदी ने इंडोनेशिया को 10 देशों वाले आसियान समूह के साथ-साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत का 'महत्वपूर्ण साझेदार' बताया और कहा कि दोनों देश क्षेत्र में नियम-आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच मोदी ने कहा, हम इस बात पर सहमत हैं कि नौवहन की स्वतंत्रता अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा की।' उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया रक्षा विनिर्माण (शेष पृष्ठ 9)

# कटरा से श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन के दौड़ने का रास्ता साफ

**पीटीआई** । श्रीनगर




विशेष रूप से डिजाइन की गई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ट्रायल रन शनिवार को श्रीनगर के नौगाम क्षेत्र में एक रेलवे स्टेशन पर किया गया।

**वर्षों की** कड़ी मेहनत व समर्पण और कुछ इंजीनियरिंग चमत्कारों के बाद आखिरकार कश्मीर की रेल संपर्कता का सपना शनिवार को उस समय सच हो गया जब विशेष रूप से डिजाइन की गई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन यहां पहुंची और संचालन परीक्षण पूरा किया। ट्रेन अपने पहले परीक्षण के तहत जम्मू के कटरा से श्रीनगर स्टेशन पर पहुंची। यह शुक्रवार को जम्मू पहुंची थी। पूर्वाह्न 11:30 बजे जैसे ही वंदे भारत एक्सप्रेस स्टेशन पर पहुंची, इसका स्वागत नारों और भारतीय रेलवे की प्रशंसा के साथ किया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग और रेलवे अधिकारी ट्रेन का इंतजार कर रहे थे, उनमें से कई लोग ट्रेन में सवार अधिकारियों का स्वागत करने के लिए मालाएं लेकर आए थे।

यहां स्टेशन पर कुछ देर रुकने के बाद ट्रेन अपना परीक्षण पूरा करने के लिए बडगाम स्टेशन के लिए रवाना हो गई। उत्तर रेलवे के मुख्य क्षेत्र प्रबंधक (श्रीनगर) साकिब यूसुफ ने कहा कि संचालन परीक्षण का पूरा होना एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा, यह एक ऐतिहासिक कदम है। यह कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने के हमारे प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को दर्शाता है। यूसुफ ने कहा कि परीक्षण का उद्देश्य यह भी पता लगाना था कि ट्रेन विभिन्न खंडों पर कितना समय लेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षण का सफल समापन पिछले 10 वर्षों में लाइन को पूरा करने के लिए की गई कड़ी मेहनत का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कटरा से ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कटरा-बारामूला खंड पर ट्रेन सेवा संचालन के लिए हरी झंडी दे दी थी। कटरा में होने वाले उद्घाटन समारोह की तारीख अभी घोषित नहीं हुई है। रेलवे ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के 272 किलोमीटर हिस्से पर काम पूरा कर लिया है। अधिकारियों के अनुसार, रेलवे बोर्ड ने पिछले साल आठ जून को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का अनावरण किया था। ट्रेन में जलवायु संबंधी विशेषताएं शामिल हैं। इसमें उन्नत ताप प्रणालियां शामिल हैं जो पानी व जैव-शौचालय के टैंकों के जल को जमने से रोकती हैं। (शेष पृष्ठ 9)

# तीन साल में यमुना साफ करेंगे और 50,000 नौकरियां देंगे: भाजपा

**सौम्या शुक्ला** । नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली भाजपा प्रभारी बैजयंत पांडा और अन्य के साथ नई दिल्ली में आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा के घोषणापत्र का तीसरा भाग जारी किया। फोटोः रंजन डिमरी

**शनिवार** को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय राजधानी के लोगों के लिए नौ चुनावी वादों के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का तीसरा और अंतिम 'संकल्प पत्र' जारी किया। इसमें यमुना रिवर फ्रंट का विकास, अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों को मालिकाना हक, 50,000 सरकारी नौकरियां, पूरे दिन के लिए मेट्रो और बस की सवारी और गिग वर्कर्स के लिए 10 लाख रुपये का जीवन बीमा शामिल है। यह सब आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए वादे हैं। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, वरिष्ठ भाजपा नेता ने आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जोरदार हमला किया। उन्होंने केजरीवाल को उत्तर प्रदेश में महाकुंभ में डुबकी लगाने की सलाह दी ताकि उनके पाप धुल जाएं और उन्हें अपने राजनीतिक करियर में अब तक का सबसे बड़ा झूठा बताया।

'विकसित दिल्ली संकल्प पत्र 2025' नामक घोषणापत्र जारी करते हुए शाह ने सत्ताधारी पार्टी के सात साल पुराने यमुना नदी को साफ करने और उसमें पवित्र स्नान करने के वादे का मजाक उड़ाया। शाह ने कहा, 'अगर केजरीवाल यमुना में डुबकी नहीं लगा सकते, तो कम से कम कुंभ में जाकर अपने पाप धो लें। और वह तीन साल बाद आकर अपने परिवार के साथ यमुना नदी में स्नान कर सकते हैं, जिसे हम साफ करेंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि जहां केजरीवाल झूठे वादे करते हैं, वहीं मोदी सरकार उन्हें पूरा करती है।

घोषणापत्र के तीसरे भाग में किए गए चुनावी वादों की घोषणा करते हुए अमित शाह ने कहा, 'मोदी जी ने 1,700 से अधिक अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों को मालिकाना हक देने की घोषणा की है। पहले इन कॉलोनियों में निर्माण, खरीद-फरोख्त की अनुमति नहीं थी। अब, उन्हें पूर्ण मालिकाना हक देकर और आवास मंत्रालय के नियमों और दिल्ली के उपनियमों के अनुरूप बनाकर, हम उन्हें निर्माण और बिक्री का अधिकार देंगे।' उन्होंने यह भी घोषणा की कि दिल्ली में सील की गई 13,000 दुकानों को फिर से खोला जाएगा। हमने वकीलों के साथ मिलकर उन्हें फिर से खोलने के लिए कानूनी रास्ता निकाला है। हम एक न्यायिक प्राधिकरण बनाएंगे और इन दुकानों को छह महीने के भीतर फिर से खोलकर उनका संचालन शुरू करेंगे। 1947 के बाद से स्थापित शरणार्थी कॉलोनियों, जैसे राजेंद्र नगर, लाजपत नगर और किंग्सवे कैंप, में वर्तमान में लोग पट्टे पर रहते हैं; वे जमीन को बेच या खरीद नहीं सकते। शाह नेजोड़ा, 'हम इन कॉलोनियों में पट्टे पर जमीन रखने वाले सभी शरणार्थियों को पहली कैबिनेट बैठक में मालिकाना हक प्रदान करेंगे।'

गृह मंत्री ने दिल्ली में एक वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड की स्थापना की भी घोषणा की, जो सुनिश्चित करेगा कि सभी श्रमिकों को 10 लाख रुपये तक का जीवन बीमा और 5 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर मिले। इसके अलावा, उनके बच्चों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहाकि हम कपड़ा श्रमिकों के लिए भी यही फॉर्मूला लागू करेंगे। हम श्रमिकों को 10,000 रुपये की सहायता प्रदान करेंगे, और पंजीकृत श्रमिकों को कौशल और व्यवसाय को बढ़ाने के लिए 3 लाख रुपये तक का ऋण देंगे।' (शेष पृष्ठ 9)

# मोदी, राहुल गांधी आप के भ्रष्ट नेताओं की सूची में

**राजेश कुमार** । नई दिल्ली

**दिल्ली के** पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा यह कहे जाने के कुछ दिनों बाद कि वह राहुल गांधी के उन पर हमले का जवाब नहीं देंगे, आम आदमी पार्टी ने शनिवार को एक पोस्टर जारी किया जिसमें कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का नाम 11 'भ्रष्ट' लोगों की सूची में डाला गया और दावा किया गया कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उन पर राहुल गांधी के हमले का जवाब नहीं दिया। मुख्यमंत्री उनसे मुकाबला करेंगे। पहली बार, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, अजय माकन और संदीप दीक्षित को अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी के प्रचार पोस्टर में प्रमुखता से दिखाया गया। राहुल के अलावा पोस्टर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा नेता वीरेंद्र सचदेवा, अनुराग ठाकुर, प्रवेश वर्मा, विजेंद्र गुप्ता और रमेश बिधूड़ी और कांग्रेस नेता अजय माकन और संदीप दीक्षित की तस्वीरें भी हैं। केजरीवाल और उनकी पत्नी सुनीता के लिए रास्ता बनाते सुरक्षाकर्मियों की तस्वीर वाले पोस्टर की टैगलाइन है, 'केजरीवाल की ईमानदारी भ्रष्ट लोगों के लिए मुसीबत बनेगी।'

पोस्टर में केजरीवाल को 'ईमानदार' बताया गया है। पोस्टर पर लिखा है, 'केजरीवाल की ईमानदारी सारे बेईमानों पर भारी पड़ेगी।' हालांकि, राहुल गांधी को शामिल करने से संकेत मिलता है कि आप के लिए अब सब कुछ ठीक नहीं है। आप और कांग्रेस विपक्षी गुट इंडिया का हिस्सा हैं, हालांकि, वे दिल्ली चुनाव एक साथ नहीं लड़ रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने जहां भ्रष्टाचार के मोर्चे पर केजरीवाल पर हमला किया है, वहीं राहुल ने आप के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों का जिक्र नहीं किया है, हालांकि उन्होंने 'प्रचार और झूठे वादों' के लिए केजरीवाल की तुलना मोदी से की है। राहुल ने विकास के मुद्दे पर केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उनके शासन के ट्रैक रिकॉर्ड पर सवाल उठाया था और दावा किया था कि वह दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता शीला दीक्षित की उपलब्धियों की बराबरी नहीं कर सकते।




इस बीच, कालकाजी विधानसभा सीट से आतिशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहीं महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने आप द्वारा अपने पोस्टर में कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, संदीप दीक्षित और अजय माकन को 'बेईमान' बताए जाने पर केजरीवाल पर निशाना साधा। आपने (अरविंद केजरीवाल) शीला दीक्षित और मनमोहन सिंह का अपमान किया। अब, वह साक्षात्कार में कहते हैं कि मनमोहन सिंह सबसे ईमानदार प्रधानमंत्री थे। उन्हें डॉ. सिंह की पत्नी से माफ़ी मांगनी चाहिए। आप कांग्रेस से गठबंधन के लिए भीख मांग रहे थे। हमने बहुत बड़ा गठबंधन किया। लांबा ने कहा, हमने सात सीटों पर आपके साथ गठबंधन करके और लोकसभा चुनाव के दौरान आपको समर्थन देकर बहुत बड़ी गलती की। राहुल ने पहले आरोप लगाया था कि केजरीवाल प्रधानमंत्री मोदी की 'प्रचार और झूठे वादों की रणनीति' का पालन कर रहे हैं, जबकि वे राजधानी में बढ़ते प्रदूषण, भ्रष्टाचार और मुद्रास्फीति को दूर करने में विफल रहे हैं। एक अन्य अवसर पर उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और आप प्रमुख दोनों नहीं चाहते कि दलितों और आदिवासियों (शेष पृष्ठ 9)

# हमास ने इजराइल की चार महिला सैनिकों को रिहा किया

**पीटीआई** । दीर अल बलाह

**हमास आतंकियों** ने गाजा पट्टी में युद्ध रोकने के लिए इजराइल के साथ हुए युद्ध विराम समझौते के तहत उसकी चार महिला सैनिकों को भीड़ के सामने परेड करने के बाद रिहा कर दिया। चारों महिला सैनिकों की रिहाई के बदले इजराइल के भी 200 फलस्तीनी कैदियों को मुक्त करने की संभावना है। इजराइली सेना ने हमास द्वारा छोड़ी गई चारों महिला सैनिकों-करीना एरिएव (20), डेनिएला गिल्बोआ (20), नामा लेवी (20) और लिरी अल्बाग (19) के उसके पास पहुंचने की पुष्टि की है। उसने बताया कि हमास आतंकवादियों ने इन महिला सैनिकों को गाजा पट्टी में हजारों लोगों की भीड़ के सामने परेड कराने के बाद रेड क्रॉस को सौंप दिया था। (विस्तृत पृष्ठ 11)

# फिटजी का दिल्ली-एनसीआर का सेंटर बंद

## अभिभावकों ने लगाया धोखाधड़ी का आरोप, दिल्ली और नोएडा पुलिस ने शुरू की जांच



पीएनएस । नई दिल्ली/नोएडा

कोचिंग संस्थान के अचानक बंद होने के बाद 250 से अधिक लोगों द्वारा फिटजी के पूर्वी दिल्ली स्थित केंद्र पर धोखाधड़ी और कुप्रबंधन का आरोप लगाए जाने के बाद दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू की है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। वहीं नोएडा पुलिस ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थान फिटजी के सेंटर बंद होने के मामले में उसके मालिक सहित 12 लोगों खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

शिकायत के अनुसार, देशभर में फिटजी के केंद्रों के बंद होने की खबर पर लोग पूर्वी दिल्ली स्थित इसके केंद्र पर पहुंचे और शाखाओं के बंद होने, अचानक संकाय सदस्यों के इस्तीफे और कर्मचारियों के वेतन का कथित तौर पर भुगतान ना किए जाने के मामले में स्पष्ट स्थिति जाननी चाही।

छात्रों और उनके अभिभावकों के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में फिटजी के कई केंद्र अप्रत्याशित रूप से बंद हो गए हैं और कई शिक्षकों ने महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण इस्तीफा दे दिया है। नोएडा और गाजियाबाद में इंजीनियरिंग संस्थानों के प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को कोचिंग देने वाले निजी संस्थान के दो केंद्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। फिटजी की वेबसाइट के अनुसार, वह देशभर में 73 केंद्र का संचालन करती है।

शिकायत के अनुसार, केंद्र में एक गार्ड के अलावा कोई भी उपलब्ध नहीं था, जिसने केंद्र बंद कर दिया था। हमने कार्यालय खोलने की कोशिश की और पाया कि सभी स्टाफ सदस्यों ने लंबित वेतन का भुगतान न होने के कारण इस्तीफा दे दिया और अन्य संस्थानों में काम करने लगे। फिटजी के सभी केंद्रों में बड़ी उथलपथल चल रही है। इसमें लिखा है, यह हम सभी के लिए बहुत दर्दनाक और डरावना है, क्योंकि हमारी मेहनत की कमाई और हमारे बच्चों का करियर खतरे में है।

फिटजी में प्रवेश लेने वाले बच्चों के माता-पिता ने दावा किया कि कोचिंग संस्थान ने शुल्क के रूप में बड़ी रकम एकत्र कर ली, लेकिन अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में विफल रहा। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्होंने मामले में जांच शुरू कर दी है। नोएडा पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि अभिभावकों की शिकायत पर नोएडा के सेक्टर-58 और ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाने में दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं जिसमें फिटजी के मालिक डीके गोयल, मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) राजीव बब्बर, मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) मनीष आनंद, ग्रेटर नोएडा शाखा के प्रमुख रमेश बटलेश समेत 12 लोगों को नामजद किया गया। पुलिस उपायुक्त (नोएडा) रामबदन सिंह ने कहा, अभिभावकों की शिकायत के आधार पर आपराधिक साजिश और विश्वासघात के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने ग्रेटर नोएडा के निवासी सतसंग कुमार की शिकायत के हवाले से बताया कि नोएडा के सेक्टर-62 स्थित संस्थान का सेंटर मंगलवार तक खुला था और उस दिन एक घंटे पहले छुट्टी कर दी गई जिसके बाद पता चला कि सेंटर पूरी तरह बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि दावा है कि इस सेंटर में दो हजार से अधिक छात्र पढ़ते थे। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमेगा-दो के निवासी मनोज कुमार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में भी इसी तरह के आरोप लगाए गए हैं।

# अदालत ने एल्विश यादव पर एफआईआर के दिए आदेश

## सांप के विष की तस्करी मामले के शिकायतकर्ता और मुख्य गवाह को धमकाने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद की कोर्ट ने नंदग्राम पुलिस को एल्विश यादव के खिलाफ एफआईआर आदेश दर्ज करने का आदेश दिया है। एल्विश पर सांप के विष की तस्करी मामले के शिकायतकर्ता और मुख्य गवाह को धमकाने का आरोप है।

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत जब नहीं सुनी तो उसने कोर्ट का सहारा लिया। अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन)/न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या -3 गाजियाबाद की जज प्रतिभा ने यूट्यूबर एल्विश यादव और गैंग के खिलाफ थानाध्यक्ष नंदग्राम को मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया है। इससे एल्विश की मुश्किलें फिर बढ़ने लगी हैं। एक साल पहले नोएडा पुलिस भी सांपों के विष प्रकरण के मामले में एल्विश को जेल भेज चुकी है। नोएडा में सांप के जहर सप्लाई करने वाले गिरोह के पर्दाफाश के दौरान एल्विश का नाम सामने आया था। एल्विश के खिलाफ नोएडा में केस दर्ज किया गया था। नोएडा पुलिस ने 17 मार्च को यूट्यूबर एल्विश यादव को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर कोर्ट पहुंची थी। कोर्ट ने (विशेष रिमांड मजिस्ट्रेट) ने उसको 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। भाजपा सांसद मेनका गांधी की संस्था पीपल फॉर एनिमल के एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता ने इस मामले में शिकायत की थी। उनकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने नोएडा के सेक्टर-49 इलाके में छापा मारा था।

## संक्षिप्त समाचार



गांजे की तस्करी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार।

### मोदीनगर में पेंट की दुकान से चोरी

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित सीकरी पेट्रोल पंप के पास एक पेंट की दुकान में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने छत के रास्ते दुकान में प्रवेश कर 95 हजार रुपए की नकदी समेत कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। रघुवीरपुरम कॉलोनी के निवासी मनीष कंसल की श्री गोपाल जी ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। सुबह करीब 9 बजे जब वह दुकान पहुंचे और शटर खोला, तो दुकान का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। गल्ले का काउंटर भी खुला हुआ था। जांच में पता चला कि चोर छत के रास्ते दुकान में घुसे और गुमटी का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित ने मोदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एसीपी के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

### वेज बिरयानी में निकला कीड़ा

**नोएडा।** नोएडा में एक व्यक्ति सेक्टर-18 में वेज बिरयानी खा रहा था। इस दौरान उसके खाने में कीड़ा निकला। उसने तत्काल खाद्य विभाग को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंच खाद्य विभाग की टीम ने बिरयानी और चटनी का सैंपल लेकर लखनऊ जांच के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट दो सप्ताह में आएगी। संचालक बिना लाइसेंस के यहां दुकान चला रहा था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दुकान संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। नोएडा के सेक्टर 18 मार्किट में बिक्की किंग नाम से वेज बिरयानी की दुकान है। ये दुकान काफी लंबे समय से है। यहां दोपहर को एक शख्स बिरयानी का ऑर्डर दिया। उसे बिरयानी दी गई। दो तीन चम्मच खाने के बाद उसमें कीड़ा निकला। उसने ये बाद दुकानदार को बताई। नहीं सुनने पर उसने जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने खाद्य विभाग को जानकारी दी। खाद्य विभाग ने बिरयानी का सैंपल लिया। लाइसेंस दिखाने को कहा गया। जिसे वह नहीं दिखा सका। दुकान को बंद कर दिया गया । पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान हुसैन शाह हुई है।

### प्लॉट विवाद में 4 बदमाशों ने की फायरिंग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लोनी इलाके में एक प्लॉट विवाद को लेकर बदमाशों ने दहशत फैलाने की कोशिश की। 23 जनवरी को शाम 8 बजे अशोक विहार में गुप्ता धर्म कांटे के सामने स्थित 500 वर्ग गज के प्लॉट पर दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घटना के समय प्लॉट के अंदर यूनस और सौरव नाम के दो व्यक्ति खाना खा रहे थे। सौभाग्य से कोई हताहत नहीं हुआ। प्लॉट के मालिक दिनेश कुमार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दिनेश ग्राम गढ़ी जस्सी के रहने वाले हैं। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें बदमाश साफ नजर आ रहे हैं।

# गाजियाबाद पुलिस के छह वीरों को मिला गैलेंट्री अवॉर्ड

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गणतंत्र दिवस के अवसर पर गाजियाबाद पुलिस के 6 वीर अधिकारियों को उनकी बहादुरी के लिए गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इन अधिकारियों ने मई 2022 में दो खतरनाक अपराधियों के एनकाउंटर में अदम्य साहस का परिचय दिया था।

सम्मानित होने वाले अधिकारियों में वर्तमान में हमीरपुर की एसपी आईपीएस दीक्षा शर्मा, लखनऊ के डीसीपी आईपीएस निपुण अग्रवाल, एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह, स्वाट टीम प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल सिद्दीकी, और हेड कांस्टेबल संदीप और नीरज शामिल हैं। 28 मई 2022 को हुए दो अलग-अलग एनकाउंटर में एक लाख रुपये का इनामी अपराधी बिल्लू दुजाना और 50,000 रुपये का इनामी राकेश मारे गए थे।

इंदिरापुरम क्षेत्र में हुए पहले एनकाउंटर में तत्कालीन एसपी क्राइम दीक्षा शर्मा के नेतृत्व में इंस्पेक्टर अब्दुल सिद्दीकी और हेड कांस्टेबल संदीप ने बिल्लू दुजाना का सामना किया। वहीं, मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में तत्कालीन एसपी सिटी निपुण अग्रवाल के नेतृत्व में एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह और हेड कांस्टेबल नीरज ने राकेश को एनकाउंटर में मार गिराया। इन मुठभेड़ों के दौरान एसपी सिटी और एसीपी की बुलेटप्रूफ जैकेट में गोलियां लगीं, लेकिन उनकी बहादुरी के कारण दोनों खतरनाक अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। यह अवॉर्ड पुलिस बल के प्रति समर्पण और कर्तव्य के प्रति निष्ठा का प्रतीक है।

# पीएम यशस्वी योजना में 400 छात्र होंगे सम्मानित

## देश के 21 राज्यों से चयनित बच्चे होंगे शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



गणतंत्र दिवस परेड 2025 के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें देश के 21 राज्यों से चुने गए 400 बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। ये बच्चे प्रधानमंत्री यशस्वी योजना के लाभार्थी हैं, जो ओबीसी, ईबीसी, और डीएनटी वर्ग के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक, सामाजिक, और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। ये बच्चे गणतंत्र दिवस परेड 2025 के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित होंगे।

27 जनवरी 2025 को इन 400 बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, कुछ अतिथियों को 28 जनवरी 2025 को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, 23 और 24 फरवरी 2025 को भी एक विशेष समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें लगभग 300 अतिरिक्त अतिथि शामिल होंगे। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने इस कार्यक्रम को संबोधित किया।

उन्होंने पीएम यशस्वी योजना की सराहना करते हुए इसे सामाजिक न्याय और समावेशिता की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना देश के होनहार और प्रतिभाशाली छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करेगी। इस योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में 387.27 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। यह धनराशि योजना के विभिन्न घटकों के तहत छात्रों को प्रदान की जा रही है।

योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रशासनिक और वित्तीय प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की गई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सचिव अमित यादव एवं अपर सचिव अमित कुमार घोष के सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# केजरीवाल झूठ की राजनीति कर रहे : अमित शाह

- केंद्रीय गृहमंत्री ने जनता से दिल्ली के विकास के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की
- कहा, पीएम मोदी ने कहा है कि गरीबों के लिए कोई भी मौजूदा कल्याणकारी योजना बंद नही की जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




राजौरी गार्डन विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार करते गृहमंत्री अमित शाह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर छल और झूठ की राजनीति करने का आरोप लगाया और लोगों से शहर के विकास के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की।

शाह पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए शहर में भाजपा की एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आप के इस दावे को लेकर भी उस पर हमला किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आने पर दिल्ली में सभी मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर देगी। अमित शाह ने राजौरी गार्डन में रैली को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी ने खुद भरोसा दिलाया है कि दिल्ली में गरीबों के लिए कोई भी मौजूदा कल्याणकारी योजना बंद नहीं की जाएगी, लेकिन अरविंद केजरीवाल झूठ फैला रहे हैं... वे लोगों को गुमराह कर रहे हैं। मैं फिर से कह रहा हूं कि भाजपा गरीबों के कल्याण के लिए बनाई गई किसी भी योजना को बंद नहीं करेगी। शाह ने आरोप लगाया कि आप सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में दिल्ली के लोगों को धोखा देने के अलावा कुछ नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया, अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार मुक्त दिल्ली का वादा किया था, लेकिन करोड़ों रुपए का आबकारी घोटाला किया। शाह ने भाजपा के चुनावी वादों को दोहराया और लोगों से पार्टी को वोट देने तथा छल और झूठ की राजनीति को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के हाथ मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा, हमें दिल्ली को कचरा मुक्त बनाना है, आप-दा को खत्म करना है और पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करनी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि दिल्ली को दुनिया की नंबर एक राजधानी बनाने के लिए भाजपा को जिताएं।

शाह, राजौरी गार्डन विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार मनजिंदर सिंह सिरसा के लिए प्रचार कर रहे थे। दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव होना है और 8 फरवरी को मतगणना होगी।

# सत्ता में आए तो सीवेज समस्या का करेंगे समाधान : केजरीवाल

- अनधिकृत कॉलोनियों के बुनियादी ढांचे को बेहतर करने का दावा किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आप के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को वादा किया कि अगर उनकी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से सत्ता में आई तो वह दिल्ली में सीवर संबंधी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करेंगे।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने एक वीडियो संदेश में शहर की अनधिकृत कॉलोनियों में आप सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का जिक्र किया और कहा कि इन क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कहा, जब हमने दिल्ली में सरकार बनाई, तो अनधिकृत कॉलोनियों में कोई विकास कार्य नहीं हुआ था। किसी सरकार ने इन कॉलोनियों के लिए काम नहीं किया। हमने विकास कार्य शुरू किया और आज लगभग सभी ऐसी कॉलोनियों में सीवर पाइपलाइन और अन्य सुविधाएं हैं।

केजरीवाल ने माना कि शहर के कई इलाकों में सीवेज के पानी से पीने के पानी के दूषित होने की समस्या है। उन्होंने कहा, मैंने फैसला किया है कि आप की सरकार बनने के बाद शहर में सीवर से जुड़ी सभी समस्याओं का युद्ध स्तर पर समाधान किया जाएगा। सभी पुरानी पाइप लाइनों को युद्ध स्तर पर बदला जाएगा, ताकि लोगों को सीवर की समस्या से छुटकारा मिल सके। हमने लगभग सभी कॉलोनियों में सीवर की लाइन बिछाई है, अब इसे घरों से जोड़ा जा रहा है।

# स्वतंत्रता सेनानियों का सपना पूरा करेंगे: आतिशी

- सीएम आतिशी ने 76वें गणतंत्र दिवस पर लोगों को बधाई दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया और कहा कि देश के लिए उनके (स्वतंत्रता सेनानियों के) सपनों को साकार करने के वास्ते उनकी सरकार प्रतिबद्ध है।

छत्रसाल स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह में बोलते हुए, आतिशी ने लोगों से देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, भगत सिंह, महात्मा गांधी, लाला लाजपत राय और चंद्रशेखर आजाद जैसे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने बारे में नहीं, देश के बारे में सोचा। आम आदमी पार्टी (आप) नेता ने भारत की परिवर्तनकारी यात्रा और सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने में बीआर आंबेडकर के नेतृत्व में तैयार किए गए संविधान की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और बाबा साहेब के सपनों को पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है। हमारा संविधान समान अवसरों की अवधारणा पर आधारित है और दिल्ली सरकार इसे साकार करने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आतिशी ने प्रमुख क्षेत्रों, विशेष रूप से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में दिल्ली सरकार के कामों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, एक समय था जब दिल्ली के सरकारी स्कूलों की हालत बेहद खराब थी। गरीब परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पाती थी, जिससे गरीब कभी उबर नहीं पाते थे। आज, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके इन परिवारों के जीवन को बदल दिया है।

# भाजपा के अजय महावर किला बचाएंगे या जीत का अंतर बढ़ाएंगे

**अजीत तिवारी।** नई दिल्ली



अजय महावर (भाजपा)



गौरव शर्मा (आप)



भीष्म शर्मा (कांग्रेस)

दिल्ली विधानसभा चुनाव हर दिन के साथ दिलचस्प होता जा रहा है। सत्तारूढ़ दल आम आदमी पार्टी चुनौती पेश कर रही है लेकिन मतदाताओं के बीच भारतीय जनता पार्टी बढ़त बनाये हुए हैं। वहीं कांग्रेस पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार अपना वजूद फिर से स्थापित करने के लिए जान लगा रही है।

चुनावी चर्चा में घोंडा विधानसभा सीट की बात करें तो यह सीट परंपरागत रूप से भाजपा की सीट मानी जाती है। वर्तमान में इस सीट पर अजय महावर भाजपा से विधायक हैं। इस बार चुनाव में अजय महावर पर विश्वास जताते हुए भाजपा ने फिर से अपना प्रत्याशी बनाया है, वहीं आम आदमी पार्टी ने पूर्व विधायक श्रीदत्त शर्मा की जगह युवा गौरव शर्मा को मौका दिया है। वहीं कांग्रेस एक बार फिर से वरिष्ठ नेता भीष्म शर्मा पर भरोसा जताया है।



इस सीट पर 2015 में आम आदमी पार्टी के श्रीदत्त शर्मा और इससे पहले कांग्रेस के भीष्म शर्मा इसी सीट से दो बार इसी सीट से विधायक रह चुके हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा की आठ सीटों में से घोंडा की जनता का आशीर्वाद मिला था। अजय महावर ने 2020 में आप के तत्कालीन विधायक श्रीदत्त शर्मा को हराया था। वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी व पूर्व विधायक भीष्म शर्मा तीसरे नंबर पर रहे थे। 2020 के विधानसभा चुनाव के परिणामों की बात करें, तो भाजपा प्रत्याशी अजय महावर ने आप के श्रीदत्त शर्मा को हार का मुंह दिखाया था। वहीं, कांग्रेस के प्रत्याशी भीष्म शर्मा तीसरे स्थान पर खिसक गए थे।

### मतदाता व रूझान

*घोंडा विधानसभा हिंदू बहुल क्षेत्र होने के साथ ही राजधानी के अन्य विधानसभा क्षेत्रों की तुलना में पिछड़े क्षेत्रों में शुमार है। यहां स्थानीय मतदाताओं के साथ प्रवासी मतदाताओं की संख्या अधिक है। आसपास के क्षेत्रों में मुस्लिम बहुल होने से यहां के राजनीतिक समीकरण को प्रभावित करते हैं। 2020 में हुए दंगों के बाद यह क्षेत्र राजनीतिक रूप से संवेदनशील है।*

### घोंडा विधानसभा

### आप के पूर्व विधायक श्रीदत्त ने बदला पाला


**आप के पूर्व विधायक श्रीदत्त शर्मा अपना टिकट कटने के बाद उनके समर्थकों ने नाराजगी जताई थी। वहीं कुछ दिन पहले श्रीदत्त शर्मा ने पाला बदलते हुए भाजपा प्रत्याशी अजय महावर को समर्थन दिया है। इससे आप प्रत्याशी गौरव शर्मा की जहां मुश्किलें बढ़ गई है वहीं अजय महावर पिछले चुनाव में 28 हजार से जीत के अंतर को और अधिक बढ़ा सकते हैं।**

### क्षेत्र की समस्या

जनता रोड पर जाम, संकरी गलियां, टूटी-फूटी सड़कों, अतिक्रमण की समस्या, बाजारों में भीड़, परिवहन व्यवस्था, जलापूर्ति की समस्या, जलभराव की समस्या सहित कई अन्य मुद्दे हैं, जिनको ठी करने का भरोसा जनप्रतिनिधि उठाते तो जरूर हैं लेकिन समाधान अभी भी दूर की कौड़ी है।

### घोंडा में यह रहे है विधायक

| | | |
|---|---|---|
| 2020 | अजय महावर | भाजपा |
| 2015 | श्री दत्त शर्मा | आप |
| 2013 | साहब सिंह चौहान | भाजपा |
| 2008 | साहब सिंह चौहान | भाजपा |
| 2003 | भीष्म शर्मा | कांग्रेस |



### इतिहास के आइने में सीट

- 1993 में भाजपा के लाल बहादुर तिवारी ने जीती थी। 1998 में कांग्रेस के भीष्म शर्मा ने भाजपा से यह सीट झटकर इसे अपने नाम कर लिया था। भीष्म ने 2003 में भी यहां जीत दर्ज की।
- 2008 में भाजपा उम्मीदवार साहिब सिंह चौहान कड़े मुकाबले के बाद विधायक चुने गए थे। वह महज 580 मतों के अंतर से चुनाव जीत सके थे। 2013 में साहिब सिंह चौहान अपनी सीट बचान में सफल रहे।
- 2015 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के श्रीदत्त शर्मा यहां से जीत का परचम लहराकर विधानसभा पहुंचे। उन्होंने भाजपा के साहिब चौहान को पराजित किया।
- 2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा से खड़े हुए साहिब सिंह चौहान ने 'आप' के श्रीदत्त शर्मा को हार का मुंह दिखाया।








माननीय जिला अध्यक्ष भाजपा गुरुग्राम
श्री कमल यादव जी
गुरुग्राम विधायक माननीय
श्री मुकेश शर्मा जी
द्वारा मुझे
वजीराबाद मंडल अध्यक्ष
नियुक्त करने पर आभार
एवं धन्यवाद
पवन यादव वजीराबाद
अध्यक्ष भाजपा वजीराबाद मंडल
जिला मीडिया प्रमुख भारतीय जनता पार्टी गुरुग्राम


समस्त देशवासियों को 76वें
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राजेश नागर
मंत्री, हरियाणा सरकार


26 JANUARY
INDIA REPUBLIC DAY
आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेन्द्र यादव
अध्यक्ष होम डेवलपर्स व प्लाट होल्डर एसोसिएशन, गुरुग्राम

# विवाह समारोह से लौट रहे चार युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत

**शाहजहांपुर।** (भाषा) उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में हुई सड़क दुर्घटना में चार युवकों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश एस ने बताया कि थाना अल्लाहगंज के अंतर्गत गोरा तथा दहेना गांव के रहने वाले कुछ लोग शुक्रवार रात 11:00 बजे विवाह समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे और उनकी कार कटेली गांव के पास पहुंचने पर सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। एसपी ने बताया कि इस हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार राहुल कुमार (25) विनय शर्मा (27) आकाश (22) गोपाल (24) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कार सवारों को बाहर निकाला, जिनमें से चार की मौत हो चुकी थी। राजेश ने अल्लाहगंज थाने के प्रभारी ओम प्रकाश के हवाले से बताया की सूचना के बाद वह तत्काल मौके पर पहुंचे और मृतकों के शवों को कब्जे में लेने के बाद घायलों को तत्काल ही राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहीं, पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है। भाषा सं जफर प्रशांत जोहेब

# मेरठ में पांच लोगों की हत्या का मुख्य संदिग्ध पुलिस मुठभेड़ में मारा गया

**भाषा।** मेरठ


**मेरठ पुलिस** ने शनिवार तड़के मुठभेड़ में 50,000 रुपए के इनामी बदमाश जमील हुसैन उर्फ नईम को मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार द्वारा जारी बयान के मुताबिक नौ जनवरी, 2025 को लिसाड़ी गेट स्थित अपने घर पर अपने सौतेले भाई मोइन, उसकी पत्नी और उसके तीन बच्चों की नृशंस हत्या में जमील हुसैन उर्फ नईम मुख्य संदिग्ध था। पुलिस के मुताबिक इन पांचों के सिर पर चोट के निशान थे। इन हत्याओं के बाद पुलिस ने जमील हुसैन उर्फ नईम और उसके साथी सलमान पर इनाम घोषित किया था।

पुलिस महानिदेशक ने एक बयान में कहा, जांच में पता चला है कि नईम गिरफ्तारी से बचने के लिए अपना नाम और स्थान बदल रहा था। इस जघन्य अपराध के पीछे पैसे और संपत्ति को लेकर विवाद था। नईम का दिल्ली और ठाणे में आपराधिक गतिविधियों का इतिहास रहा है।

बयान के अनुसार पुलिस टीम जमील हुसैन उर्फ नईम और सलमान को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थीं। बयान में कहा गया है, शनिवार सुबह पुलिस की एक टीम ने नईम को पकड़ने गई थी और मुठभेड़ शुरू हो गई। नईम को गोली लगी और उसे पास के अस्पताल में घायलवस्था में ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताड़ा ने बताया कि लिसाड़ी गेट में पति-पत्नी और उनके तीन बच्चों की हत्या कर कर दी गई थी जिसके सिलसिले में नईम की तलाश थी। ताड़ा के अनुसार नईम पर 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था और काफी समय से पुलिस को उसकी तलाश भी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नईम अन्य प्रदेशों में भी हत्या के मुकदमों में वांछित था। जब उनसे पूछा गया कि कितने ऐसे राज्य और जिले थे जहां पर नईम वांछित बताया गया है और इसके कितने मामले अभी तक सामने आए हैं तब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दिल्ली और महाराष्ट्र के मुंब्रा थाने में हत्या के मामलों में नईम वांछित था। उन्होंने बताया कि यह भी पता चला है कि नईम अपनी पहचान बदल कर रह रहा था तथा यहां पर भी इसने अपने सौतले भाई के पूरे परिवार की हत्या कर दी थी। ताड़ा के अनुसार इस वारदात के बाद वह निरन्तर फरार था। इसका एक अन्य साथी भी है और वह भी वांछित है। उन्होंने कहा कि पुलिस की टीम लगी हैं और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दुष्कर्म और हत्या में एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा

**बलिया।** (भाषा) बलिया की एक स्थानीय अदालत ने महिला से दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या करने के लगभग नौ साल पुराने एक मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास और बीस हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी ।पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि अपर जिला न्यायाधीश राम कृपाल की अदालत ने शुक्रवार को सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद खालिद अंसारी को मामले में दोषी ठहराया। अभियोजन पक्ष के अनुसार मामला 31 मार्च 2016 का है जब जिले के नगरा थाना क्षेत्र के एक गांव के प्राथमिक विद्यालय में एक महिला का शव बरामद किया गया था। इसके अनुसार इस मामले में विद्यालय के प्रधानाचार्य की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने जांच में पाया गया कि नगरा थाना क्षेत्र के ईसारी सलेमपुर गांव के निवासी खालिद अंसारी ने महिला के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद पुलिस ने अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया।



प्रयागराज। महाकुंभ में स्नान के लिए जाते श्रद्धालु

# विकसित भारत के मतदाता बन युवा चुनें अच्छी सरकार-डीएम

## 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके छात्र-छात्राएं बने मतदाता-डीएम

**चित्रकूट ।**भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम की उपस्थिति में चित्रकूट इंटर कॉलेज चित्रकूट में किया गया। चित्रकूट इंटर कॉलेज चित्रकूट, जेपी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए नक्शे का जिलाधिकारी ने अवलोकन किया एवं शपथ भी दिलाया ।डीएम ने कहा कि 'वोट जैसा कुछ नहीं,वोट जरुर डालेंगे हम' चित्रकूट इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मतदान पर आधारित गीत एवं एकांकी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने कहा कि 'पहले राजा का बेटा राजा ही होता था' लेकिन आज ऐसा नहीं है। कहा कि आजाद भारत के बाद जो संविधान द्वारा वोट का अधिकार दिया गया ।वोट के अधिकार से जनता को अपना राजा चुनने का अधिकार मिला है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से कहा कि 18 साल की उम्र हो गई है तो यह आप लोगों के लिए सुनहरा अवसर है कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ विकसित देश हैं जिनको आजादी तो पहले मिली लेकिन मताधिकार का प्रयोग बाद में मिला। कहा कि यह गर्व की बात है कि आजादी के बाद छात्र-छात्राओं



को 18 साल पूर्ण होने के बाद अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। आप लोग अपने मताधिकार से सांसद विधायक प्रधान भी चुन सकते हैं। उन्होंने कहा कि वोटिंग के दिन छुट्टी का दिन न मनाए। आप लोग मताधिकार का प्रयोग करने जरूर जाएं । कहा कि जनपद में लगभग 60 प्रतिशत वोटिंग होती है जो चिंतन योग्य है। कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का मानना है कि कम से कम 70 प्रतिशत तक मतदान पहुंचे। उन्होंने कहा कि युवाओं को जोड़ने के लिए यह कार्यक्रम किया गया है। कहा कि जिन्हें आप लोग चुनते हैं वे आप लोगों के लिए योजना बनाते हैं। इसलिए एक अच्छा नेता होना चाहिए। कहा कि कई अन्य चुनाव होने वाले हैं इसमें आप लोग सहभागिता करे। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना चुके हैं व गणतंत्र दिवस के अमृत महोत्सव मना रहे हैं। इस समय हम लोग मतदाता जागरूकता कर रहे हैं। कहा कि जो पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा वह ठीक नहीं है । उन्होंने कहा कि कितने संघर्षों लड़ाई के बाद हमें सरकार चुनने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत लोग मतदान के दिन सो जाते हैं। कुछ लोग उसी दिन शोरगुल करते हैं कि मेरा नाम सूची में नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी का वोट का मूल्य एक ही होता है चाहे 18 वर्ष से ऊपर का छात्र-छात्राओं का हो या राष्ट्रपति का वोट हो। इसके अलावा मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि विगत वर्ष में वोट जागरूकता का कार्यक्रम चलाया गया था इस दिशा में निरंतर प्रयास रत हैं 18 वर्ष की ऊपर के लोग अपना मतदाता सूची में नाम जुडवाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम ने कहा कि 25 जनवरी को हम लोग मतदाता दिवस के रूप में मनाते हैं। प्रतीक वर्ष हम लोग नए मतदाता जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो जाती है मतदाता सूची में जोड़े जाते हैं। इसके पहले चित्रकूट इंटर कॉलेज चित्रकूट के प्रधानाचार्य श्री रणवीर सिंह चौहान ने मतदाता जागरूकता दिवस में आए जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी व अन्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने मतदाता सूची बनाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ नीलम कुशवाहा, अनुपम नरेश को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा 80 प्लस के मतदाता रामपाल रामस्वरूप विनोद कुमार तथा दिव्यांग मतदाता रितेश गुप्ता व संजय कुमार को जिलाधिकारी ने अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

## सुलतानपुर में सड़क हादसे में युवक की मौत, दूसरा घायल

सुलतानपुर। (भाषा) उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले के अखंडनगर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों में से एक की मौत हो गई और जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के अखंडनगर-दोस्तपुर मार्ग रामपुर मोड़ के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को एक अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। इसके कारण मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों को गंभीर चोटें आईं। आस-पास के लोगों ने दोनों को एम्बुलेंस से अखंडनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक को जिला अस्पताल अम्बेडकर नगर रेफर किया गया है।

## रूस और यूक्रेन समेत कई देशों के राजनयिक संगम में लगाएंगे डुबकी

महाकुंभ नगर। विश्व के सबसे बड़े अध्यात्मिक समागम प्रयागराज महाकुंभ में 73 देशों के राजनयिक पहली बार यहां संगम में स्नान करने आ रहे है जिसमें युद्ध में उलझे रूस और यूक्रेन के राजदूत भी शामिल है। मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने यह पुष्टि की है कि एक फरवरी को 73 देशों से राजनयिक महाकुंभ का महात्म्य देखने आ रहे है। विदेश मंत्रालय ने प्रदेश के मुख्य सचिव को इसके लिए पत्र भी लिखा है। उन्होने बताया कि इस पत्र में लिखा गया है कि दुनियाभर के राजनयिक महाकुंभ नगर में बड़े हनुमान जी और अक्षयवट के दर्शन भी करना चाहते है। जिन देशों के राजनयिक आ रहे है, उनमे जापान, अमेरिका, रूस, यूक्रेन, जर्मनी नीदरलैड, कैमरून, कनाडा, स्विट्जरलैड, स्वीडन, पोलैंड और बोलिविया शामिल है। पत्र के मुताबिक, ए सभी विदेशी राजनयिक नाव के जरिए संगम पहुंचेंगे और पवित्र संगम में स्नान करेंगे। यहां से वे अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर का दर्शन करने जाएंगे और इसके बाद डिजिटल महाकुम्भ अनुभव केंद्र में महाकुंभ से जुड़ी जानकारियां प्राप्त करेंगे।विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के अधिकारी इस आयोजन को सुचारू बनाने की तैयारी में जुटे है।

# सैकड़ों गरीबों को ठंड से बचाव को बांटे गये कम्बल



**चित्रकूट ।**जिले के मानिकपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़चपा में उत्तर प्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीब जन कल्याणकारी योजना अंतर्गत क्षेत्र के सैकडों गरीब- असहायों को ठंड से बचाव को कंबल वितरित कियाा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बांदा-चित्रकूट के पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी मौजूद रहे। दोनों अतिथियों द्वारा प्रधान प्रतिनिधि अरूण सिंह बघेल के साथ गांव व क्षेत्र के गरीब, निराश्रित,असहाय लोगों एवं सैकड़ों महिलाओं को कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद श्री पटेल ने कहा कि गरीब असहायों की सेवा से बडा दूसरा कोई पुण्य कार्य नही है। उन्होने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरूण सिंह बघेल के प्रयासों की सराहना की। वही विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश गरीब कल्याण की तमाम योजनाएं चलाई जा रहीं है ।प्रधान प्रतिनिधि मिंटू सिंह का यह प्रयास बहुत की सराहनीय है। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता शक्ति प्रताप सिंह तोमर, भौंरी ग्राम के पूर्व प्रधान मनीष मिश्रा,राजकुमार त्रिपाठी,जिला पंचायत सदस्य, प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह बघेल उर्फ मिंटू सिंह, सूर्य प्रकाश शुक्ला,गिरजाशरण शुक्ला,,भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह चौहान,केशव शुक्ला,घनश्याम पांडे,ग्राम प्रधान गढ़चपा श्रीमती ननकी देवी, राजेश सिंह,जीतू सिंह सहित हजारों ग्रामीण मौजूद रहे।

## महाकुम्भः मेला क्षेत्र के सेक्टर-दो में दो कार में लगी आग कोई जनहानि नही

**महाकुम्भ नगर।** (भाषा) उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित किए जा रहे महाकुम्भ मेले के सेक्टर-दो में मीडिया सेंटर के पीछे शनिवार सुबह दो कार में आग लग गई जिस पर दमकलकर्मियों ने समय रहते काबू पा लिया। घटना में जनहानि की सूचना नहीं है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (महाकुम्भ) प्रमोद शर्मा ने बताया कि आज सुबह वाराणसी से आई एक कार जब मेला क्षेत्र में प्रवेश कर रही थी तभी उसमें आग लग गई और साथ में चल रही एक अन्य कार भी आग की चपेट में आ गई। उन्होंने बताया कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल कार्वाई करते हुए कार में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया और किसी को आग से चोट नहीं आई।शर्मा ने बताया कि आग संभवत: शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। इससे पहले 19 जनवरी को सेक्टर-19 में एक शिविर में पुआल में आग लगने के बाद 18 शिविर जलकर खाक हो गए थे। हालांकि, दमकलकर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया और कोई जनहानि नहीं हुई।

# सात बर्षीय बच्चे की कैंची घोपकर हत्या

**बागपत।** (भाषा) बागपत जिले के थाना दोघट क्षेत्र में सात वर्षीय बच्चे की कैंची घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बच्चे की पहचान अफजाल के रूप में हुई है जो बृहस्पतिवार सुबह से लापता था। अधिकारियों ने बताया कि उनके पड़ोस में ही रहने वाले आरोपी सावेज (19) की गिरफ्तारी के बाद आदमपुर गांव में जंगल से सटे गन्ने के खेत से अफजाल का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि अफजाल को आखिरी बार बृहस्पतिवार सुबह करीब 10 बजे सावेज के साथ देखा गया था।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जब अफजाल घर नहीं लौटा तो उसकी मां ने उसकी तलाश शुरू की और इसके बाद परिजनों ने शुक्रवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

थाना प्रभारी बच्चू सिंह ने बताया कि परिवार ने सावेज पर उनके बच्चे को अगवा करने का आरोप लगाया जिसके बाद आरोपी को हिरासत में लिया गया और पूछताछ के दौरान उसने बच्चे की हत्या की बात कबूल कर ली।

## बलिया में घरेलू विवाद में महिला ने अपने नौ माह के बच्चे की हत्या की, मामला दर्ज

**बलिया।** (भाषा) उत्तर प्रदेश के बलिया जिला मुख्यालय के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह अपने मायके में रह रही एक महिला ने पारिवारिक विवाद के चलते कथित रूप से छत से नीचे फेंक कर अपने ही नौ माह के बच्चे की हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस सिलसिले में मामला दर्ज कर आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बलिया के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह ने बताया कि शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर मोहल्ले में अंजू देवी नामक महिला ने अपने नौ माह के बच्चे को दो मंजिला छत से नीचे फेंक दिया। इस घटना के बाद बच्चे को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जिसे चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी ने बताया कि पुलिस आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस मामले में बच्चे की नानी शोभा देवी की तहरीर पर अंजू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले में विधिक कार्वाई कर रही है ।उन्होंने बताया कि अंजू देवी ने पारिवारिक विवाद के बाद यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार अंजू देवी ने प्रेम विवाह किया था और वह पिछले दो वर्ष से अपनी मां के साथ मायके में ही रह रही थी। अंजू की बड़ी बहन मनीषा भी मायके में पिछले करीब दो माह से रह रही है। शनिवार को अंजू और उसकी बड़ी बहन मनीषा के बीच घरेलू काम को लेकर विवाद हुआ। मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह से मामले को शांत किया।

# इफ्को फूलपुरः 1981 से भारतीय किसानों को सशक्त बनाना व खाद्य सुरक्षा को मजबूत करना



**इ**फ्को, उर्वरकों के उत्पादन और वितरण पर केंद्रित एक बहु.राज्य सहकारी समिति हैए जिसकी स्थापना 1967 में 57 भारतीय सहकारी समितियों द्वारा भारतीय किसानों की आजीविका में सुधार लाने और देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ की गई थी। आज भारत भर में 35ए000 से अधिक सहकारी समितियों के माध्यम सेए इफ्को सीधे 5 करोड़ से अधिक किसानों को सेवा प्रदान करता है। पिछले 57 वर्षों मेंए इफ्को ने उच्च गुणवत्ता वाले कृषि इनपुट और विशेषज्ञ तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करके लगातार किसानों की जरूरतों को पूरा किया हैए जिससे उन्हें उनकी खेती की यात्रा के हर चरण में सशक्त बनाया गया है। इफ्को भारत भर में अपनी पांच अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाओं से सालाना लगभग 906 मिलियन मीट्रिक टन पारंपरिक उर्वरकों का उत्पादन करता है। यह देश के फॉस्फेटिक उर्वरकों का लगभग 32ः और नाइट्रोजन उर्वरकों का 21ः योगदान देता है। इफ्को ने ओमानए सेनेगलए जॉर्डन और दुबई में संयुक्त उद्यमों के माध्यम से अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार किया है। अपने मुख्य उर्वरक व्यवसाय के अलावाए इफ्को खाद्य प्रसंस्करणए जैविकए ई.बाज़ारए सामान्य बीमाए विशेष आर्थिक क्षेत्र ;एसईजेडद्ध और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार जैसे विविध क्षेत्रों में सक्रिय रूप से शामिल है। नाइट्रोजनयुक्तए फॉस्फेटिकए जैवउर्वरकए जल में घुलनशील उर्वरक और नैनो उर्वरक सहित विशेष उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करकेए इफ्को ने लगातार खाद्य उत्पादकता बढ़ाने में योगदान दिया है। इफ्को ने किसानों की आय बढ़ानेए नई उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों को विकसित करने तथा सहकारी संबंधों को मजबूत बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रमाण दिया है। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग गठबंधन ;आईसीएद्ध के 130 साल के इतिहास में पहली बारए इफ्को ने आईसीए महासभा और वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024 की सफलतापूर्वक मेजबानी की थी। इस कार्यक्रम का उद्घाटन हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत सरकार के माननीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी की उपस्थिति में किया था।इफ्को के योगदान की स्वीकृति के रूप मेंए इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड;इफ्कोद्ध के प्रबंध निदेशक और सीईओ डॉण् यूणएसणअवस्थी को अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन ;आईसीएद्ध द्वारा प्रतिष्ठित रोशडेल पायनियर्स पुरस्कार औरसहकार भारती द्वाराश्फर्टिलाइजर मैन ऑफ इंडियाश् पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इफ्को भारतीय किसानों को नैनो फर्टिलाइजर जैसी नवीन तकनीकें लगातार उपलब्ध कराकर कृषि और उर्वरक क्षेत्र पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहा है। प्रधानमंत्री के श्सहकार से समृद्धिश्ए श्आत्मनिर्भर भारतश् और श्आत्मनिर्भर कृषिश् के दृष्टिकोण के अनुरूपए इफ्को सहकारी समितियों और किसानों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह संगठन किसानों की आजीविका को बेहतर बनाने और कृषि में देश की आत्मनिर्भरता में योगदान देने के लिए अथक प्रयास करता है। इफ्को ने कृषि में नैनो यूरियाए नैनो यूरिया प्लस ;20ः नाइट्रोजनद्ध और नैनो डीएपी सहित नवीन तकनीकों को पेश किया हैए जिससे रासायनिक उर्वरकों और लागत में कमी करके टिकाऊ खेती को बढ़ावा मिलता है। नैनो कॉपर और नैनो जिंक जैसे उत्पाद भी विकास के चरण में हैं। इस वर्ष भीए इफ्को फूलपुर इकाई चालू वित्तीय वर्ष 2024.25 में 1800 लाख मीट्रिक टन से अधिक उर्वरक का उत्पादन करेगी।

# एसपी चित्रकूट अरूण कुमार को मिलेगा राष्ट्रपति पदक



**चित्रकूट।** जिले के कर्मठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अरुण कुमार सिंह को उल्लेखनीय कार्यो और सराहनीय सेवाओं के लिए भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति पदक के लिए चुना गया है। इस बडी उपलब्धि पर पुलिस विभाग समेत पूरे जिले में खुशी में का माहौल है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम ने भी पुलिस अधीक्षक को इस सम्मान के लिए बधाई दी है। इसके पहले पुलिस अधीक्षक डॉ0 अरुण कुमार सिंह को 2015 में डीजीपी का स्वर्ण पदक प्रशंसा चिन्ह मिल चुका है और बरेली में तैनाती के दौरान उन्हें राष्ट्रपति के हाथों पुलिस का वीरता पदक भी हासिल हो चुका है। 30 साल की लंबी सेवा करके उन्हें शासन द्वारा चित्रकूट में 17 वीं पोस्टिंग पुलिस अधीक्षक के रूप में दी हैं । यहां पर 6 जनवरी 2024 को उन्होने कार्यभार ग्रहण किया था। इसके पहले अलीगढ़,इलाहाबाद, लखनऊ समेत कई जिलों में जनता की सेवा का मौका मिला है। लगभग एक वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने चित्रकूट जिले में कानून व्यवस्था,यातायात समेत विभिन्न मामलों की विवेचना जन समस्या का निराकरण हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यशैली रही है। भारत सरकार ने उनकी अब तक की सेवाओं का परीक्षण कर और विभिन्न एजेंसियों से जांच कराने के पश्चात राष्ट्रपति पदक के लिए उनका चयन किया है ।इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक डा0 अरूण कुमार सिंह स्वयं बेहद प्रफुल्लित हैं। उन्होंने कहा कि वर्दीधारी संगठनों में जो भी सेवा कर रहा है उन्हें इस बात की इच्छा रहती है कि उनके कंधों पर स्टार लगे और रजत पदक,स्वर्ण पदक मिले। हमें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति पदक प्राप्त हुआ। इसके लिए हम चित्रकूटवासियों का आभार व्यक्त करते हैं और भारत सरकार को धन्यवाद देते हैं। यह उपलब्धि भगवान कामतानाथ की कृपा से मिली,उन्हीं की प्रेरणा से जनता की सेवा पूरी निष्ठा से कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

वहीं पुलिस अधीक्षक को बडी उपलब्धि मिलने से आम जनमानस में भी खुशी का माहौल है। नगर पालिका के वरिष्ठ सभासद शंकर यादव, समाजसेवी बीपी पटेल, जानकी प्रसाद सिंह एवं उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रतन पटेल सहित कई मीडिया बंधुओ ने भी पुलिस अधीक्षक को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। सभासद शंकर यादव ने कहा कि यह उपलब्धि हासिल होना पूरे चित्रकूट धाम के लिए और पुलिस विभाग के लिए गौरव की बात है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने अपनी कर्मठता का परिचय देकर पूरे देश में चित्रकूट जनपद का नामरोशन किया है।

# सनातन धर्म एक विराट वट वृक्ष, इसकी तुलना किसी झाड़ और झंखाड़ से नहीं: योगी

● प्रयागराज दौरे पर मुख्यमंत्री ने अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ-योगी महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लिया हिस्सा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ महाकुम्भ नगर



**प्रयागराज** दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ-योगी महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने एक बार फिर महाकुम्भ को एकता का संदेश देने वाला देश और दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन बताया और सनातन धर्म को विराट वट वृक्ष की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म एक विराट वट वृक्ष है। इसकी तुलना किसी झाड़ और झंखाड़ से नहीं होनी चाहिए।

सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के अंदर अन्य संप्रदाय हो सकते हैं, उपासना विधि हो सकती है, लेकिन धर्म तो एक ही है और वह है सनातन धर्म। यही मानव धर्म है। भारत में जितनी भी उपासना विधियां हैं वह अलग पंथ और संप्रदाय की से भले ही जुड़ी हों, लेकिन निष्ठा और आस्था सब की सनातन धर्म से जुड़ी हुई है। सबका उद्देश्य तो एक ही है। इसलिए महाकुम्भ के इस पावन आयोजन पर हम सबको पूरी दुनिया से आए लोगों को एक ही संदेश देना है, जिसके बारे में प्रधानमंत्री जी का कहना है कि महाकुंभ का संदेश, एकता से ही अखंड रहेगा देश।

उन्होंने कहा कि याद रखना, भारत सुरक्षित है तो हम सब सुरक्षित हैं। भारत सुरक्षित है तो हर पंथ, हर संप्रदाय सुरक्षित है और अगर भारत के ऊपर कोई संकट आएगा तो सनातन धर्म पर संकट आएगा। सनातन धर्म पर संकट आएगा तो भारत के अंदर कोई भी पंथ और संप्रदाय अपने आप को सुरक्षित महसूस ना करे। वह संकट सबके ऊपर आएगा, इसलिए संकट की नौबत आने ना पाए, इसके लिए एकता का संदेश आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि इस महाकुम्भ के आयोजन से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। जब पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के दिन कोटि-कोटि श्रद्धालु मां गंगा, मां यमुना, मां सरस्वती की पावन त्रिवेणी के संगम पर डुबकी लगाकर अभिभूत हो रहे थे तब उने जो पॉजिटिव कमेंट्स थे उसने पूरी दुनिया की आंखों को खोलने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार कहते हैं की यह सदी भारत की सदी है, भारत की सदी का मतलब हर एक क्षेत्र में भारत को विकास की बुलंदियों को छूना है। लेकिन हर एक क्षेत्र में देश उन बुलंदियों को तब छुएगा जब उस क्षेत्र से जुड़े हुए प्रतिनिधि अपने दायित्वों का ईमानदार पूर्वक निर्वहन करेंगे।

## सीएम योगी ने की धर्म ध्वजा की पूजा, संतों को प्रसाद ग्रहण कराया

● मुख्यमंत्री ने देश भर से आए सिद्ध योगेश्वरों से की विभिन्न विषयों पर चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ महाकुम्भनगर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ प्रयागराज दौरे पर शनिवार को महाकुम्भ स्थित श्री गुरुगोरक्ष नाथ अखाड़ा भी पहुंचे। यहां उन्होंने धर्म ध्वजा की पूजा की और सभी संतों को प्रसाद गृहण कराया और स्वयं भी प्रसाद भी प्रसाद गृहण किया। इस अवसर पर उन्होंने देश भर से आए सिद्ध योगेश्वरों से विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। योगी महासभा के विशिष्ट उपाध्यक्ष महंत बालक नाथ योगी ने बताया कि यह अखाड़ा स्वयं मुख्यमंत्री जी का है। यह अखाड़ा नाथ सम्प्रदाय का है, गुरु गोरक्षनाथ जी की परंपरा का है। जब से यहां धर्म ध्वजा की स्थापना हुई तब से भारत के विभिन्न स्थानों से सिद्ध योगेश्वर यहां पहुंच रहे हैं। इनके रहने, सोने और प्रसाद की व्यवस्था यहां पर होती है। आज का प्रसाद हमारे अध्यक्ष योगी आदित्यनाथ जी की ओर से था, क्योंकि यह उनका ही अखाड़ा है। सभी साधुओं को प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। मुख्यमंत्री ने धर्म ध्वजा की पूजा भी की और सभी संतों के आर्शिवचन सुनने का मौका प्राप्त किया। उनके द्वारा संतों को प्रसाद भी गृहण कराया गया, जबकि उन्होंने स्वयं भी भंडारे का प्रसाद गृहण किया। इस अवसर पर सभी अखाड़ों के आचार्य महामंडलेश्वर उपस्थित रहे।

# रोजगार सृजन और आर्थिक विकास का माध्यम है पर्यटन: जयवीर

● राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर ब्लॉगर्स, इनफ्लुएंसर्स, स्टेक होल्डर्स सहित अन्य को किया गया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राष्ट्रीय** पर्यटन दिवस के अवसर पर शनिवार को राजधानी लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन के महत्व और विकास के लिए विभाग द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की। मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर के लिए पूरे देश और दुनिया में विख्यात है। मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन क्षेत्र को रोजगार सृजन और आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने कृषि और पर्यटन को मिलकर एक नई राह पर चलने की बात कही।

राज्य में एग्री और रूरल टूरिज्म पर मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्यटन के माध्यम से राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने एक लाख ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का जो लक्ष्य रखा है, उसमें पर्यटन का अहम योगदान होगा। हमारा विश्वास है आदरणीय प्रधानमंत्री के पांच ट्रिलियन इकॉनमी लक्ष्य में पर्यटन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आजादी के 100वें साल में अर्थात 2047 तक अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश पर्यटन महती भूमिका निभाएगा। मंत्री जयवीर सिंह ने कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बदलते दौर में कृषि और पर्यटन साथ मिलकर बढ़ रहे हैं। एग्रो टूरिज्म आने वाले समय में नई ताकत देंगे, यह पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि समय आ गया है कृषि में योगदान देने वाले किसान अब पर्यटन में भी अहम भूमिका निभाएं। पर्यटन नीति के तहत होम स्टे की ओर कदम बढ़ाने वाले किसानों को रियायत दिए जाएंगे। ऐसे किसानों का स्वागत है। जयवीर सिंह बोलेए कोरोना महामारी के बाद लोगों ने गांव का रुख किया तो प्रकृति की महत्ता को समझा। किसान पर्यटन विभाग के साथ जुड़कर काम करें तो उनका भी भला होगा और एग्रो टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा।

जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन आज ऐसी यात्रा पर निकल पड़ा है जिसमें गांव प्राथमिकता पर है। यूपी टूरिज्म नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हम आगे भी विरासत और विकास को साथ लेकर बढ़ेंगे। कार्यक्रम में निम्नलिखित लोगों के बीच पुरस्कार वितरण बेस्ट टूरिज्म विलेज श्रेणी में गोल्ड पुरस्कार जैत गांव मथुरा को, सिल्वर पुरस्कार सेल्हा गांव पीलीभीत को, और ब्रॉन्ज पुरस्कार बुढ़ादाना गांव औरैया को दिया गया। इसके साथ ही मथुरा में संचालित होटल ललिता ग्रैंड के संचालक अजय गुप्ता को कैपिटल सब्सिडी के लिए 9088790 रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया।

# योगी ने श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य विधुशेखर भारती से की भेंट

● 150 वर्षों के बाद श्रृंगेरी पीठ के महाकुम्भ आयोजन में औपचारिक भागीदारी पर जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ महाकुम्भनगर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे पर शनिवार को दक्षिण भारत की श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य जगदगुरु श्रीश्री विधुशेखर भारती जी महाराज से भी भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रृंगेरी पीठ के पूज्य शंकराचार्य के प्रयागराज पधारने से बहुत आनंद की अनुभूति हो रही है। आपके आगमन से महाकुम्भ को पूर्णता मिल रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दक्षिण रीति से स्वागत किया गया और उन्हें कुम्भ के स्वरूप के रूप में नारियल भेंट किया गया। वहीं, मुख्यमंत्री ने भी शंकराचार्य को शॉल ओढ़ाकर और फल भेंटकर अभिनंदन किया। श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य जगदगुरु श्रीश्री विधुशेखर भारती जी महाराज से भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे अंतराल के बाद दक्षिण की श्रृंगेरी पीठ का महाकुम्भ के महाआयोजन में आगमन हो रहा है। इससे महाकुम्भ की शोभा और अधिक बढ़ गई है। यह आनंद का विषय है कि इस महाकुम्भ में श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य 5 दिन का प्रवास करेंगे, यह हमारे लिए आशीर्वाद की तरह है। प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन आपका आभारी है। कुम्भ जैसे आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने में आपकी उपस्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शंकराचार्य को महाकुम्भ की व्यवस्था, संतों की भागीदारी और वैश्विक स्तर पर लोगों के आगमन से जुड़ी सभी जानकारियां प्रदान कीं।

श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य ने मुख्यमंत्री द्वारा महाकुम्भ के विषय में दी गई जानकारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने महाकुम्भ में की गई व्यवस्थाओं और सुविधाओं की भूरि भूरि प्रशंसा की। अपनी सेवा में लगे लोगों को भी उन्होंने आशीर्वाद दिया। शंकराचार्य ने मुख्यमंत्री को दक्षिण पीठ की परंपरा के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 48 वर्ष पहले गुरु के गुरु कुम्भ में अमावस्या के समय एक दिन का स्नान करने के लिए यहां आए थे, लेकिन औपचारिक रूप से दक्षिण से कोई शंकराचार्य 150 वर्षों के बाद महाकुम्भ में सम्मिलित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि 5 दिन के प्रवास के अवसर पर वह शास्त्रार्थ के साथ ही अमावस्या पर शंकराचार्यों के साथ त्रिवेणी संगम स्नान में भी सम्मिलित होंगे। उन्होंने अपने प्रवास और इसके बाद कार्यक्रमों के विषय में भी बताया। इस पर मुख्यमंत्री ने शंकराचार्य से काशी प्रवास के अवसर पर शास्त्रार्थ सभा और प्रवचन करने का भी निवेदन किया। इस पर शंकराचार्य ने भी अपनी सहमित दी। अन्नपूर्णा मंदिर में कार्यक्रम को लेकर भी शंकराचार्य की ओर से सहमति प्रदान की गई।

# झूठ और लूट ही भाजपा का एकमात्र मिशन: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जनता समझ चुकी है कि भाजपा कभी भी सच क्यों नहीं बोलती है। झूठ और लूट ही उसका एक मात्र मिशन है और विकास का उसके पास कोई विजन नहीं है। सत्ता का दुरूपयोग कर भाजपा झूठे आश्वासन देती है और विपक्ष को बदनाम करने के लिए नए-नए बहाने गढ़ती है। अब जनता मिल्कीपुर उपचुनाव सहित 2027 के चुनावों में भी उसे करारी शिकस्त देने का इरादा कर चुकी है। भाजपा जैसे 2017 में प्रदेश की सत्ता में आई थी 2027 में वैसे ही सत्ता से बाहर हो जाएगी।

अखिलेश यादव शनिवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, में कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी तथा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल भी मौजूद थे।

यादव ने कहा कि पांच फरवरी को मिल्कीपुर के उपचुनाव में जनता ने समाजवादी पार्टी पर ही भरोसा करने का मन बना लिया है। यह उपचुनाव जीतना लोकतंत्र के लिए भी आवश्यक है। मिल्कीपुर उपचुनाव के नतीजों का असर अगले विधानसभा चुनाव पर पड़ेगा। यादव ने कहा कि पिछले उपचुनावों की तरह भाजपा प्रशासन तंत्र के दुरूपयोग से मिल्कीपुर में भी चुनाव में गड़बड़ी करने की रणनीति बना रही है। अभी से ग्राम प्रधानों को धमकियां दी जा रही हैं। विपक्षी कार्यकर्ताओं को डराया-धमकाया जा रहा है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लगाए जा रहे है ताकि वे समाजवादी पार्टी के पक्ष में प्रचार न कर सके। लेकिन भाजपा की एक चाल भी कामयाब नहीं हो सकेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की लाख साजिशों के बावजूद जनता की सर्वोपरि ताकत को नकारा नहीं जा सकता है। समाजवादी पार्टी पीडीए के संकल्प के साथ सबको जोड़ने में लगी है। इसके तहत सामाजिक न्याय की सफलता में सबकी भागीदारी रहेगी। समाजवादी पार्टी लोकतंत्र, समाजवाद और संविधान के लिए प्रतिबद्ध है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने समाज को बांटने और नफरत फैलाने के अलावा कुछ नहीं किया है। किसानों, नौजवानों से किए गए वादे उसने पूरे नहीं किए। महिलाओं-बच्चियों के साथ सबसे ज्यादा अपराध उत्तर प्रदेश में हो रहे है। आखिर भाजपा कब तक जनता को धोखा देती रहेगी? सबने तय कर लिया है कि उसे हर हालत में भाजपा सरकार से मुक्ति चाहिए।

# कांग्रेस सरकारों ने ही सबसे ज्यादा संविधान में बदलाव किए: आनंद द्विवेदी

● भाजपा के 'संविधान गौरव अभियान' का समापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी द्वारा भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'संविधान गौरव अभियान' के समापन अवसर पर शनिवार को लखनऊ महानगर में सभी बूथों पर पार्टी पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और संविधान की प्रस्तावना पढ़ी।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कैंट विधानसभा मंडल दो में बूथ संख्या 108 पर आयोजित कार्यक्रम में बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। आनंद द्विवेदी ने अपने संबोधन में कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा संविधान को बचाने की बात करती है, लेकिन वही कांग्रेस सरकारें हैं जिन्होंने सबसे ज्यादा संविधान में बदलाव किए हैं और राज्य सरकारों को बर्खास्त करने के लिए राष्ट्रपति शासन लागू किया है। वहीं, मोदी सरकार ने संविधान में कोई बदलाव नहीं किया, बल्कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत किया। मोदी सरकार गरीबों के लिए मकान बनाने से लेकर इलाज की योजना तक चला रही हैए और सही मायने में बाबा साहब अंबेडकर के सपनों का भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही बना रहे हैं।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया की कार्यक्रम में मानसिंह, हर शरण लाल गुप्ता, राकेश श्रीवास्तवए अशोक तिवारी सहित मंडल अध्यक्ष पाषर्द और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीमा देबनाथ व अनुज पटेल बने कांग्रेस आरटीआई विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग (आरटीआई) के प्रदेश पदाधिकारियों तथा जिला/ शहर अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक विभाग के चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों से उनके द्वारा पिछले एक माह में मांगी गई सूचनाओं की समीक्षा की तथा संगठन को और अधिक गतिशील बनाने की दिशा में उनके सुझाव मांगे। उपस्थित पदाधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट एवं सुझाव चेयरमैन के समक्ष प्रस्तुत किए। बैठक के दौरान श्रीवास्तव ने सूचना का अधिकार विभाग (आरटीआई) संगठन के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों की सराहना की तथा विभाग की प्रदेश महासचिव सीमा देबनाथ एवं अनुज पटेल को पत्र जारी कर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग (आरटीआई) का प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोन्नत करते हुए उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। कांग्रेस संगठन के प्रति निष्ठा, कार्यकुशलता तथा आरटीआई के क्षेत्र में जागरूकता को देखते हुए रंजीत यादव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग के अंतर्गत जनपद फर्रूखाबाद का जिला चेयरमैन मनोनीत किया गया है। बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग आरटीआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव, अमित उठवाल, महेन्द्र श्रीवास्तव, रामानंद राजपूत, किशन कुमार गुप्ता, अयूब अंसारी, राजेन्द्र मौर्या, राजेश कुमार, मंसूर अली सलमानी, मुकेश पाण्डेय, वीरेन्द्र मौर्या आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# यूपी पुलिस के 17 अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रपति का वीरता पदक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## पांच को विशिष्ट सेवाओं और 73 को सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का पदक

**इस** बार गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्वारा प्रदेश पुलिस सेवा के 17 पुलिसजनों को राष्ट्रपति के वीरता पदक से नवाजा गया है। वीरता के लिए पदक पाने वालों में लखनऊ के पुलिस उपायुक्त साउथ निपुण अग्रवाल, गाजियाबाद में तैनात डीएसपी स्वतंत्र कुमार सिंह, सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीना और हमीरपुर की पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा प्रमुख हैं।

इसी तरह पांच पुलिस अधिकारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए और 73 को सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का पदक दिया गया है। इसके अलावा राष्ट्रपति के सराहनीय सेवा पदक से बरेली जोन के एडीजी रमित शर्मा समेत पांच पुलिस अधिकारी और राष्ट्रपति के दीर्घ कालीन सेवा के लिए वाराणसी के आयुक्त मोहित अग्रवाल, आईजी कानून-व्यवस्था एलआर कुमार और एसपी चित्रकूट अरुण कुमार सिंह समेत 73 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित करने की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति के वीरता पदक पाने वालों में निपुण अग्रवाल को गाजियाबाद में तैनाती के दौरान 50 हजार के इनामी अपराधी राजेश दुजाना को मुठभेड़ में मार गिराने के लिए सम्मानित किया गया है। राजेश दुजाना पर 20 से अधिक मुकदमे थे। उनसे गृह मंत्रालय के एक अधिकारी की हत्या की थी।

राजेश दुजाना को मुठभेड़ में मार गिराने वालों में डीएसपी स्वतंत्र कुमार सिंह, सब-इंस्पेक्टर मुनीष सिंह, सिपाही नीरज कुमार प्रमुख थे। राष्ट्रपति का वीरता पदक पाने वालों में एसटीएफ में तैनात इंस्पेक्टर अमित श्रीवास्तव, एसआई अंगद सिंह यादव, नोएडा में तैनात सिपाही देवदत्त सिंह, नोएडा में तैनात सिपाही राजन कुमार व सिपाही रितुल कुमार वर्मा प्रमुख हैं। अमित श्रीवास्तव व अंगद सिंह को वाराणसी में तैनाती के दौरान मुन्ना बजरंगी गैंग के शार्प शूटर व एक लाख रुपये के इनामी बदमाश दीपक वर्मा को मुठभेड़ में ढेर करने के लिए पुरस्कृत किया गया है। इसी तरह सिपाही देवदत्त सिंह, राजन कुमार व ऋतुल कुमार वर्मा को मथुरा में दो लाख रुपये के इनामी बदमाश अनिल उर्फ अमित उर्फ जूथरा को मुठभेड़ में मार गिराने के लिए राष्ट्रपति के वीरता पदक से अलंकृत किया गया है। इसी तरह एसपी सोनभद्र अशोक कुमार मीना को बरेली में तैनात के दौरान सरार्फ से 15 लाख रुपये लूटने के आरोपी दो बदमाशों कपिल व अशोक को मार गिराने के लिए सम्मानित करने की घोषणा की गई है। उनकी टीम में डीएसपी कुलदीप कुमार, इंस्पेक्टर गीतेश कपिल, सिपाही प्रवीण अहलावत शामिल थे। इसी तरह हमीरपुर में तैनात पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा को उनकी टीम के इंस्पेक्टर अब्दुर्रहमान सिद्दीकी, सिपाही संदीप कुमार को गाजियाबाद में एक लाख के इनामी बदमाश अवनीश उर्फ बिल्लू दुजाना को मुठभेड़ में मारने के लिए सम्मानित किया गया है। वहीं हाथरस में एक लाख के इनामी बदमाश मोती को ढेर करने के लिए इंस्पेक्टर रिपुदमन सिंह को भी राष्ट्रपति के वीरता पदक से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति के पदक से बरेली जोन के एडीजी रमित शर्मा, डीएसपी युद्धवीर सिंह, दिलीप सिंह, ब्रह्मदेव शुक्ला और सब-इंस्पेक्टर नारायण सिंह यादव सम्मानित किए गए हैं। इसके अलावा सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति के पदक से एडीजी आयुक्त वाराणसी मोहित अग्रवाल समेत 73 पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है। इसी तरह राष्ट्रपति द्वारा अग्निशमन सेवा के 16 अधिकारियों-कर्मचारियों को वीरता पदक और पांच अधिकारियों-कर्मचारियों को सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति के पदक से नवाजा गया है।

## 710 पुलिसजनों को डीजीपी का सेवा सम्मान चिन्ह

**लखनऊ।** गणतंत्र दिवस के मौके पर डीजीपी प्रशांत कुमार की ओर से 710 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को शौर्य और सेवा अभिलेख के आधार पर सेवा सम्मान चिन्ह से सम्मानित किया जाएगा। सेवा अभिलेख के आधार पर 43 पुलिस अधिकारी कर्मचारी उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, तीन पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को शौर्य के आधार पर उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह से नवाजा गया है। इसी तरह 180 पुलिस कर्मियों को सेवा अभिलेख के आधार पर डीजीपी के सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, 21 पुलिस कर्मियों को शौर्य के आधार पर सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, 25 को शौर्य के आधार पर डीजीपी का प्रशंसा चिन्ह प्लेटिनम, दस को सेवा अभिलेख के आधार पर प्रशंसा चिन्ह गोल्ड, शौर्य के आधार पर 64 पुलिस कर्मियों अधिकारियों को गोल्ड प्रशंसा चिन्ह से सम्मानित किया गया है। इसी तरह 85 पुलिस कर्मियों को सेवा अभिलेख के आधार पर प्रशंसा चिन्ह सिल्वर और शौर्य के आधार पर 279 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को डीजीपी के प्रशंसा चिन्ह गोल्ड से नवाजा गया है।

## 10 पुलिस कर्मियों को सीएम का वीरता पदक व छह को प्रशस्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गणतंत्र** दिवस के मौके पर उच्च साहसिक कार्यों के लिए दस पुलिस कर्मियों को मुख्यमंत्री का वीरता पदक तथा साहसिक कार्यों के लिए छह पुलिस कर्मियों को मुख्यमंत्री का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। वीरता पदक पाने वालों में एसटीएफ के इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह, जौनपुर के इंस्पेक्टर आदेश कुमार त्यागी, गाजियाबाद के आरक्षी विवेक भारद्वाज, एसटीएफ के हेडकांस्टेबल कुलदीप सिंह इंस्पेक्टर महावीर सिंह, सब इंस्पेक्टर दीपक सिंह, आगरा के सब इंस्पेक्टर सुमनेश कुमार, सब इंस्पेक्टर सचिन धामा और हेडकांस्टेबल अरविंद कुमार शामिल हैं। जिन पुलिस जनों को मुख्यमंत्री का प्रशस्ति पत्र मिलेगा उनमें आगरा के आरक्षी मुकुल शर्मा, जालौन के इंस्पेक्टर शिव कुमार सिंह राठौर, इंस्पेक्टर सतेन्द्र सिंह यादव, सब इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह, बिजनौर के इंस्पेक्टर मामचन्द्र और सब इंस्पेक्टर शौकत अली शामिल हैं।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित

## जिलाधिकारी ने दिलाई शपथ

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जिलाधिकारी**/जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों, छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई गई कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतन्त्र्य निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना के लिए हम सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए।

जिलाधिकारी ने पन्द्रहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बताया कि भारत के गणतंत्र बनने के 01 दिन पहले 25 जनवरी, 1950 को भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना हुयी थी। इस समय जनपद में 1577 मतदेय स्थल एवं 1140 मतदान केन्द्र हैं जिनपर मतदान करने हेतु अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर जनपद में पुरुष मतदाता .715542, महिला मतदाता.618343 एवं थर्ड जेण्डर के 41 मतदाता कुल 1333926 मतदाता हैं। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों में 11302 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं जिनमें पुरुष 6989, महिला मतदाता 4312 एवं थर्ड जेण्डर 01 है। जनपद का ईपी रेशियों 64.81 एवं जेण्डर रेशियो 864 है। अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में 9728 नये मतदाता जोडे गये हैं तथा 4244 मतदाताओं के नाम काटे गये हैं। इस वर्ष भारत निर्वाचन आयोग की थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं. वोट जरूर डालेंगे हम' है।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमारए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्तए सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत पाण्डेय सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र.छात्रा उपस्थित रहे।

# उत्साह, उल्लास, उमंग के साथ मना राष्ट्रीय मतदाता दिवस

## बेहतरीन कामकाज वाले बीएलओ, सुपरवाइजर पुरस्कृत

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**खीरी** में जिला, तहसील, बूथ स्तर पर उत्साह उल्लासए उमंग से शनिवार को '15वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस' मना। 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र की सौगात मिली। बेहतरीन कामकाज वाले 40 बीएलओ, आठ सुपरवाइजर, डायट, उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा स्तर पर हुई मतदाता जागरूकता प्रतियोगिताओं के 27 विजेताओं को सम्मानित किया गया। छह वरिष्ठ नागरिक, 12 दिव्यांग मतदाताओं को माल्यार्पण एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में डीईओ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का भव्य आयोजन हुआए जिसका शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा ने



एडीएम संजय सिंहए एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह के साथ दीप जलाकर किया। वर्ष में किये गए विभिन्न कार्यक्रम से संबंधित फोटोग्राफ एवं पेपर कैटिंग की प्रदर्शनी का फीताकाट कर शुभारंभ किया गयाए कार्यक्रम की शुरुआत में एडीएम संजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों, नवीन मतदाताओं, स्कूली छात्र छात्राओं एवं आम नागरिकों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई। डीएम ने कहा कि हमें मतदान के मूल्यवान अधिकार का हमेशा सम्मान करना चाहिए। मतदान का अधिकार कोई साधारण अधिकार नहीं हैं, इसके लिए दुनिया भर के लोगों ने काफी संघर्ष किया है। आजादी के बाद से हमारे संविधान ने बिना किसी भेदभाव के सभी नागरिकों को समान मतदान का अधिकार दिया है। इसके लिए हम अपने संविधान निर्माताओं के ऋणी हैं। उन्होंने पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से पूरे उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया और कहा कि युवा मतदान करके और अपने साथियों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2011 से हर साल 25 जनवरी को भारत के चुनाव आयोग के स्थापना दिवस यानी 25 जनवरी 1950 को पूरे देश में मनाया जाता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का मुख्य उद्देश्य प्रोत्साहित करना हैए सुविधा और नामांकन को अधिकतम करना, विशेष रूप से नए मतदाताओं के लिए। देश के मतदाताओं को समर्पितए इस दिन का उपयोग मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाने और चुनावी प्रक्रिया में सूचित भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। पहली बार मतदान करने का अधिकार पाने वाले हम सबकीए खासकर हमारे युवाओं की यह जिम्मेदारी है कि वे पूरी ईमानदारी से अपने मताधिकार का प्रयोग करें और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें।

इस कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी अश्विनी कुमार सिंहए रेनू मिश्रए अमिता यादवए तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा सभी तहसीलों में संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में व्यापक मतदाता दिवस का आयोजन हुआ।

# तीन सप्ताह मनाया जाएगा मन-चेतना दिवस

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** आलोक सिंह के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके सिंह ने बताया कि जनपद में मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेजध्जिला चिकित्सालय में सप्ताह में 03 दिन मन.चेतना दिवस मनाया जाएगाए जिसमें बाह्य रोगी सेवा (ओपीडी) में आने वाले मरीजों के मानसिक स्थिति का आकलन परामर्श के दौरान किया जाएगा तथा मानसिक रोग से राम्बन्धित बीमारी पाये जाने पर समुचित उपचार भी कराया जाएगा। जनपद स्थित सभी सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मन.चेतना दिवस के रुप में प्रत्येक गुरुवार को बाह्य रोगी सेवा (ओपीडी) में आने वाले मरीजों के मानसिक स्थित का आकलन परामर्श के दौरान किया जाएगा एवं मानसिक रोग से सम्बन्धित बीमारी पाये जाने पर समुचित उपचार भी कराया जाएगा तथा आवश्यकता पडने पर प्राथमिक उपचार किये जाने के उपरान्त मेडिकल कालेजध्जिला चिकित्सालय स्तर पर सन्दर्भित किया जाएगा।

मानसिक बीमारी परेशानी से बचने हेतु सुझाव.चिकित्सक की सलाह के बिना औषधि न लें। क्रोध, भय, चिन्ता, अपराध बोध या उदासी या खुशी की लगातार की अनुभूति होने पर नजदीकी सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परामर्श प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें। कार्यस्थल पर दैनिक/कार्यालयों के कार्यों को लेकर अत्यधिक तनाव न लें। सामाजिक मेल जोल बनाकर रखेंए जिससे तनाव से बचा जा सकें। स्पष्ट रूप से सोचने एवं दैनिक कार्यकलापों को करने में कठिनाई आ रही है तो अपने नजदीकी सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परामर्श प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें। बार बार एवं अतार्किक (गलत) विचारों को न आने दें।

# थाना दिवस में आई चार शिकायतें, नहीं हो सका निस्तारण



**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज

## ● शिकायतों का निस्तारण न होने से फरियादियों में निराशा देखी गई

**शासन** के निर्देश पर कोतवाली परिसर में छिबरामऊ तहसीलदार की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल चार शिकायतें दर्ज की गईं। लेकिन संबंधित विभागों और पुलिस की मौजूदगी के बावजूद इनमें से किसी भी शिकायत का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका। शनिवार को स्थानीय कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में छिबरामऊ तहसीलदार अभिनव कुमार वर्मा ने शिकायतकर्ताओं की तीन राजस्व व एक पुलिस संबन्धित समस्याएं सुनीं और संबंधित राजस्व व पुलिसकर्मियों को समयबद्ध तरीके से शिकायतों का समाधान करने का निर्देश दिया। वहीं प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे ने शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। हालांकि शिकायतों का निस्तारण न होने से फरियादियों में निराशा देखी गई। कई शिकायतकर्ताओं ने शिकायत की कि उनके मामले में अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे। इस दौरान राजस्व निरीक्षक प्रेम कृष्ण मिश्रा, कस्वा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक सुनील चौधरी, राजेश प्रताप सिंह, रावेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार सहित लेखपाल कौशल पाण्डेय, अतुल प्रताप सिंह, कुलदीप यादव, रोहित यादव आदि मौजूद रहे।

## शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न मतदाताओं को किया जागरुक

**मौदहा,** हमीरपुर। .शासनादेशों का पालन करते हुए कस्बे में मतदाता जागरूकता अभियान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम कस्बे में जोरदारी से सरकारी संस्थानों में चल रहा है वहीं स्कूली छात्राओं ने जागरूकता अभियान की रैली कस्बे में निकाल कर मतदाताओं से मतदान में भाग लेने की अपील की। जानकारी के अनुसार कस्बे की राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बैनर एवं तक्तियां ले कर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए रैली निकाली। स्लोगन में लिखा आंधी रोटी खाएंगे वोट डालने जाएंगे सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो लेकर नगर में प्रभात फेरी निकालते हुए नगर वासियों को मतदान के लिए जागरूक किया गया इसी प्रकार कस्बे के नगर पालिका परिषद में वार्ड मेंबर की मौजूदगी में अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर ने कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए मतदान में सहभागिता निभाने की अपील की कोतवाली परिसर में थाना प्रभारी की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## क्विक न्यूज

### रिमझिम इस्पात फैक्ट्री में विस्फोट से चार मजदूर झुलसे

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** शनिवार की सुबह कस्बे की रिमझिम इस्पात फैक्ट्री की भट्टी में स्क्रेप गलाते समय हुए विस्फोट से चार मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। दो मजदूरों को गंभीर हालत में सदर अस्पताल से कानपुर रेफर दो मजदूरों का उपचार फैक्ट्री के अस्पताल में चल रहा है। कस्बे के उद्योग नगरी में संचालित रिमझिम इस्पात लिमिटेड की 40 टन वाली भट्टी में स्क्रैप गलाते समय सुबह विस्फोट हो गया। इसकी चपेट में आकर रामपाल निवासी पंधर बिजभान ; निवासी झूसी प्रयागराज विश्वनाथ महतो निवासी गोपालगंज बिहार हीरा यादव निवासी सुरहा थाना चांद कैमुर भभुआ गंभीर रूप से झुलस गए। साथ ही आसपास मौजूद अन्य आधा दर्जन मजदूर छींटे पड़ने से मामूली रूप से जख्मी हो गए। रामपाल और बिजभान को सदर अस्पताल ले जाया गया। दोनों की हालत गंभीर होने पर हैलेट कानपुर रेफर किया गया है। विश्वनाथ एवं हीरा यादव का उपचार फैक्ट्री के अस्पताल में चल रहा है। फैक्ट्री मैनेजर मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि दो लोग घायल हुए हैं। दोनों को इलाज के लिए कानपुर भेजा गया है। फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राजवीर के अनुसार चार मजदूर घायल हुए है। दो को कानपुर भेजा गया है दो का उपचार फैक्ट्री के अस्पताल में चल रहा है ।

### नशेड़ी पति से आहत महिला ने फांसी लगाकर जान दी

**राठ।** पति के जुआ शराब व मारपीट से आहत महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक के भाई ने ससुरालियों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मुस्करा थाने के बंडवा गांव निवासी 35 वर्षीय दयावती पत्नी राजेन्द्र ने शुक्रवार की दोपहर 12 बजे पति के जुआ शराब व मारपीट से आहत होकर कमरे में रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। जब तक स्वजनों ने महिला को नीचे उतारा। तब तक उसकी मौत हो गई थी। मृतक के भाई सुरेन्द्र निवासी नघरा घाट थाना पनवाड़ी ने बताया कि उसके बहनोई शराब व जुआ खेलने के आदि है। शराब के नशे में उसकी बहन के साथ आए दिन मारपीट करते हैं। बताया कि उसकी बहन को मारपीट कर फांसी पर लटका दिया गया है। मृतका अपने पीछे दो पुत्र एक पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गई है। मृतका के ससुर के नाम आठ बीघा जमीन थी। खेती कर परिवार का भरण.पोषण करती थी।

### बाइक रैली निकालकर यातायात के प्रति लोगों को किया जागरूक

**सुमेरपुर।** यातायात माह के अंतर्गत शनिवार को जेके सीमेंट की ओर से जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। इसके बाद इंगोहटा के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया गया। यातायात माह के अंतर्गत जेके सीमेंट की ओर से आयोजित बाइक रैली को एआरटीओ अमिताभ राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली जेके सीमेंट से हाईवे से गुजरकर इंगोहटा गांव पहुंची। यहां पर कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में विपुल कुमारए नीरज आदि ने नुक्कड़ नाटक का मंचन करके हादसों के प्रति जागरूक किया। गोष्ठी को एआरटीओ अमिताभ रायए पीटीओ चंदन पांडे आदि ने संबोधित करके लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी।

### दो ट्रकों की भिड़ंत में दो घायल,एक सदर अस्पताल में भर्ती

**मौदहा, हमीरपुर।** .सड़क सुरक्षा अभियान के चलते भी घटना थमने का नाम नहीं ले रहे हैं शनिवार की दोपहर नेशनल हाईवे में दो ट्रैकों की आपस में भीषण भिड़ंत हो जाने पर दो युवक घायल हो गए लहू लुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत एक युवक की हालत में सुधार न होने पर सघन इलाज हेतु सदर अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार छिरका गांव के निकट कुशवाहा ढाबा के पास दो ट्रैकों में आमने.सामने जबरदस्त भिडंत हो गई दो युवक की घायल हुए जिसमें मोहित निवासी कुआंबारी जिला महोबा,. विशाल कुमार बांगरमऊ जिला उन्नाव घायल हो गए दोनों घायलों को लहू लुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत मोहित की तबीयत में सुधार न होने पर सघन इलाज हेतु चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### एसपी को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

**फतेहपुर।** शटरिंग कारोबारी ने एक आर्किटेक पर उससे ली गई शटरिंग व पैसा न दिए जाने का आरोप लगाया। पीड़ित शटरिंग कारोबारी ने एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। शहर के सैय्यदवाड़ा मुहल्ला निवासी अजरूद्दीन पुत्र रियाजुद्दीन ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह शटरिंग का कारोबार करता है। शहर के पनी मुहल्ला निवासी एक आर्किटेक से उसकी मुलाकात हुई। ठेकेदार ने बताया कि वह बिल्डिंग निर्माण का ठेका लेता है। अपनी शटरिंग दे दो। 35 रूपए स्क्वायर फिट की दर से पैसा देने की बात कही। जिस पर वह तैयार हो गया और अपनी शटरिंग आर्किटेक को दे दी। आर्किटेक ने उसकी शटरिंग से साढे चार लाख रूपए का कार्य किया। लेबर को तीन लाख रूपए अदा कर दिए। डेढ़ लाख रूपए शेष रह गया। कई बार तगादा किया लेकिन आर्किटेक ने भुगतान नहीं किया। इस दौरान उसे सूचना मिली कि शटरिंग बांदा में निर्माणाधीन बिल्डिंग में लगी है। जिस पर वह जुलाई 2024 में बांदा गया। जहां देखा कि उसकी शटरिंग लगी है जिसका फोन उठाना बंद कर दिया। आर्किटेक उसकी पांच लाख रूपए की शटरिंग व दो लाख रूपए हड़प करना चाहता है। जब आठ दिसंबर 2024 को आर्किटेक के घर तगादा करने गया तो वहां मौजूद आर्किटेक ने उसे धमकाया कि उसका भाई वकील है। दोबारा पैसा या शटरिंग मांगी तो झूठे मुकदमें में जेल भिजवा देगा। जिससे वह डर व सहम गया है। पीड़ित शटरिंग कारोबारी ने एसपी से गुहार लगाई कि शटरिंग के साथ ही उसका शेष दो लाख रूपए आर्किटेक से दिलवाकर एफआईआर दर्ज किए जाने का आदेश दिया जाए।

### अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय ग्राम नरूआ बिल्हौरए कानपुर नगर में शैक्षणिक सत्र 2025.26 में कक्षा 06 मे 140 सीटों ;70 छात्र एवं 70 छात्राओंद्ध व कक्षा 09 में 140 सीटों (70 छात्र व 70 छात्राओं) मे प्रवेश हेतु पात्र अभ्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किये गये है। प्रवेश हेतु आवेदन पत्र सहायक श्रमायुक्त उपायुक्त मनरेगा जिला विद्यालय निरीक्षक जिला प्रोबेशन अधिकारीए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारीए के कार्यालय कानपुर देहात से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते है। इसके अतिरिक्त सम्बन्धित जिले की एनआईसी बेवसाइट से भी डाउनलोड किये जा सकते है। पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र समस्त वाछिंत अभिलेखों सहित दिनांक 31.01.2025 सायं 5 बजे तक सम्बन्धित जनपद के श्रम विभाग कार्यालय में जमा कराये जा सकते है।

### छात्रा समेत किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत छात्रा समेत दो लोगों ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के बेहटा गांव निवासी रामभवन की 16 वर्षीय पुत्री तन्नु राजकीय इंटर कालेज मलवां में 12 वीं कक्षा की छात्रा थी। बताते हैं कि शनिवार की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे घर के अंदर उस वक्त फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब घर के सभी लोग खेतों में काम करने गए थे। इसी प्रकार गाजीपुर थाना क्षेत्र के सेमरामऊ गांव निवासी नरेश यादव की 15 वर्षीय पुत्री बबली ने संदिग्ध अवस्था में बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शवों को विच्छेदन गृह भेज दिया। छात्रा व किशोरी की आत्महत्या का कारण परिजनों ने बताने में असमर्थता जताई।


# दो पहिया से सफर पर निकलने वाले हो जाएं सावधान, बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल

## ● गणतंत्र दिवस पर पूरे जिले में लागू होगा नो हेलमेट नो पेट्रोल का नियम

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**सड़क** हादसों और मौतों की बढ़ती संख्या को देखते हुएए जिले में 26 जनवरी से श्नो हेलमेटए नो पेट्रोलश् नीति लागू की गई है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए जिले में 26 जनवरी से नो हेलमेटए नो पेट्रोल की व्यवस्था लागू कर दी है।

इस व्यवस्था को धरातल पर लागू करने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा जागरूकता अभियान चलाने के साथ साथ पेट्रोल पंपों पर जागरूकता बैनर भी लगाए गए हैं। प्रशासन के सख्त




निर्देश प्राप्त होने के बाद पेट्रोल पंप कर्मचारियों द्वारा वाहन स्वामियों को 26 तारीख से हेलमेट के बिना पेट्रोल ना मिलने की भी जानकारी दी जा रही है। पेट्रोल पंप पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा दुपहिया वाहनों को हेलमेट पहनने की सलाह दी जा रही है वहीं हिदायत भी किया जा रहा है कि 26 जनवरी के बाद बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं मिलेगा।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशानुसार बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालकों और उनके साथ बैठने वाले यात्रियों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। पेट्रोल पंप संचालकों को अपने परिसर में श्नो हेलमेट नो फ्यूलश् के बड़े होर्डिंग्स लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ हीए सभी पेट्रोल पंपों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना और उन्हें हमेशा चालू रखना अनिवार्य किया गया हैए ताकि किसी विवाद की स्थिति में फुटेज की मदद से मामले का निपटारा किया जा सके।

# गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत जनपद में धारा 163 लागू

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**26** जनवरी को गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत जनपद में लोक व्यवस्थाध्शांति व्यवस्था एवं जन सुरक्षा बनाये रखना अति आवश्यक है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) कानपुर देहात भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 बीएनएसएस में विहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोक व्यवस्था शान्ति व्यवस्था जन सुरक्षा एवं जनजीवन को सामान्य बनाये रखने की दृष्टि से जनपद की सम्पूर्ण सीमा में इसके अन्तर्गत पड़ने वाले समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु निम्नलिखित निषेधाज्ञाएं पारित करता हूँ जनपद कानपुर देहात में किसी भी व्यक्ति/संस्था/संगठन द्वारा किसी कार्यक्रम/माध्यम से साम्प्रदायिक सद्भाव व सामाजिक सौमनस्य को बिगाड़ने का प्रयास नहीं किया जायेगा। जनपद में कोई भी ड्रोन कैमरा का प्रयोग सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त किये बिना नहीं करेगा, किन्तु सुरक्षा एजेन्सियां इससे मुक्त रहेंगी। ड्यूटी पर तैनात शासकीय कर्मचारियों/ अधिकारियों और अन्य कर्मियों जो शासकीय अस्त्र.शस्त्र धारण करने हेतु अधिकृत है, को छोड़कर कोई भी व्यक्ति आग्नेय अस्त्रए विस्फोटक पदार्थ, लाठी बल्लम, भाला अथवा तेज धार वाले हथियार लेकर सार्वजनिक रूप से न तो विचरण करेगा और न ही किसी प्रकार से ऐसे अस्त्र-शस्त्रों का प्रदर्शन करेगा। किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्ति ऐसे व्यक्तियों के समूह के साथ सम्मलित नहीं होगा, जिसका उद्देश्य किसी विधि विरुद्ध गतिविधि में भाग लेना हो। मा. न्यायालय के निर्णय के विरूद्ध किसी भी प्रकार की टीका टिप्पणी नहीं की जायेगी। कोई भी व्यक्ति बिना लाइसेन्स तेजाब व अन्य कोई पदार्थ जो विस्फोटक सामग्री की श्रेणी में आता है एकत्रित नहीं करेगा। साथ ही कंकड़, पत्थर, खाली बोतलों, शीशे के टुकडे आदि ऐसी सामग्री का संग्रह, जिसका प्रयोग लोक व्यवस्था, कानून व्यवस्था एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने के लिए हो सकता है। अपने भवनों छतों अन्य स्थानों आदि पर कहीं नहीं करेगा और न ही रखेगा। किसी व्यक्ति संगठन द्वारा ऐसा कोई कार्यक्रम सार्वजनिक ध् निजी स्थल पर आयोजित नहीं किया जायेगा, जिससे किसी जाति पंथ संगठनध्धर्म के अनुयायियो/ व्यक्तियों की भावनाओं को आघात पहुंचे और साम्प्रदायिक/धार्मिक उन्माद की स्थिति उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था/दल/संगठन बिना पूर्व अनुमति कोई सभा सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित नहीं करेगा और पूर्व प्रदत्त अनुमति में उल्लिखित निर्धारित स्थलए मार्ग व अवधि नही बदलेगा तथा नही सभा में किसी प्रकार का भड़काऊ अमर्यादित भाषण करेगा किसी का पुतला नहीं जलायेगा एवं उसके सार्वजनिक स्थानों पर जलाने और इस प्रकार के अन्य कार्यों व प्रदर्शनों का समर्थन नहीं करेगा।

# चाहे नर हो या नारी मतदान है सबकी जिम्मेदारी



## ● राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज ने निकाली रैली

**संवाददाता।** फतेहपुर

**राष्ट्रीय** मतदाता दिवस पर सरस्वती बाल मंदिर इण्टर कालेज रघुवंशपुरम ने वृहद जन जागरूकता रैली निकाली। रैली का मुख्य उद्देश्य सुदृढ़ लोकतंत्र के माध्यम से अक्षुण्य गणतंत्र की स्थापना रहा। रैली में सबसे आगे विभिन्न प्रान्तों की वेशभूषा में सुसजित बालिकाएँ, भारत की विविधता में एकता का परिचय दे रहीं थी। विशेष सुर-ताल के साथ नन्हें-मुन्हें बच्चों की बैण्ड की तीन टीमें पूरे जुलूस में आकर्षण का केन्द्र बनी रही। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए छात्र-छात्राएं जोशीले नारे बनो देश के भाग्यविधाता अब जागो प्यारे मतदाता, हमारा गौरव हमारी शान चालों करें मतदान, चाहे नर हो या नारी मतदान है सबकी जिम्मेदारी लगा रहे थे। इसके अलावा गणतंत्र पर्व की पूर्व संध्या पर छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए उनके सम्मान में जोशीले उद्घोष अमर शहीदों का बलिदान-याद रखेगा हिन्दुस्तान, अमर शहीदों अमर रहो, जन-जन ने ठाना है भारत समृद्ध बनाना है करते हुए रैली में चल रहे थे।

# उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस



**खागा (फतेहपुर)।** तहसील सभागार में उपजिलाअधिकारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रजवलित कर मतदाता दिवस मनाया। जिसमें कई स्कूल के बच्चों ने भाग लिया और मंच पर नाटक प्रस्तुत किया। खागा उपजिलाधिकारी अभिनीत कुमार ने महिला मतदाता शान्ति देवी उम्र लगभग 92 वर्ष व राम चरन उम्र 85 वर्ष और मूल चन्द्र दिव्यांग खागा निवासी को अंग वस्त्र देकर समानित किया। और बच्चों को निर्वाचन पत्र दे कर समानित किया। उपजिलाधिकारी अभिनीत कुमार ने मंच के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि आप सभी लोग अपना-अपना मत का मतदान करें। तहसीलदार ईवेंद्र कुमार ने मंच के माध्यम से कहा कि कहा कि कस्बे के विद्यालयों से आए हुए बच्चों को मतदाता जागरूक सहयोग करने में विद्यालयों के बच्चों की सराहना की। नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी ने मंच के माध्यम से मतदाताओं को अधिक से अधिक अपने मत का मतदान करने को कहा। इस मौके पर तहसीलदार ईवेंद्र कुमार, न्यायिक तहसीलदार जगदीश सिंह, नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी, लेखपाल दिनेश सिंह, प्रांजुल सिंह, कुलदीप उत्तम, कमल अनिल कुमार, कैसर परवीन, गरिमा सिंह, दीपाली गुप्ता, स्टेनो शैलेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार मिश्रा, संदीप कुमार कश्यप, शिक्षक नवल किशोर वर्मा, भोला सिंह सहित तहसील परिसर स्टाफ एवं नागरिक मौजूद रहा।

# सीडीओ की पहल से महिलाएं बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल

**लखीमपुर खीरी।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर लखीमपुर खीरी में सीडीओ अभिषेक कुमार द्वारा मिशन स्वावलंबन की प्रेरणादायक शुरुआत की गई। इस अनूठी पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके हुनर को नई पहचान दिलाना है। पहल के तहत ब्लॉक लखीमपुर की 40 महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने ग्राम पंचायत ओदराहना में मिशन स्वावलंबन के तहत एक वर्किंग स्पेस का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा यह पहल न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है बल्कि इससे उनके आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा श् सीडीओ ने आगे बताया कि इस मिशन के तहत जिले के प्रत्येक ब्लॉक में चार-चार वर्किंग स्पेस स्थापित किए जाएंगे।



ओदराहना से शुरू हुई इस पहल को जल्द ही अन्य ब्लॉकों में भी लागू किया जाएगा। ग्राम ओदराहना में एक जर्जर भवन को चिन्हित कर उसे वर्किंग स्पेस में तब्दील किया गया। भवन का जीर्णोद्धार कर इसे महिलाओं के लिए सुरक्षित और संगठित बनाया गया है। यहां 40 स्वयं सहायता समूह की महिलाएं संगठित रूप से काम करेंगी। इन्हें सिलाई-कढ़ाई की टूलकिट और प्रशिक्षण प्रदान किया गया है जिससे वे अपने हुनर को स्वरोजगार में बदल सकें।

# उत्तराखंड : तैनाती पर रहने वाले सैनिक यूसीसी के तहत कर सकेंगे प्रिविलेज्ड वसीयत

**देहरादून ( भाषा )।** उत्तराखंड में जल्द लागू होने वाले समान नागरिक संहिता (यूसीसी) अधिनियम में सैनिकों के लिए प्रिविलेज्ड वसीयत का प्रावधान किया गया है जिसके तहत वे अपनी वसीयत अपने हाथ से लिख या मौखिक रूप से निर्देशित करके भी तैयार कर सकते हैं। राज्य में सशस्त्र बलों में उत्कृष्ट योगदान देने की परंपरा के मद्देनजर किए गए प्रिविलेज्ड वसीयत के प्रावधान के अनुसार सक्रिय सेवा या तैनाती पर रहने वाले सैनिक, वायुसैनिक या नौसैनिक अपनी वसीयत को सरल और लचीले नियमों के तहत भी तैयार कर सकते हैं-चाहे वह हस्तलिखित हो, मौखिक रूप से निर्देशित की गई हो, या गवाहों के समक्ष शब्दश: प्रस्तुत की गई हो। इस प्रावधान का मूल उद्देश्य यह है कि कठिन व उच्च-जोखिम वाली परिस्थितियों में तैनात सैनिक भी अपनी संपत्ति-संबंधी इच्छाओं को प्रभावी ढंग से दर्ज करा सकें। उदाहरण के लिए अगर कोई सैनिक स्वयं अपने हाथ से वसीयत लिखता है, तो उसके लिए हस्ताक्षर या साक्ष्य (अटेस्टेशन) की औपचारिकता आवश्यक नहीं होगी, बशर्ते यह स्पष्ट हो कि वह दस्तावेज उसी की इच्छा से तैयार किया गया है।

इसी तरह, यदि कोई सैनिक मौखिक रूप से दो गवाहों के समक्ष अपनी वसीयत की घोषणा करता है तो उसे भी प्रिविलेज्ड वसीयत माना जाएगा। हालांकि, यह एक माह बाद स्वत: अमान्य हो जाएगी यदि वह व्यक्ति तब भी जीवित है और सक्रिय सेवा जैसी उसकी विशेष सेवा-स्थितियां समाप्त हो चुकी हैं। उत्तराखंड में यूसीसी अधिनियम को लागू करना प्रदेश में 2022 में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा किए गए प्रमुख वादों में से एक है। मार्च में दोबारा सत्ता संभालते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में मंत्रिमंडल की पहली ही बैठक में यूसीसी प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए उसका मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति के गठन पर मुहर लगा दी गई थी। उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में 27 मई 2022 को गठित विशेषज्ञ समिति ने लगभग डेढ़ साल की मेहनत से तैयार अपनी रिपोर्ट दो फरवरी 2024 को राज्य सरकार को सौंपी जिसके बाद मार्च 2024 में राज्य विधानसभा ने इसे पारित कर दिया। उसके बाद 12 मार्च 2024 को राष्ट्रपति ने भी उसे अपनी मंजूरी दे दी जिसके बाद वह अधिनियम बन गया। यूसीसी अधिनियम लागू होने के बाद उत्तराखंड स्वतंत्र भारत का ऐसा पहला राज्य होगा जहां सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून होगा। मुख्यमंत्री पहले ही इसे जनवरी में लागू करने की घोषणा कर चुके हैं।

# मतदाताओं को भेदभाव, प्रलोभन से ऊपर उठना चाहिए : द्रौपदी मुर्मू

**नई दिल्ली( भाषा )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि मतदाताओं में लोकतंत्र में आस्था के अलावा यह दृढ़ संकल्प होना चाहिए कि वे संकीर्णता, भेदभाव और प्रलोभन से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। राष्ट्रीय राजधानी में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि प्रबुद्ध मतदाता लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में सुधार लाने और इसे अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नई प्रौद्योगिकियों एवं सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करने के लिए निर्वाचन आयोग की तारीफ की।



कार्यक्रम में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसएस संधू तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। मुर्मू ने कहा कि उन्हें यकीन है कि भारतीय लोकतंत्र वैश्विक समुदाय के लिए मिसाल कायम करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में आस्था के अलावा मतदाताओं में यह दृढ़ संकल्प होना चाहिए कि वे अपने मताधिकार का इस्तेमाल करते समय संकीर्णता, भेदभाव और प्रलोभन से ऊपर उठकर फैसला लेंगे... प्रबुद्ध मतदाता लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि चुनावों में भारत के समावेशी लोकतंत्र की प्रभावशाली झलक दिखाई देती है। उन्होंने मतदान में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को समाज और देश के समग्र विकास का सूचक करार दिया।

मुर्मू ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने 85 साल और उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों, दिव्यांगों और दूरदराज के इलाकों में रहने वाले आदिवासी मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के वास्ते विशेष प्रयास किए हैं। कार्यक्रम में कानून मंत्री मेघवाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एवं सेवा शर्तों के संबंध में एक कानून पारित किया गया है। उन्होंने याद दिलाया कि नए संसद भवन में पारित होने वाला पहला विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने से संबंधित था।

मेघवाल ने कहा कि एक देश, एक चुनाव की अवधारणा पर आधारित विधेयक नरेन्द्र मोदी सरकार की ओर से लाया गया एक और सुधार है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने पहली बार 1983 में अपनी पहली वार्षिक रिपोर्ट में यह विचार पेश किया था और संबंधित विधेयक को व्यापक विचार-विमर्श के लिए दोनों सदनों की संयुक्त समिति के पास भेजा गया है। मेघवाल ने विश्वास जताया कि एक साथ चुनाव से सुशासन कायम होगा। कार्यक्रम में मुर्मू ने राज्यों और जिलों के उन अधिकारियों को सर्वश्रेष्ठ चुनावी अभ्यास पुरस्कार प्रदान किया, जिन्होंने चुनावों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने में उल्लेखनीय प्रदर्शन दिया। इस दौरान, राष्ट्रपति को इंडिया वोट्स 2024 : अ सागा ऑफ डेमोक्रेसी की पहली प्रति भी भेंट की गई। भारत के गणतंत्र बनने से एक दिन पहले 25 जनवरी 1950 को निर्वाचन आयोग की स्थापना के उपलक्ष्य में इस तिथि को पिछले 15 वर्षों से राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

# मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आंबेडकर पर कांग्रेस से माफी की मांग की

**भोपाल ( भाषा )।** कांग्रेस की प्रस्तावित जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली से पहले मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और विपक्षी दल ने शनिवार को डॉ. बी आर आंबेडकर को लेकर एक-दूसरे पर निशाना साधा। कांग्रेस 27 जनवरी को संविधान के मुख्य निर्माता आंबेडकर की जन्मस्थली महू में रैली करने वाली है। विपक्षी दल ने कहा है कि उसका अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक केंद्रीय मंत्री अमित शाह आंबेडकर का अपमान करने के लिए माफी नहीं मांगते और इस्तीफा नहीं देते। यादव ने शनिवार को मांग की कि कांग्रेस आंबेडकर का अनादर करने के लिए माफी मांगे, वहीं विपक्षी दल ने दावा किया कि उसके कार्यक्रम को पटरी से उतारने के लिए बाधाएं खड़ी की जा रही हैं, जिसमें पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी समेत अन्य नेता शामिल होने वाले हैं। ग्वालियर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संविधान गौरव अभियान में यादव ने कहा, (गांधी परिवार की) चार पीढ़ियां गुजर गईं, लेकिन वे आंबेडकर के साथ अपनी दुश्मनी नहीं भूले हैं। यादव ने कहा कि डॉ. आंबेडकर को योग्यता और क्षमता के बावजूद मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी गई और संविधान में जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को शामिल करके उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई। मुख्यमंत्री ने कहा, (जवाहरलाल) नेहरू जी को डर था कि उनसे ज़्यादा काबिल कोई व्यक्ति आगे निकल सकता है। कल्पना कीजिए कि अगर आंबेडकर जी आगे बढ़ते तो क्या होता। यह यात्रा निकालने के बजाय कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए क्योंकि आंबेडकर जी की आत्मा उनके (राहुल गांधी के) परदादा नेहरू जी की वजह से आहत हुई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रधानमंत्री नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने आंबेडकर के लिए कुछ नहीं किया। यादव ने कहा कि इसके विपरीत, भाजपा ने हमेशा आंबेडकर के योगदान का सम्मान किया। यादव ने कहा कि आंबेडकर ने अपनी पार्टी बनाई थी, लेकिन नेहरू ने यह सुनिश्चित करने के लिए बाधाएं खड़ी कीं कि वह लोकसभा न पहुंचें। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर संविधान का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया और कहा कि जब एक अदालत ने कांग्रेस की प्रधानमंत्री (इंदिरा गांधी) को अयोग्य घोषित कर दिया, तो देश में आपातकाल लगा दिया गया।

# गुजरात के राजकोट में अवैध रूप से रहने के आरोप में तीन बांग्लादेशी हिरासत में लिए गए

**राजकोट ( भाषा )।** भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में गुजरात के राजकोट जिले में तीन बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में ले लिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजकोट पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) की सूचना पर शुक्रवार को रंगपार में किराए के एक मकान से दो लोगों को हिरासत में लिया गया, जबकि दोनों की मदद करने के आरोप में शनिवार को एक महिला को हिरासत में लिया गया। एसओजी अधिकारी ने कहा, तीनों से, उनके अवैध रूप से रहने के बारे में पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड तो नहीं है। दोनों पुरुषों ने कबूल किया है कि वे बांग्लादेश से हैं और पिछले दो महीनों से यहां रह रहे थे, जबकि महिला ने दावा किया है कि वह दो साल पहले यहां आई और इससे पहले 6-7 साल तक मुंबई में रही थी। अधिकारी ने बताया कि इन तीनों की पहचान बांग्लादेश की राजधानी ढाका के सोहेल हुसैन याकुताली (30), रिपन हुसैन अमीरुलइस्लाम (28) और हीना खुर्शीद (34) के रूप में हुई है।

# महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अवैध रूप से रहने के आरोप में पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार

**ठाणे( भाषा )।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में छापेमारी कर देश में अवैध रूप से रहने के आरोप में पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि कल्याण और डोंबिवली शहरों में ए छापे मारे गए थे। पुलिस उपायुक्त (जोन 3-कल्याण) अतुल जेंडे ने बताया कि चार महिलाओं और एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया है जो इन इलाकों में छोटे-मोटे काम करते थे। उन्होंने बताया कि आरोपी गांधीनगर की एक झुग्गी कॉलोनी और कल्याण रेलवे स्टेशन के पास रह रहे थे। जेंडे ने बताया कि ए लोग भारत में प्रवेश करने और यहां रहने के पक्ष में कोई सबूत नहीं दिखा पाए जिसके बाद उनपर विदेशी नागरिक अधिनियम, भारतीय पासपोर्ट अधिनियम और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# उत्तराखंड में शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा का दबदबा कायम

**देहरादून ( भाषा )।** उत्तराखंड में शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपना दबदबा कायम रखा। सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारों ने 22 नगर निकायों में जीत दर्ज की और नौ में बढ़त बनाए हुए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि कांग्रेस ने 15 नगर निकायों में जीत दर्ज की, जबकि 13 निर्दलीय उम्मीदवार भी विजई घोषित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छह नगर निकायों, निर्दलीय 10 और बहुजन समाज पार्टी दो नगर निकाय क्षेत्रों में बढ़त बनाए हुए है। बृहस्पतिवार को जिन 100 शहरी स्थानीय निकायों में मतदान हुआ, उनमें से 50 के नतीजे घोषित हो चुके हैं और 27 के रुझान उपलब्ध हैं। मतगणना अभी जारी है। देहरादून में भाजपा की ओर से मेयर पद के उम्मीदवार सौरभ थपलियाल अपने कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी वीरेंद्र सिंह पोखरियाल से आगे चल रहे हैं। ऋषिकेश नगर निगम में भाजपा के शंभू पासवान अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय उम्मीदवार दिनेश चंद्र से आगे चल रहे हैं। राज्य के श्रीनगर नगर निगम में भाजपा की आशा उपाध्याय निर्दलीय उम्मीदवार आरती भंडारी से पीछे चल रही हैं। अल्मोड़ा नगर निगम में भाजपा प्रत्याशी अजय वर्मा कांग्रेस के भैरव गोस्वामी से आगे हैं। हल्द्वानी-काठगोदाम नगर निगम में कांग्रेस प्रत्याशी ललित जोशी भाजपा के गजराज सिंह बिष्ट से आगे चल रहे हैं। हरिद्वार नगर निगम में भाजपा प्रत्याशी किरण जैसल कांग्रेस की अमरेश देवी बालियान से आगे हैं।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

**बाराबंकी।** श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्ट्डीज के नि:शुल्क विधिक सहायता केंद्र के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज के निदेशक प्रो. रोहित पी. साबरान ने की। उन्होंने लोकतंत्र में मतदान के अधिकार और इसके सार्थक उपयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मतदाता दिवस की महत्ता को समझा। असिस्टेंट प्रोफेसर के. पी. सिंह ने कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए सभी को धन्यवाद प्रेषित किया। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. महेंद्र कुमार और डॉ. सुनील दत्त चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही छात्रा आयुषी यादव व कादंबरी पटेल ने अपने विचार प्रस्तुत किए। अन्य छात्रों ने पोस्टर के माध्यम से इसका महत्व बताया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाना था। यह आयोजन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए काफी प्रेरणादायक रहा । कुलाधिपति पंकज अग्रवाल व उपकुलाधिपति पूजा अग्रवाल और कुलपति प्रो. विकास मिश्र ने कार्यक्रम की सराहना की और आगे भी इस तरह के कार्यक्रम होते रहे इसके लिए प्रोत्साहित किया ।

## अमरेन्द्र नाथ को मिली पीएच-डी की उपाधि



श्री राम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज विभाग में विधि शोध के महत्वपूर्ण विषय बिन्दु, सोशियो लीगल इम्पैक्ट ऑफ कोविड 19 पेन्डामिक विद स्पेशल रिफरेन्स टू कान्टेक्चुअर लिबर्टीस शीर्षक पर पीएच-डी की उपाधि प्रदान की गई। अमरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने संविदात्मक दायित्वों और असामयिक आपदाओं में आने वाली समस्याओं पर केन्द्रित यह महत्वपूर्ण शोध कार्य डॉ. रोहित पी साबरन के मार्गदर्शन में सम्पन्न किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी की डिप्टी डायरेक्टर रिसर्च डॉ. राजीव कुमार, डॉ. प्रकाश चंद्र मिश्रा व पीएच-डी कोर्डिनेटर इन्स्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज डॉ. शशांक शेखर, पीएच-डी वाइवा कमेटी के चेयरमेन प्रो. भानुमणि दीक्षित ने सुपरवाइजर एवं शोध छात्र दोनों को बधाई दी।

# पेज 1 का शेष

## 26/11 हमलों...

राहुल भट्ट के साथ उसके संबंधों के बारे में विवरण दिया था, जिससे उसने (हेडली) भारत की अपनी यात्राओं के दौरान दोस्ती की थी। भट्ट और उसके फिटनेस प्रशिक्षक मित्र विलास पांडुरंग वरक ने बाद में भारत की अपनी यात्राओं के दौरान हेडली से मिलने की पुष्टि की थी। 26 सितंबर, 2023 को मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी डॉ. तहव्वुर हुसैन राणा के खिलाफ उनके खिलाफ नए सबूतों के आधार पर 405 पन्नों का पूरक आरोप-पत्र दायर किया था। अन्य बातों के अलावा, पूरक आरोप-पत्र में यह आरोप लगाया गया था कि राणा 11 नवंबर, 2008 से 22 नवंबर, 2008 तक 11 दिनों तक भारत में रहा था। जिसमें से मुंबई में दो दिन बिताए, जहां वह पवई के होटल रेनेसां में रुका था। ट्रायल कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत अपने आरोप-पत्र में, अपराध शाखा पुलिस ने मामले में राणा के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 39ए (आतंकवादी संगठन को दिए गए समर्थन से संबंधित अपराध) को जोड़ा था। एक वरिष्ठ अपराध शाखा अधिकारी ने कहा, हमने बयानों और दस्तावेजों के रूप में राणा के खिलाफ कुछ नए सबूत जुटाए हैं। अपने आरोप-पत्र में, मुंबई पुलिस अधिकारियों ने कहा था कि उन्हें कई दस्तावेज मिले हैं, जो संकेत देते हैं कि राणा न केवल जेल में बंद पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली के साथ सह-साजिशकर्ता था, बल्कि उसने मुंबई पर 26/11 के हमलों के पीछे की साजिश में सक्रिय रूप से भाग लिया था। उसने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हेडली को भारतीय पर्यटक वीजा दिलाने में मदद की थी, जिसने कथित तौर पर 26/11 के हमलों के लिए लश्कर-ए-तैयबा को रसद सहायता प्रदान की थी और हेडली द्वारा राणा को भेजे गए ईमेल के रूप में सबूत मौजूद हैं।राणा के खिलाफ पूरक आरोप-पत्र दाखिल करते समय, विशेष सरकारी अभियोजक उज्ज्वल निकम ने कहा कि वह अदालत के सामने कुछ अपराध सामग्री पेश करेंगे, जो अपराध शाखा ने आरोपी के खिलाफ अपनी जांच के दौरान एकत्र की थी, और उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके पास राणा के खिलाफ सबूतों की एक सूची है, जिसका नाम सबसे पहले अमेरिकी नागरिक डेविड हेडली ने बताया था। 26/11 आतंकी हमले के मामले में साजिशकर्ता हेडली ने दिसंबर 2015 में मुंबई की अदालत द्वारा मामले में माफ़ी दिए जाने के बाद 26/11 के मुख्य साजिशकर्ता जैबुद्दीन अंसारी उर्फ अबू जंदल के मुकदमे में सरकारी गवाह बन गया था। मई 2023 में, कैलिफोर्निया के यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के मजिस्ट्रेट जज, जज जैकलीन चूलजियान ने 26/11 हमलों के मामले में राणा के प्रत्यर्पण का आदेश दिया था। हालांकि, 18 अगस्त को एक अन्य अमेरिकी अदालत ने राणा के प्रत्यर्पण पर रोक लगा दी थी। जज फिशर ने 18 अगस्त, 2023 को जारी आदेश में कहा था, नौवें सर्किट के लिए यूनाइटेड स्टेट्स कोर्ट ऑफ अपील्स के समक्ष उसकी अपील के निष्कर्ष तक राणा के भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाई जाती है।

## सरकार ने...

को बदल दिया और पारंपरिक बुनाई तकनीकों का प्रशिक्षण देने के लिए मध्य प्रदेश के महेश्वर में हथकरघा विद्यालय की स्थापना की। अमेरिका में जन्मी और रानी अहिल्याबाई होलकर की विरासत से प्रेरित होकर, उन्होंने 300 साल पुरानी बुनाई विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए अपने जीवन के पांच दशक समर्पित कर दिए।

## राष्ट्रपति ने...

जिससे नागरिकों के लिए आवास और स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी आवश्यकताएं सुनिश्चित हो सकें। हाशिए पर पड़े समुदायों, विशेषकर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को सहायता प्रदान करने के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला गया। मुर्मू ने विभिन्न पहलों का उल्लेख किया, जिनमें प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय फेलोशिप और इन समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास के उद्देश्य से समर्पित योजनाएं शामिल हैं, जैसे कि प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना और प्रधानमंत्री जन जाति आदिवासी न्याय महा अभियान राष्ट्रपति के अभिभाषण में समावेशी विकास को बढ़ावा देने तथा देश में शासन के मानकों को पुनर्परिभाषित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया, जिससे सभी नागरिकों के लिए अधिक समतापूर्ण और समृद्ध भविष्य की परिकल्पना तैयार की जा सके। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह अवसर सभी नागरिकों के लिए खुशी और गर्व का सामूहिक उत्सव है और कहा कि हालांकि 75 वर्ष किसी राष्ट्र के जीवन में एक संक्षिप्त क्षण की तरह लग सकते हैं, यह भारत के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि रही है, जो इसकी पुनरुद्धार की विशेषता रही है। यह पुस्तक लंबे समय से सुप्त आत्मा और विश्व की सभ्यताओं के बीच अपना उचित स्थान पुन: प्राप्त करने की उसकी यात्रा के बारे में है। भारत की ऐतिहासिक यात्रा पर विचार करते हुए उन्होंने नागरिकों से देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को याद करने का आग्रह किया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर प्रकाश डाला, जिनके स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान को अब उचित मान्यता मिल रही है। राष्ट्रपति ने एक सुव्यवस्थित स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्र को एकजुट करने के लिए 20वीं सदी के शुरुआती स्वतंत्रता सेनानियों की प्रशंसा की तथा भारत को उसके लोकतांत्रिक मूल्यों को पुन: खोजने में मदद करने के लिए महात्मा गांधी, रवींद्रनाथ टैगोर और बाबासाहेब अंबेडकर जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, 'न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व केवल आधुनिक अवधारणाएं नहीं हैं; वे सदैव हमारी सभ्यतागत विरासत का अभिन्न अंग रहे हैं।' उन्होंने कहा कि संविधान के भविष्य पर संदेह करने वाले गलत साबित हुए हैं। मुर्मू ने संविधान सभा की समावेशी प्रकृति पर प्रकाश डाला, जिसमें देश भर के विविध समुदायों का प्रतिनिधित्व था, जिसमें 15 महिला सदस्य भी शामिल थीं, जिन्होंने देश के लोकतांत्रिक ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, जब विश्व के कई भागों में महिलाओं की समानता एक दूर की कौड़ी थी, तब भारतीय महिलाएं राष्ट्र के भाग्य निर्माण में सक्रिय रूप से शामिल थीं। राष्ट्रपति के अनुसार, संविधान एक जीवंत दस्तावेज के रूप में विकसित हुआ है जो भारत की सामूहिक पहचान की नींव के रूप में कार्य करता है और पिछले 75 वर्षों में राष्ट्र की प्रगति का मार्गदर्शन करता रहा है। वर्तमान प्रगति पर ध्यान केंद्रित करते हुए उन्होंने भौतिक अवसंरचना विकास पर सरकार के जोर को रेखांकित किया, जिसने सतत विकास के लिए आधार तैयार किया है। उन्होंने वित्त में प्रौद्योगिकी के अभिनव उपयोग की सराहना की तथा कहा कि डिजिटल भुगतान प्रणालियों और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण ने अर्थव्यवस्था में समावेशिता और पारदर्शिता को बढ़ाया है। दिवाला एवं दिवालियापन संहिता जैसे सुधारों के कारण बैंकिंग प्रणाली की स्थिति में सुधार हुआ है, जिससे वाणिज्यिक बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों में उल्लेखनीय कमी आई है। भविष्य की ओर देखते हुए, राष्ट्पति ने अगली पीढ़ी को आकार देने में शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में निवेश बढ़ाया है, जिसके परिणामस्वरूप विशेष रूप से क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षा की गुणवत्ता और डिजिटल समावेशन में पर्याप्त सुधार हुआ है। मुर्मू ने कहा कि इस शैक्षिक परिवर्तन में महिला शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, 60 प्रतिशत से अधिक नए शिक्षक महिलाएं हैं।

## तीन साल...

गृह मंत्री ने दिल्ली के युवाओं को 50,000 सरकारी नौकरियां पारदर्शी तरीके से बिना किसी भ्रष्टाचार के प्रदान करने का वादा किया। इसके अलावा, 20 लाख स्व-रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। यदि सरकार सत्ता में आती है, तो जरूरतमंद छात्रों को नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड में हर साल 4,000 रुपये प्रदान किए जाएंगे। पार्टी ने यह भी वादा किया कि दिल्ली मेट्रो के फेज-चार को जल्द पूरा किया जाएगा और बसों और मेट्रो की सेवाएं चौबीसों घंटे उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा, 20,000 करोड़ रुपये के निवेश के माध्यम से, हम एक एकीकृत सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क विकसित करेंगे और 13,000 बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदल देंगे, जिससे भाजपा सरकार के तहत दिल्ली 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक बस शहर बनेगा। उन्होंने यह भी बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, वे उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकारों के साथ मिलकर एक महाभारत कॉरिडोर बनाएंगे। उन्होंने कहा, हम यमुना रिवरफ्रंट का विकास करेंगे, जो साबरमती रिवरफ्रंट के समान होगा। मैं केजरीवाल को हमारी सरकार के तीन साल बाद यमुना में अपने परिवार के साथ डुबकी लगाने के लिए आमंत्रित करना चाहूंगा। हम 100 प्रतिशत मैनुअल स्कैवेंजिंग को समाप्त करेंगे और इस अमानवीय प्रथा को पूरी तरह खत्म करेंगे। 'आयुष्मान भारत योजना', जो केंद्र और आप सरकार के बीच विवाद का मुद्दा रही है, के बारे में मंत्री ने कहा कि जैसे ही पार्टी सरकार बनाएगी, पहली कैबिनेट बैठक में ही केंद्र की इस योजना को लागू किया जाएगा। भाजपा ने मान्यता प्राप्त पत्रकारों और वकीलों के लिए 10 लाख रुपये का जीवन बीमा और स्वास्थ्य व दुर्घटना बीमा के लिए भी 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। शाह ने दोहराया कि भाजपा दिल्ली में गरीबों के लिए चल रही कल्याणकारी योजनाओं को नहीं रोकेगी। पार्टी ने अपने घोषणापत्र के पहले और दूसरे भाग में पहले ही कई चुनावी वादे किए हैं। अपने 'संकल्प पत्र' के पहले भाग में, भाजपा ने लोगों के लिए एक अटल कैंटीन खोलने, होली और दिवाली पर गरीब महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर देने और राष्ट्रीय राजधानी में महिलाओं को 2500 रुपये देने का वादा किया। वरिष्ठ नागरिकों के लिए भाजपा ने प्रति माह 2500 रुपये और विधवाओं और दिव्यांग लोगों के लिए 3000 रुपये देने की घोषणा की। भाजपा ने कहा कि झुग्गियों में एक अटल कैंटीन खोली जाएगी और गर्भवती महिलाओं को उनके स्वास्थ्य कल्याण के लिए 21,000 रुपये और छह पोषण किट दी जाएंगी। घोषणापत्र के दूसरे भाग में, पार्टी ने युवाओं को परीक्षा के लिए 15,000 रुपये और जरूरतमंद छात्रों को किंडरगार्टन (केजी) से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन (पीजी) तक मुफ्त शिक्षा देने का वादा किया, अगर सत्ता में आई। घोषणा के अनुसार, भाजपा सरकारी शिक्षा संस्थानों में ही जरूरतमंद छात्रों को 'केजी से पीजी' तक मुफ्त शिक्षा प्रदान करेगी। दिल्ली में मतदान 5 फरवरी को होगा, जबकि मतगणना 8 फरवरी को होगी।

## भारत-इंडोनेशिया...

और आपूर्ति शृंखला पर संयुक्त रूप से काम करने पर सहमत हुए हैं। मोदी ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच शनिवार को समुद्री सुरक्षा क्षेत्र में हस्ताक्षरित समझौते से अपराध रोकथाम, खोज एवं बचाव तथा क्षमता निर्माण में सहयोग और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने समग्र आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए व्यापार क्षेत्र में विविधता लाने और बाजार पहुंच की आवश्यकता पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा, हमने फिनटेक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने का निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्षों ने समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद निरोध और कट्टरपंथ से मुक्ति के क्षेत्र में सहयोग पर जोर दिया। वार्ता में भारतीय पक्ष ने इंडोनेशिया की ब्रिक्स सदस्यता का भी स्वागत किया। अपने संबोधन में इंडोनेशियाई नेता ने वार्ता को बहुत स्पष्ट बताया और कहा कि दोनों पक्ष साझा हित के कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। सुबियांतो ने कहा, मैंने अपने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हमें भारत के साथ आर्थिक साझेदारी में तेजी लाने की जरूरत है।

## मोदी, राहुल गांधी..

जैसे हाशिए पर पड़े समूहों को उनका हक मिले। कांग्रेस नेता अजय माकन, जिन्होंने पहले केजरीवाल को 'राष्ट्र-विरोधी' कहा था, और संदीप दीक्षित नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से आप सुप्रीमो के खिलाफ चुनाव लड़ रहे शीला दीक्षित के बेटे अरविंद केजरीवाल भी पोस्टर पर नजर आ रहे हैं। इस बीच, दिल्ली कांग्रेस ने शनिवार को भारत के चुनाव आयोग से संपर्क कर आप द्वारा अपने नेताओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए 'अपमानजनक पोस्टर' की शिकायत की। शिकायत के अनुसार, दिल्ली में सत्तारूढ़ पार्टी ने अपने पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित अन्य नेताओं को निशाना बनाया। इसमें लिखा था, यह आपके संज्ञान में लाने के लिए है कि शनिवार को आप (आम आदमी पार्टी) ने अपने अधिकृत एक्स हैंडल पर विभिन्न वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं - लोकसभा नेता राहुल गांधी, एआईसीसी कोषाध्यक्ष अजय माकन और संदीप दीक्षित के खिलाफ अपमानजनक तस्वीर पोस्ट की है। शिकायत में कहा गया है कि इस पोस्ट का शीर्षक था, 'एक अकेला पड़ेगा सब पर भारी', और इसमें अरविंद केजरीवाल की तस्वीर के साथ कैप्शन था, 'केजरीवाल की ईमानदारी', और उनके नीचे बैठे कांग्रेस नेताओं की तस्वीर के साथ कैप्शन था, 'सारे बेईमानों पर पड़ेगी भारी।' यह पोस्ट आदर्श आचार संहिता के साथ-साथ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों का उल्लंघन है। इसके अलावा केजरीवाल को एक ईमानदार व्यक्ति के रूप में पेश किया गया है और गांधी, माकन और दीक्षित जैसे वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधना बेईमान लोग हैं।

# निर्वाचन आयोग जिस तरह से काम कर रहा है वह संविधान का मजाक है : कांग्रेस

**नई दिल्ली ( भाषा )।** कांग्रेस ने शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता के साथ पिछले एक दशक में छेड़छाड़ किए जाने का दावा दिया और कहा कि आज जिस तरह से आयोग काम कर रहा है वह संविधान का मजाक एवं मतदाताओं का अपमान है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आयोग की संस्थागत ईमानदारी का लगातार क्षरण गंभीर राष्ट्रीय चिंता का विषय है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि हरियाणा और महाराष्ट्र के हाल के विधानसभा चुनावों को लेकर व्यक्त की गई चिंताओं पर आयोग का रुख आश्चर्यजनक रूप से पक्षपात से भरा रहा है। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, भले ही हम राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाते हैं, लेकिन पिछले दस वर्षों में भारत के निर्वाचन आयोग की संस्थागत ईमानदारी का लगातार होता क्षरण गंभीर राष्ट्रीय चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, हमारा निर्वाचन आयोग और हमारा संसदीय लोकतंत्र, व्यापक संदेह के बावजूद, दशकों से निष्पक्ष, स्वतंत्र और विश्व स्तर पर अनुकरण के लिए आदर्श बन गया। सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की प्राप्ति तथा पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय हमारे नीति निर्माताओं के दृष्टिकोण का प्रतीक है। खरगे के अनुसार, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कायम रखने में लापरवाही अनजाने में सत्तावाद का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। उन्होंने कहा, इसलिए, हमारे लोकतंत्र को बचाए रखने और इसे रेखांकित करने वाले संवैधानिक सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए हमारी संस्थाओं की स्वतंत्रता की रक्षा करना आवश्यक है। कांग्रेस महासचिव रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, आज के दिन को 2011 से राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 75 साल पहले आज ही दिन 25 जनवरी, 1950 को निर्वाचन आयोग अस्तित्व में आया था। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 26 जनवरी 2025



# वाईएसआर कांग्रेस के नेता विजयसाई रेड्डी ने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया

**भाषा।** नई दिल्ली

**वाईएसआर** कांग्रेस पार्टी के नेता वी विजयसाई रेड्डी ने शनिवार को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और निजी कारणों का हवाला देते हुए राजनीति छोड़ने की घोषणा की। वर्ष 2024 के आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद से संसद के उच्च सदन में अपना कार्यकाल समय से पहले समाप्त करने वाले वह वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के चौथे सांसद हैं। उन्होंने यहां राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और उन्हें अपना इस्तीफा सौंपा। रेड्डी ने बाद में संवाददाताओं को बताया कि राज्यसभा में उनके छह साल के कार्यकाल में अभी साढ़े तीन साल बाकी हैं, लेकिन उन्होंने निजी कारणों से इस्तीफा दिया है। वह पेशे सेचार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। धनखड़ से मिलने के बाद उन्होंने कहा, मैंने उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति को अपना इस्तीफा सौंप दिया है और उन्होंने उसे स्वीकार कर लिया है। उपराष्ट्रपति को लिखे अपने संक्षिप्त त्याग पत्र में उन्होंने कहा, मैं, युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआर कांग्रेस पार्टी) से आंध्र प्रदेश का राज्यसभा में प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य के रूप में तत्काल प्रभाव से स्वेच्छा से इस्तीफा देता हूं। आपसे अनुरोध है कि कृपया मेरा इस्तीफा स्वीकार करें। राज्यसभा ने बाद में



रेड्डी के इस्तीफे को अधिसूचित कर दिया।

राज्यसभा महासचिव पी सी मोदी ने अधिसूचना में कहा, राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य एवं सदन में आंध्र प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे श्री वी. विजयसाई रेड्डी ने सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा राज्यसभा के सभापति ने स्वीकार कर लिया है, जो 25 जनवरी 2025 से प्रभावी हो गया है।

एक्स पर एक पोस्ट में, रेड्डी ने उपराष्ट्रपति के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने पोस्ट किया, आज मैंने माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी को अपना इस्तीफा सौंप दिया। राज्यसभा के माननीय सभापति ने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। रेड्डी ने कहा कि उनके इस्तीफे को स्वीकार करने से पहले, उपराष्ट्रपति ने उनसे विशेष रूप से पूछा कि वह अपना इस्तीफे क्यों दे रहे हैं, और क्या यह स्वैच्छिक है या कोई दबाव है। उन्होंने कहा, मैंने सभापति से कहा कि मेरा इस्तीफा स्वैच्छिक है तथा इसमें किसी प्रकार का दबाव नहीं है और मैंने केवल निजी कारणों से अपना इस्तीफा दिया है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी प्रमुख जगन मोहन रेड्डी से बात की है, उन्होंने कहा, हां, मैंने कल अपनी पार्टी के अध्यक्ष जगन मोहन रेड्डी गारू से बात की। मैंने उन्हें विस्तार से बताया है कि मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला क्यों किया है और उन्होंने मुझे ऐसा नहीं करने की सलाह दी। विजयसाई रेड्डी ने कहा, इस तथ्य के बावजूद कि उन्होंने मुझे ऐसा न करने के लिए कहा था, लेकिन मैंने अपना निर्णय बरकरार रखा और इस्तीफा सौंप दिया है।

भविष्य की योजनाओं के बारे में रेड्डी ने कहा कि उनकी रुचि कृषि में है और विभिन्न विश्वविद्यालयों में अतिथि प्राध्यापक के रूप में व्याख्यान देना तथा युवाओं और छात्रों के साथ अपने ज्ञान को साझा करना है। उन्होंने कहा, मैं एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हूं और मुझे वित्तीय बाजार में व्यापक अनुभव है तथा संसद सदस्य के तौर पर भी मेरा अच्छा-खासा अनुभव है। मैंने अपने 67 वर्षों के जीवन में जो भी ज्ञान अर्जित किया है, मैं उसे दूसरों के साथ साझा करना चाहूंगा, क्योंकि ज्ञान प्राप्त करना एक बात है और दूसरों के साथ साझा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यकाल कुछ साल ही बचे होने के बीच, इस्तीफा देने की जरूरत पर रेड्डी ने कहा, मैंने ईमानदारी से महसूस किया है कि मैं अपनी पार्टी के अध्यक्ष द्वारा मुझे दी गई जिम्मेदारी के साथ न्याय करने की स्थिति में नहीं हूं और इसी के मद्देनजर मैंने (राज्यसभा की सदस्यता से) इस्तीफा दिया है। रेड्डी ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वह राज्यसभा सदस्य के रूप में इस्तीफा दे देंगे और राजनीति छोड़ देंगे। आंध्र प्रदेश से राज्यसभा सदस्य के रूप में यह उनका दूसरा कार्यकाल था। 2024 के विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद से इस्तीफा देने वाले वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के चौथे राज्यसभा सदस्य हैं। पार्टी के राज्यसभा सदस्य एम वेंकट रमन, बी मस्तान राव यादव और आर कृष्णैया ने हाल ही में इस्तीफा दिया था। रेड्डी के इस्तीफे के बाद, आगामी (राज्यसभा) उपचुनाव में यह सीट आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ राजग के खाते में जाने की उम्मीद है, क्योंकि यहां उसे भारी बहुमत प्राप्त है।

# नीति आयोग की रिपोर्ट में ओडिशा का शीर्ष स्थान पर पहुंचना खुशी की बात : पटनायक

**भुवनेश्वर।** (भाषा) नीति आयोग की 2022-2023 के लिए पहली राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (एफएचआई) रिपोर्ट में सूचीबद्ध राज्यों में, शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के रूप में ओडिशा के उभरने पर बीजू जनता दल (बीजद) अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को कहा कि राज्य को वित्तीय दिवालियापन से प्रथम स्थान पाते देखना खुशी की बात है।मुख्यमंत्री मोहन माझी ने भी राज्य की उपलब्धि की सराहना करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश के 18 प्रमुख राज्यों में राजकोषीय स्वास्थ्य की रैंकिंग में ओडिशा शीर्ष पर है। राज्य 67.8 के स्कोर के साथ शीर्ष पर है, उसके बाद छत्तीसगढ़ और गोवा का स्थान है। उन्होंने कहा, नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, उपलब्धि प्राप्त करने वाले राज्यों ने मजबूत राजकोषीय स्वास्थ्य, राजस्व जुटाने, व्यय प्रबंधन और ऋण स्थिरता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हालांकि, पटनायक ने इस रिपोर्ट को लेकर खुशी जाहिर की है क्योंकि राज्य की यह उपलब्धि ओडिशा के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान की है। पटनायक ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि नीति आयोग राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक रिपोर्ट 2025 के अनुसार, 2022-23 में 67.8 प्रतिशत के उच्चतम समग्र राजकोषीय स्वास्थ्य स्कोर के साथ ओडिशा पूरे देश में राजकोषीय प्रबंधन में शीर्ष राज्य के रूप में उभरा है। खनिज संपदा से समृद्ध ओडिशा, छत्तीसगढ़, गोवा और झारखंड, शुक्रवार को जारी नीति आयोग की पहली राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (एफएचआई) रिपोर्ट में सूचीबद्ध राज्यों में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले उपलब्धिकर्ता के रूप में उभरे हैं।

**कर्नाटक सरकार ने शुरू की राजीव गांधी पंचायत राज अध्येतावृत्ति योजना:** बेंगलुरु। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने शनिवार को कहा कि राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग ने राजीव गांधी पंचायत राज अध्येतावृत्ति कार्यक्रम लागू किया है।

प्रियांक खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पंचायत राज (अध्एतावृत्ति) प्रयोग देश में अपनी तरह का पहला प्रयोग है और इसकी घोषणा पिछले बजट में की गई थी।

राज्य के पंचायत राज मंत्री प्रियांक खरगे ने अपने पोस्ट में लिखा, कल्याण कर्नाटक के पिछड़े क्षेत्र में स्थानीय शासन को मजबूत करने के उद्देश्य से उत्साही और प्रतिभाशाली युवा समुदाय को पंचायत राज व्यवस्था में काम करने का अवसर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में रुचि रखने वाले स्नातकों के लिए यह एक अच्छा अवसर है। खरगे ने कहा, अध्एतावृत्ति प्राप्त करने वालों को कल्याण कर्नाटक क्षेत्र के सामाजिक, भौगोलिक, आर्थिक और प्रशासनिक संदर्भ को समझना होगा तथा जिला प्रशासन के साथ सक्रिय होना होगा।

कांग्रेस नेता ने बताया कि उन्होंने अध्एतावृत्ति प्राप्त करने वाले 44 प्रशिक्षुओं के साथ प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुति बैठक में भाग लिया। खरगे ने कहा कि यह जानकर खुशी हुई कि इन उत्साही लोगों ने कुछ ही महीनों में इतना अच्छा काम किया है। कांग्रेस नेता के अनुसार अध्एतावृत्ति प्राप्त करने वालों ने कल्याण कर्नाटक के गांवों में 39 जागरूकता केन्द्रों को पुन: शुरू किया है तथा 116 अनाथालयों को पुन: खोला है, जो उपेक्षा के कारण बंद कर दिए गए थे।

# महाराष्ट्र सरकार ने विलंबित जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी का किया गठन

**मुंबई।** (भाषा) महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के रहने की शिकायतों के बीच विलंबित आवेदनों पर जन्म और मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी किए जाने की पड़ताल के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि महानिरीक्षक दत्ता कराले के नेतृत्व वाली यह एसआईटी विलंबित आवेदनों पर जन्म और मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी किए जाने की जांच करेगी। विलंबित आवेदन ऐसे आवेदन होते हैं जो किसी व्यक्ति के जन्म या मृत्यु के कम से कम एक साल बाद संबंधित प्रमाण-पत्र के लिए दिए जाते हैं। मुंबई में अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हमला करने के आरोप में पुलिस द्वारा बांग्लादेशी नागरिक शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर (30) को गिरफ्तार किए जाने के बाद बांग्लादेशियों के भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने और देश में रहने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जा रहा है। विलंबित आवेदन प्रकरण की एसआईटी जांच की पुष्टि करते हुए राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पहले ही जारी किए जा चुके प्रमाण-पत्रों एवं प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी।महाराष्ट्र सरकार ने भाजपा नेता किरीट सोमैया द्वारा जन्म प्रमाण-पत्र घोटाला होने का आरोप लगाए जाने के बाद यह जांच दल गठित करने का निर्णय लिया है। पूर्व सांसद सोमैया ने आरोप लगाया है कि जनवरी 2021 से दिसंबर 2023 तक अकोला शहर की मजिस्ट्रेट अदालत ने 269 विलंबित जन्म पंजीकरण के आदेश दिए थे, लेकिन तहसीलदार ने 4,849 विलंबित जन्म आवेदनों को पंजीकृत करने के आदेश दे दिए। भाजपा नेता ने दावा किया किया है कि यवतमाल में 11,864, अकोला में 15,845 और नागपुर जिले में 4,350 विलंबित आवेदन दिए गए।

## अनशन प्रारंभ किया

**जालना।** अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटे के तहत मराठों के लिए आरक्षण की मांग को लेकर आरक्षण अधिकार कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने शनिवार को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। यह पिछले 16 महीनों में उनकी सातवीं भूख हड़ताल है। आरक्षण मांग के अलावा जरांगे ने सरपंच संतोष देशमुख की हत्या में शामिल आरोपियों के लिए मृत्युदंड की मांग की है। जरांगे उस मसौदा अधिसूचना के क्रियान्वयन की मांग कर रहे हैं जिसमें कुनबियों को मराठा समुदाय के सगे सोयरे (रक्त संबंधी) मानते हुए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण दिया जा सके बीड जिले के मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का नौ दिसंबर 2024 को अपहरण कर प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई।



नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

## केरल में फोन पर पत्नी को तीन तलाक कहने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**कोल्लम** (केरल)। केरल में फोन पर पत्नी को एक साथ तीन तालक कहने के आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि कोल्लम जिले के म्यनागपल्ली निवासी अब्दुल बासित को दो दिन पहले गिरफ्तार किया गया और उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि बासित पर मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम तथा बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है तथा वह फिलहाल चावरा उपजेल में न्यायिक हिरासत में है। पुलिस के मुताबिक बासित को उसकी 20 वर्षीय पत्नी की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया जो कोल्लम की चावरा की रहने वाली है। शिकायत के अनुसार बासित ने अपनी पहली शादी के बारे में खुलासा किए बगैर दूसरा निकाह किया था। इस दूसरे विवाह के बाद बासित कथित रूप से उसे एक किराए के मकान में ले गया क्योंकि उसकी पहली पत्नी उसके पारिवारिक मकान में रह रही थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जब उसे पहली शादी का पता चला तो उसने बासित से उसके बारे में पूछा, इसपर उसका मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न किया जाने लगा।

# बांके बिहारी मंदिर को मिला एफसीआरए लाइसेंस, विदेशी चंदा मिलने का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।**(भाषा) केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर को विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम यानी एफसीआरए के तहत लाइसेंस प्रदान किया है ताकि वह विदेश से धन प्राप्त कर सके। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंदिर का प्रबंधन फिलहाल एक अदालत कर रही है, जिसने एक प्रबंधन समिति गठित की है। सूत्रों ने बताया कि इस मंदिर को एफसीआरए, 2010 के तहत लाइसेंस दिया गया है। मौजूदा प्रबंधन समिति ने एफसीआरए लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। इस मंदिर का प्रबंधन पहले पुजारियों का एक परिवार करता था और यह निजी प्रबंधन के अधीन था। गृह मंत्रालय ने उचित आवेदन और अदालत की मंजूरी के बाद एफसीआरए के तहत विदेशी धन प्राप्त करने का लाइसेंस दिया है। सूत्रों ने बताया कि आवेदन के अनुसार, मंदिर को अपने खजाने में काफी विदेशी मुद्रा प्राप्त हुई और वह विदेश से दान स्वीकार करने का इच्छुक है। कानून के अनुसार, विदेशी दान प्राप्त करने वाले सभी गैर सरकारी संगठनों को एफसीआरए के तहत पंजीकरण कराना होता है।

## हिंदुओं की घटती जन्म दर गंभीर चिंता का विषय : विश्व हिंदू परिषद

**महाकुंभनगर।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने यहां आयोजित विराट संत सम्मेलन में हिंदुओं की घटती जन्म दर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अन्य धर्म की तुलना में हिंदू समाज में जन्म दर निरंतर घट रही है। यह एक ज्वलंत समस्या है जिसे अब टाला नहीं जा सकता। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री बजरंग लाल बांगड़ा ने धर्माचार्यों की मौजूदगी में कहा, आज का युवा जब इस समस्या पर ध्यान देगा तो ही इस समस्या का समाधान होगा। संत समाज को इस बारे में अपनी कथाओं, प्रवचनों के जरिए युवाओं का प्रबोधन करना होगा। उन्होंने कहा कि संत समाज को अपने यहां आने वाले श्रद्धालुओं के बीच यह विषय रखना होगा कि प्रत्येक हिंदू परिवार में तीन या चार बच्चे अवश्य होने चाहिए।

सम्मेलन में देश के कोने-कोने से सभी मत, पंथ, संप्रदाय के हजारों धर्माचार्य, मार्गदर्शक उपस्थित रहे। ओडिशा से आए प्रभाकर दास जी महाराज ने हिंदू समाज की एकता पर बल दिया, वहीं वाल्मीकि समाज से योगी उमेश नाथ जी महाराज ने हिंदू समाज से अपनी जनसंख्या बढ़ाने का निवेदन किया।इस कार्यक्रम में महाराज जगद्गुरु रामानुजाचार्य, स्वामी वासुदेवाचार्य जी, महाराज युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि जी, पूजनीय आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरी जी, भास्कर किशन गिरी जी, सगाधिकार जनार्दन देव गोस्वामी जी, भंते रिंगपोचे, जैन साध्वी दीप्ति जी, स्वामी विवेकानंद जी ने अपने विचार रखे। इस आयोजन में नेपाल से आए स्वामी चूड़ामणि चतुर्भुजाचार्य जी, प्रभाकर दास जी, श्रीलंका, कोरिया, बर्मा तथा तिब्बत के बौद्ध, संत, लामा, रविदास जन्मस्थान से श्री महंत डॉ भरत भूषण दास जी, जत्थेदार हरजोत सिंह जी, निहंग भानपुरा शंकराचार्य ज्ञानानंद तीर्थ जी, विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु जी महाराज, नाथ संप्रदाय से जितेन नाथ जी, संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती जी, त्रिपुरा से चित महाराज, गहरा- गुरु परंपरा से आचार्य स्वामी बब्रुवाहन जी महाराज ने अपने विचार व्यक्त किए।

# झारखंड के साहिबगंज में डॉल्फिन अभयारण्य के लिए नए प्रस्ताव पर काम जारी

**रांची।** (भाषा) झारखंड का वन विभाग साहिबगंज जिले में गंगा के एक हिस्से को डॉल्फिन अभयारण्य के रूप में नामित करने के लिए राज्य सरकार के वास्ते एक नया प्रस्ताव तैयार कर रहा है, जिसका उद्देश्य डॉल्फिन की रक्षा करना और इको-टूरिज्म को बढ़ावा देना है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) की एक टीम डॉल्फिन के ठिकाने का आकलन करने के लिए जनवरी के अंत या फरवरी के पहले सप्ताह तक साहिबगंज का दौरा करने वाली है। वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की अनुसूची-। के तहत संरक्षित डॉल्फ़िन साहिबगंज में गंगा नदी के 80 किलोमीटर के हिस्से में पाई जाती हैं।

साहिबगंज के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) प्रबल गर्ग ने पीटीआई-भाषा को बताया,"अभयारण्य क्षेत्र को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है, लेकिन यह संभवत: 40 किलोमीटर के हिस्से में होगा, जहां अधिकांश डॉल्फिन पाई जाती हैं" बिहार और पश्चिम बंगाल की सीमाओं को जोड़ने वाली जहां अधिकांश डॉल्फिन पाई जाती हैं" बिहार और पश्चिम बंगाल की सीमाओं को जोड़ने वाली गंगा के इस हिस्से में डॉल्फिन अभयारण्य की स्थापना की मांग लंबे समय से की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि इसे बिहार के विक्रमशिला गंगा डॉल्फिन अभयारण्य की तर्ज पर विकसित करने का प्रस्ताव है।

उन्होंने बताया कि साहिबगंज डिवीजन ने लगभग चार-पांच साल पहले अभयारण्य के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव सौंपा था। उन्होंने कहा कि हालांकि, अभयारण्य की घोषणा के बाद नदी संबंधी गतिविधियों के नियमन को लेकर भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण समेत विभिन्न हितधारकों द्वारा चिंता जताए जाने के कारण प्रस्ताव रुक गया।

गर्ग ने कहा कि चिंताओं को दूर करते हुए विभाग ने एक नया प्रस्ताव तैयार करने का निर्णय लिया है, जिसमें जलमार्ग क्षेत्र को शामिल नहीं किया जाएगा।

## छोटा कर्ज देने वाली कंपनियों पर लगाम लगाने के लिए कानून में संशोधन किया जाएगा: सिद्धरमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार धन उधारी कारोबार से संबंधित मौजूदा कानूनों में संशोधन करेगी और वास्तविक उधारकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए नया कानून लाएगी।कर्ज लेने वालों से वसूली के लिए सूक्ष्म वित्त कंपनियों द्वारा कथित उत्पीड़न के खिलाफ जनता के आक्रोश के मद्देनजर, सिद्धरमैया ने उप-मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार, राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा, गृह मंत्री जी परमेश्वर, कानून मंत्री एच के पाटिल, वरिष्ठ सरकारी और शीर्ष पुलिस अधिकारियों के साथ एक आपातकालीन बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर सूक्ष्म वित्त कंपनियों के संगठन के प्रतिनिधि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के क्षेत्रीय अधिकारी तथा नाबार्ड के अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने सूक्ष्म वित्त कंपनियों के साथ ही आरबीआई के अधिकारियों की भी राय ली। सिद्धरमैया ने कहा, उनकी राय जानने के बाद हमने उनसे कहा कि हम यह नहीं कहेंगे कि कर्ज न दें या कर्जदारों से पैसा वसूल न करें, लेकिन पैसा वसूलते समय आपको लोगों को प्रताड़ित और परेशान नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि धन वसूली करते समय सूक्ष्म वित्त संस्थानों को आरबीआई के दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए। केंद्रीय बैंक को भी इन दिशानिर्देशों के उल्लंघन की निगरानी करनी चाहिए।

## भारत का जल और स्वच्छता मॉडल बना वैश्विक प्रेरणा स्रोत

वाराणसी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सीण्आरण् पाटिल ने विश्व आर्थिक मंच में भारत के जल सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़े परिवर्तनकारी प्रयासों को प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जल और स्वच्छता से जुड़े वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की अपनी प्रतिबद्धता को दावोस में प्रमुखता से प्रदर्शित किया। 24 जनवरी को आयोजित जल सुरक्षा के भविष्य के लिए वैश्विक सहयोग विषयक सत्र में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फड्णवीसए प्रमुख जल विशेषज्ञ और दुनियाभर से 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया। श्री पाटिल ने इस सत्र में भारत की जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की गई पहलों को साझा किया। उन्होंने गुजरात की जल संकट से जल सुरक्षा तक की यात्रा का उल्लेख कियाए जो प्रधानमंत्री मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान शुरू हुई और बाद में इसे पूरे देश में लागू किया गया।

## भोपाल जिला प्रशासन ने रात के समय लाउडस्पीकर, डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया

भोपाल। भोपाल में जिला प्रशासन ने ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक धार्मिक स्थलों सहित अन्य स्थानों पर तेज आवाज वाले साउंड सिस्टम के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।इस आदेश को 10वीं और 12वीं कक्षाओं की आगामी बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्रों के लिए राहत के तौर पर देखा जा रहा है। इसके अलावा, डीजे प्रणालियों, होटल, रेस्तरां और बार के मालिकों को निर्धारित सीमा के भीतर साउंड सिस्टम के उपयोग के लिए लाइसेंस के वास्ते आवेदन करना होगा। उल्लंघनकर्ताओं पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत मुकदमा चलाया जाएगा। यह प्रतिबंध 23 जनवरी से लागू हो गया है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) ने कहा कि यह आदेश उच्चतम न्यायालय और राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा लाउडस्पीकर और ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के संबंध में जारी निर्देशों का अनुपालन करता है। आदेश में कहा गया है कि भोपाल जिले में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर और डीजे के इस्तेमाल पर प्रतिबंध रहेगा। डीजे, होटल, रेस्तरां और बार के मालिकों को अब निर्धारित (डेसिबल) सीमा के भीतर साउंड सिस्टम का उपयोग करने के लिए लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है। आदेश में कहा गया है कि डीजे (आमतौर पर वाहन पर लगाए जाने वाले साउंड सिस्टम) में केवल एक ध्वनि विस्तारक प्रणाली लगाने की अनुमति होगी। इसमें कहा गया है कि वायु गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार, सुबह 6 बजे से रात 10 बजे के बीच दो घंटे के लिए साउंड सिस्टम के उपयोग की अनुमति दी जाएगी।

# पुलिस को सैफ पर हमले की वारदात में एक से अधिक लोगों के शामिल होने का संदेह

**मुंबई।** (भाषा) मुंबई पुलिस को संदेह है कि अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हमले की वारदात में एक से अधिक लोग शामिल हो सकते हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस मामले में 30 वर्षीय एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने अपराध में और लोगों की संलिप्तता के संदेह का हवाला देते हुए गिरफ्तार आरोपी की हिरासत का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि पुलिस ने 16 जनवरी को बांद्रा में अभिनेता के घर पर हुए हमले के बाद खान और उनके कर्मचारियों के रक्त के नमूने व कपड़े एकत्र किए और उन्हें जांच के लिए फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भेज दिया है।

पुलिस ने हमले के आरोप में 19 जनवरी को पड़ोसी ठाणे शहर से बांग्लादेशी नागरिक शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फाकिर उर्फ विजय दास को गिरफ्तार किया था। शुक्रवार को एक अदालत ने शरीफुल की पुलिस हिरासत 29 जनवरी तक बढ़ा दी। अधिकारी ने कहा कि आरोपी जांच टीम के साथ सहयोग नहीं कर रहा और उसने अभी तक यह नहीं बताया है कि उसने अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू कहां से खरीदा था। उन्होंने कहा कि अभिनेता और आरोपी के खून के नमूने व कपड़े एफएसएल को भेजे गए हैं, ताकि पता लगाया जा सके कि आरोपी के कपड़ों पर लगा खून खान का था या नहीं। उन्होंने कहा कि खान के अपार्टमेंट से एकत्र किए गए फिंगरप्रिंट आरोपी के फिंगरप्रिंट से मेल खाते हैं।शुक्रवार को खान ने मुंबई पुलिस के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया, जिसमें उन्होंने कहा कि आरोपी ने एक करोड़ रुपए की मांग की और घरेलू सहायिका पर हमला किया, और जब उन्होंने उसे रोकने की कोशिश की, तो हमलावर उन पर कई बार चाकू से वार करके भाग निकला। खान (54) को पिछले सप्ताह हुए हमले के बाद लीलावती अस्पताल में आपातकालीन सर्जरी करानी पड़ी।

# अमेरिका में भारतीय महिलाओं के समय पूर्व प्रसव कराने के जोखिमों के प्रति विशेषज्ञों ने आगाह किया

**नई दिल्ली।** (भाषा) अमेरिका में जन्मजात नागरिकता कानूनों में प्रस्तावित बदलाव से कथित तौर पर आशंकित होकर वहां रह रहे भारतीयों समेत अन्य प्रवासी परिवारों की महिलाओं के समय पूर्व प्रसव कराने के मामलों में चिंताजनक बढ़ोतरी के प्रति स्वास्थ्य विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आगाह किया है।

मीडिया की खबरों के मुताबिक, परिवार यह सुनिश्चित करने के लिए कि उनके बच्चों का जन्म अमेरिका में 20 फरवरी को संभावित कानूनी बदलाव के प्रभावी होने से पहले हो जाए, सिजेरियन सेक्शन (ऑपरेशन से बच्चों का जन्म कराना) का विकल्प अपना रहे हैं जिससे जच्चा और बच्चा दोनों के स्वास्थ्य के लिए काफी जोखिम उत्पन्न हो गया है। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की कार्यकारी निदेशक पूनम मुत्तरेजा ने इस तरह के जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों के अनपेक्षित और हानिकारक परिणामों पर प्रकाश डाला।उन्होंने ऐसी प्रवृत्ति के उन्मूलन के लिए सुनियोजित नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, जन्मजात नागरिकता कानूनों में बदलाव से जुड़ी आशंकाओं से प्रेरित यह प्रवृत्ति प्रसूता और शिशु, दोनों के स्वास्थ्य को काफी जोखिम में डाल देती है। समय से पहले जन्म लेने वाले शिशुओं को सांस लेने में समस्या, संक्रमण, विकास संबंधी बाधा और व्यवहार संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जबकि माताओं को संक्रमण, ऑपरेशन से जुड़ी जटिलता तथा दीर्घकालिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का खतरा रहता है। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, ए आशंकाएं कानून में प्रस्तावित परिवर्तन से उत्पन्न हुई हैं जो 20 फरवरी के बाद जन्में बच्चों की नागरिकता की स्थिति को प्रभावित कर सकता है। ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया से जुड़ीं सीमा भास्करन ने बताया कि आर्थिक और आव्रजन दबाव के कारण महिलाओं को जीवन को प्रभावित करने वाले ऐसे निर्णयों पर बहुत कम बोलने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा, यह डर कि परिवारों को वापस लौटना होगा, महिलाओं को जीवन-जोखिम में डालने वाले निर्णय लेने के लिए मजबूर कर रहा है। वे सामाजिक और आर्थिक दबाव के कारण अपने जीवन और समय से पहले जन्में अपने बच्चों के स्वास्थ्य को खतरे में डाल रही हैं। चिकित्सकों ने समय से पहले प्रसव के गंभीर चिकित्सीय प्रभावों को भी रेखांकित किया है। मैत्री की संस्थापक और सीके बिड़ला अस्पताल, गुरुग्राम में स्त्री रोग और प्रसूति विज्ञान की निदेशक डॉ. अंजलि कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य जोखिम संभावित नागरिकता लाभों से कहीं अधिक है।

पायनियर
नई दिल्ली , रविवार, 26 जनवरी, 2025



# हमास ने चार इजराइली बंधक रिहा किये

## इजराइल ने 70 फलस्तीनी कैदी छोड़े

एपी। दीर अल बलाह, तेल अवीव



**हमास आतंकवादियों ने** गाजा पट्टी में लड़ाई रोकने के लिए इजराइल के साथ हुए युद्ध विराम समझौते के तहत उसकी चार महिला सैनिकों को शनिवार को भीड़ के सामने परेड कराने के बाद रिहा कर दिया।वहीं, इजराइल ने अपनी चार महिला सैनिकों की रिहाई के बदले 200 फलस्तीनी कैदियों को छोड़ दिया। इनमें 120 ऐसे कैदी शामिल हैं, जो इजराइल के लोगों पर घातक हमलों के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद उम्रकैद की सजा काट रहे थे। लगभग 70 फलस्तीनी कैदियों को मिस्र भेजा गया। मिस्र ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, इजराइल ने स्पष्ट किया कि वह विस्थापित फलस्तीनियों को फिलहाल उत्तरी गाजा में अपने घरों की ओर लौटने की इजाजत नहीं देगा। हमास आतंकवादियों की घेराबंदी में चारों इजराइली महिला सैनिक गाजा सिटी के फलस्तीन चौक पर बने मंच पर पहुंचीं। उन्होंने मुस्कुराकर और हाथ हिलाकर चौक पर जुटी हजारों लोगों की भीड़ का अभिवादन किया। इसके बाद उन्हें रेड क्रॉस के कर्मियों को सौंप दिया गया, जो मंच से दूर अपने वाहनों में उनका इंतजार कर रहे थे। दूसरी ओर, इजराइल की कारागार सेवा ने बताया कि उसने 200 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई की प्रक्रिया पूरी कर दी है, जिनमें इजराइल के लोगों पर घातक हमलों के जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे 120 कैदी भी शामिल हैं। इजराइल ने शुरुआत में 70 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करते हुए उन्हें मिस्र भेज दिया था। मिस्र के सरकारी समाचार चैनल काहिरा टीवी ने बताया कि 70 फलस्तीनी कैदियों को मिस्र में छोड़ा गया और वे गाजा से लगी राफा सीमा को पार करते हुए मिस्र में दाखिल हुए। मिस्र ने इजराइल एवं हमास के बीच एक साल से अधिक समय तक चली उस वार्ता में प्रमुख मध्यस्थ के रूप में कार्य किया था, जिसके कारण यह युद्ध विराम समझौता संभव हुआ। बाकी 130 फलस्तीनी कैदियों को लेकर बसें इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक की ओफर जेल से यरूशलम के रास्ते रामल्ला शहर की तरफ बढ़ीं, जहां रिश्तेदारों और समर्थकों की भीड़ उनका इंतजार कर रही थी। इजराइली सेना ने हमास द्वारा छोड़ी गई चारों महिला सैनिकों- करीना एरिएव (20), डेनिएला गिल्बोआ (20), नामा लेवी (20) और लिरी अल्बाग (19) के उसके पास पहुंचने की पुष्टि की है। उसने बताया कि हमास आतंकवादियों ने इन महिला सैनिकों को गाजा पट्टी में हजारों लोगों की भीड़ के सामने परेड कराने के बाद रेड क्रॉस को सौंप दिया था। तेल अवीव के बंधक चौक पर लगाई गई विशाल स्क्रीन पर पूरा घटनाक्रम दिखाया जा रहा था। इस दौरान वहां जुटी सैकड़ों लोगों की भीड़ ने चारों महिला सैनिकों की रिहाई का जश्न मनाया। बाद में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने इजराइली सैन्य अड्डे पर चारों महिला सैनिकों के स्वागत का वीडियो जारी किया। वीडियो में इनमें से एक महिला सैनिक वाहन में सवार होने से पहले मुस्कराकर आभार जताते हुए नजर आ रही है। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि हमास द्वारा शनिवार को एक और इजराइली बंधक अर्बेल यहूद को भी रिहा किया जाना था। उसने स्पष्ट किया कि यहूद की रिहाई तक इजराइल युद्ध से विस्थापित फलस्तीनियों को उत्तरी गाजा में अपने घरों की ओर लौटने की अनुमति नहीं देगा। वहीं, हमास के एक वरिष्ठ कमांडर ने कहा कि समूह ने मध्यस्थों को सूचित कर दिया है कि यहूद को अगले हफ्ते रिहा किया जाएगा। इस बीच, मिस्र के एक अधिकारी ने यहूद की रिहाई को छोटा मुद्दा करार दिया और कहा कि मध्यस्थ इसे सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं।

# अमेरिका में हेगसेथ को रक्षा मंत्री बनाने पर लगी मुहर

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट ने शुक्रवार देर रात हुए मतदान के दौरान उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के टाइब्रेकर वोट देने के बाद पीट हेगसेथ को अमेरिका का रक्षा मंत्री बनाए जाने को मंजूरी दे दी। अत्यधिक शराब पीने और महिलाओं के प्रति यौन दुर्व्यवहार के आरोपों के बीच रक्षा मंत्री बनने के लिए हेगसेथ की योग्यता पर सवाल उठ रहे थे। सौ सदस्ईय सीनेट में सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी के 53 सदस्य हैं। हेगसेथ की नियुक्ति के पक्ष में 50 और विरोध में भी 50 वोट पड़ने के बाद फैसला टाई हो गया, जिसके बाद वेंस ने टाइब्रेकर वोट देकर हेगसेथ (44) की नियुक्ति पर मुहर लगवा दी। हेगसेथ अफगानिस्तान और इराक युद्ध में सेवाएं दे चुके हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के सभी 47 सदस्यों ने फॉक्स न्यूज के पूर्व प्रस्तोता हेगसेथ की नियुक्ति के खिलाफ वोट दिया। इसके अलावा रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों सुसान कोलिंस, लीसा मर्कोस्की और मिच मैककोनेल ने भी विरोध में वोट डाला। शुक्रवार को हुए पुष्टिकरण मतदान ने ट्रंप प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण जीत को रेखांकित किया, जिसने हेगसेथ के पास अनुभव की कमी और उनके खिलाफ लगे आरोपों के बावजूद अपने उम्मीदवार के रूप में उनको समर्थन दिया। वेंस अमेरिका के दूसरे उपराष्ट्रपति बन गए हैं, जिन्होंने किसी कैबिनेट उम्मीदवार की नियुक्ति की पुष्टि के लिए टाइब्रेकर वोट का इस्तेमाल किया। इससे पहले ट्रंप के पिछले कार्यकाल में माइक पेंस ऐसा करने वाले पहले उपराष्ट्रपति थे, जिन्होंने 2017 में शिक्षा मंत्री बेस्टी डेवोस की नियुक्ति की पुष्टि के लिए निर्णायक मतदान किया था।

## ट्रंप ने भारतीय-अमेरिकी पूर्व पत्रकार को व्हाइट हाउस का उप प्रेस सचिव नियुक्त किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय-अमेरिकी पूर्व पत्रकार कुश देसाई को अपना उप प्रेस सचिव नियुक्त किया है। व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) ने यह घोषणा की। देसाई इससे पहले रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन-2024 के लिए उप संचार निदेशक और आयोवा की रिपब्लिकन पार्टी के संचार निदेशक के रूप में काम कर चुके हैं। वह रिपब्लिकन नेशनल कमेटी में उप संचार निदेशक भी रह चुके हैं। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को देसाई को नामित करने की सूचना दी। व्हाइट हाउस ऑफिस ऑफ कम्युनिकेशंस की देखरेख डिप्टी व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ और कैबिनेट सचिव टेलर बुडोविच करेंगे। ट्रंप ने इससे पहले राष्ट्रपति के सहायक और व्हाइट हाउस संचार निदेशक पद पर स्टीवन चेउंग और राष्ट्रपति की सहायक और प्रेस सचिव पद पर कैरोलिन लेविट को नियुक्त करने की घोषणा की थी।

## टिकटॉक पर ट्रंप को धमकी देने के आरोप में इंडियाना का व्यक्ति गिरफ्तार

वाशिंगटन। अमेरिकी प्रांत इंडियाना के एक व्यक्ति को टिक्टॉक पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने कहा है कि गोशेन के डगलस थ्रैम्स (23) ने इस सप्ताह सोशल मीडिया साइट पर पोस्ट किए गए वीडियो मे कई धमकियां दी है। एफबीआई के एजेंट ने अदालत मे शिकायत मे कहा है टिक्टॉक पर एक वीडियो मे थ्रैम्स ने कहा कि ट्रंप को मार दिया जाना चाहिए और इस बार चूकना नही चाहिए।

## नाइजीरियाई सैनिकों ने 79 उग्रवादियों और संदिग्धो को मार गिराया: सेना

**अबुजा (नाइजीरिया)।** नाइजीरियाई सैनिकों ने इस्लामी उग्रवादियों और विभिन्न हथियारबंद समूहो को लक्षित करते हुए चलाए गए अभियान मे पिछले सप्ताह के दौरान 79 उग्रवादियो और संदिग्ध अपहरणकर्ताओं को मार गिराया। सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, नाइजीरिया के पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग 35,000 नागरिक जान गंवा चुके है और 20 लाख से अधिक लोग बेघर हो गए है जिसके बाद देश की सुरक्षा के लिए प्रयास तेज किए जा रहे है। नाइजीरियाई सेना के प्रवक्ता एडवर्ड बुबा ने एक बयान मे कहा कि सेना के देशव्यापी अभियान में 252 लोगों को गिरफ्तार किया गया और उग्रवादियो द्वारा बंधक बनाए गए 67 लोगों को मुक्त कराया गया। नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम में अपहरण की घटनाएं आम हो गई है।

## पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे के बेटे को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया

कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के बेटे योषिता राजपक्षे को पुलिस ने एक संपत्ति खरीद मामले मे भ्रष्टाचार के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किया।नौसेना के पूर्व अधिकारी योषिता को उनके गृह क्षेत्र बेलिएट्टा से गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी 2015 से पहले उनके पिता के राष्ट्रपति रहने के दौरान संपत्ति की खरीद मे कथित कदाचार की जांच के बाद की गई है।योषिता, महिंदा राजपक्षे के तीन बेटो मे दूसरे नंबर के है।योषिता के चाचा एवं पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे से भी पिछले सप्ताह पुलिस ने इसी मामले मे पूछताछ की थी। यह गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है जब महिंदा राजपक्षे ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में मौलिक अधिकार संबंधी याचिका दायर की है जिसमे उनकी सुरक्षा बहाल करने के लिए अदालती हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया गया है।

## अमेरिका में गणित, विज्ञान पाठ्यक्रम में सुधार के लिए विधेयक पेश किया गया

वाशिंगटन। अमेरिका की प्रतिनिधि सभा मे विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) शिक्षा मे सुधार और नेशनल साइंस फाउंडेशन को आधुनिक गणित पाठ्यक्रम का समर्थन करने के लिए एक द्विदलीय विधेयक पेश किया गया है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद क्रिसी हौलाहन और रिपब्लिकन पार्टी के जिम बेयर्ड द्वारा पेश किए गए मैथमेटिकल एंड स्टटिस्टिकल मॉडलिंग शिक्षा एक्ट का उद्देश्य एसटीईएम विषयो खास गणित और विज्ञान में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने मे छात्रो की मदद करना है। चीन और भारत जैसे देशों द्वारा शिक्षा में प्रभावशाली निवेश किए जाने के मद्देनजर अमेरिका मे यह विधेयक पेश किया गया है। हौलाहन ने कहा, मैने दुनियाभर की यात्रा के दौरान देखा कि कैसे चीन, भारत और हमारे अन्य वैश्विक प्रतिस्पर्धी शिक्षा, खासतौर पर गणित और विज्ञान में प्रभावी निवेश कर रहे है। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कदम उठाना चाहिए।

# तेल की कीमतों में कटौती करे ओपीईसी, इससे रूस-यूक्रेन युद्ध रुकेगा : ट्रंप



भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड** ट्रंप ने पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपीईसी) से तेल की कीमतों में कटौती करने का अनुरोध किया है और उनका तर्क है कि इससे रूस-यूक्रेन युद्ध रुक जाएगा।उन्होंने पहले भी ऐसा ही दावा किया था। स्विटजरलैंड के दावोस में वार्षिक विश्व आर्थिक मंच को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए ट्रंप ने आरोप लगाया कि तेल निर्यातक देशों का ओपेक प्लस गठबंधन यूक्रेन में लगभग तीन साल से जारी संघर्ष के लिए जिम्मेदार है।अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को उत्तरी कैरोलिना में संवाददाताओं से कहा, हम चाहते हैं कि ओपीईसी तेल की कीमत में कटौती करे। इससे यूक्रेन में हो रही त्रासदी स्वत: ही रुक जाएगी। यह दोनों पक्षों के लिए विनाशकारी त्रासदी है। संघर्ष में अब तक बड़ी संख्या में रूसी और यूक्रेनी सैनिकों के मारे जाने का जिक्र करते हुए ट्रंप ने कहा, अभी तो केवल गोलियां चल रही हैं और लोग घायल हो रहे हैं। दस लाख से अधिक लोग जान गंवा चुके हैं और वे हर सप्ताह हजारों लोगों को खो रहे हैं। उन्होंने कहा, यह पागलपन है। यह एक उन्माद भरा युद्ध है और अगर मैं राष्ट्रपति होता (तब) तो ऐसा कभी नहीं होता। यह पागलपन है कि ऐसा हुआ, लेकिन हम इसे रोकना चाहते हैं। ट्रंप ने कहा, इसे जल्दी से रोकने का एक तरीका यह है कि ओपीईसी इतना पैसा कमाना बंद कर दे और तेल की कीमत कम कर दे।

## हम अपराधियों को बाहर निकाल रहे हैं: ट्रंप

वाशिंगटन।डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करने के मात्र चार दिन के भीतर ही, देश ने सैन्य विमानों का उपयोग करते हुए अवैध अप्रवासियों के लिए निर्वासन उड़ानें शुरू कर दी है।अवैध आप्रवासियों का सामूहिक निर्वासन, ट्रंप के प्रचार अभियान के प्रमुख चुनावी वादों में से एक रहा है। इसके तहत, ट्रंप ने एक शासकीय आदेश पर भी हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें सूचना जारी की गई है कि भविष्य में बिना दस्तावेज वाले अप्रवासियों से पैदा होने वाले बच्चों को नागरिक नही माना जाएगा। रक्षा विभाग ने कहा कि उसके दो विमानों ने अमेरिका से ग्वाटेमाला तक निर्वासन उड़ानें संचालित की। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बाद में संवाददाताओं को बताया कि ट्रंप की सीमा नीतियों के कारण पहले ही 538 अवैध आप्रवासियों को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा पूर्व राष्ट्रपति ड्वाइट आइजनहावर के बाद पहली बार सैन्य विमानों का उपयोग कर निर्वासन उड़ानें शुरू की गई है।उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, निर्वासन उड़ानें शुरू हो गई है। राष्ट्रपति ट्रंप पूरी दुनिया को एक कड़ा और स्पष्ट संदेश दे रहे है कि अगर आप अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करते है।

## अमेरिका ने दुनियाभर में सभी सहायता कार्यक्रमों के लिए दी जाने वाली नई मदद पर रोक लगाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने मानवीय खाद्य कार्यक्रमों और इजराइल व मिस्र को मिलने वाली सैन्य सहायता को छोड़कर दुनियाभर में लगभग सभी विदेशी सहायता कार्यक्रमों को दी जाने वाली आर्थिक मदद पर रोक लगा दी है। मंत्रालय के इस आदेश के बाद दुनियाभर में स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास, रोजगार प्रशिक्षण और अन्य कार्यों से जुड़ीं अनगिनत परियोजनाएं रुकने का खतरा बढ़ गया है। अमेरिका इन विदेशी परियोजनाओं के लिए सबसे ज्यादा मदद मुहैया कराता है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह उन सहायता कार्यक्रमों को समाप्त करने की शुरुआत है, जिन्हें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी हित में नहीं मानते। दुनिया भर में अमेरिकी दूतावासों को भेजे गए इस आदेश में नए सरकारी खर्च पर रोक लगा दी गई है।

## अवामी लीग को बांग्लादेश में चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी: यूनुस के प्रमुख सलाहकार

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग को चुनावों मे भाग लेने की अनुमति नही दी जाएगी। यह टिपण्णी मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के एक प्रमुख सलाहकार ने शनिवार को की। भेदभाव विरोधी आंदोलन के शीर्ष नेता महफूज आलम ने कहा,"चुनाव केवल बांग्लादेश समर्थक समूहों के बीच ही लड़े जाएंगे" इस आंदोलन ने उस जन-विद्रोह का नेतृत्व किया था, जिसकी वजह से पिछले वर्ष पांच अगस्त को हसीना की अवामी लीग सरकार गिर गई थी और उन्हे देश छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था। चांदपुर जिले मे एक जनसभा को संबोधित करते हुए आलम ने कहा कि केवल पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), जमात-ए-इस्लाम और अन्य" बांग्लादेश समर्थक" समूह ही देश मे अपनी राजनीति जारी रखेंगे।

## पाक में फेसबुक पर ईशनिंदा से जुड़ी सामग्री अपलोड करने पर चार लोगों को मौत की सजा सुनाई गई

लाहौर। पाकिस्तान की एक अदालत ने फेसबुक पर ईशनिंदा वाली सामग्री साझा करने के जुर्म मे चार लोगों को मौत की सजा के साथ ही 80 साल के कैद की सजा सुनाई है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मोहम्मद तारिक अयूब ने शुक्रवार को चार संदिग्धों - वाजिद अली, अहफाक अली साकिब, राणा उस्मान और सुलेमान साजिद को पैगंबर मुहम्मद (पीबीयूएच) और उनके सहयोगियों तथा उनकी पत्नियो का अपमान करने के लिए दोषी ठहराया। अदालत के अधिकारी ने कहा कि दोषियो ने चार अलग-अलग पहचानपत्र (आईडी) से फेसबुक पर ईशनिंदा संबंधी सामग्री अपलोड की। अधिकारी ने कहा, न्यायाधीश ने अभियोजन एवं बचाव पक्ष, दोनों की दलीलें और गवाहो के बयान सुनने के बाद उनमे से प्रत्एक को अलग-अलग मामलो मे मौत की सजा के साथ सही 80 साल कैद की सजा सुनाई। अधिकारी ने बताया कि दोषियो के खिलाफ 52 लाख पाकिस्तानी रुपए का जुर्माना भी लगाया गया।

## अटारी-वाघा बॉर्डर पर दिखा देशभक्ति संगम

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस भारत के संविधान में निहित समानता और स्वतंत्रता के मूल्यों का उत्सव है, जो हमारे देश की खास पहचान हैं। इस बार निक इंडिया ने इस अवसर को अनोखे तरीके से मनाने के लिए बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के साथ साझेदारी की। अटारी-वाघा बॉर्डर पर आयोजित इस खास आयोजन में राउंड टेबल इंडिया के एफटीई स्कूल के बच्चों और उनके पसंदीदा निकटून किरदार, मोटू और पतलू ने जवानों के साथ समय बिताकर इस दिन को और भी यादगार बना दिया। यह दिन गर्व, उत्साह और खुशियों से भरपूर था, जहां बच्चों ने हमारे वीर जवानों के साथ अद्भुत पल साझा किए।दिन की शुरुआत बच्चों के प्यारे मोटू और पतलू के मस्ती भरे अंदाज से हुई। उनकी मजेदार हरकतों और हास्य ने न केवल बच्चों बल्कि जवानों के चेहरों पर भी मुस्कान ला दी। इस जोशीले माहौल में गणतंत्र दिवस के समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। तिरंगे की शान के नीचे राउंड टेबल इंडिया के एफटीई स्कूल के बच्चे, मोटू-पतलू और बीएसएफ के जवान एक साथ खड़े होकर देशभक्ति के इस पावन क्षण का हिस्सा बने। सीमा पर लहराता तिरंगा इस एकता और देशसेवा का प्रतीक बन गया, जिसने वहां मौजूद हर व्यक्ति के मन में गर्व और प्रेरणा का संचार किया।टीआर अंतरप्रीत सिंह साहनी, चेयरमैन, एरिया 18, राउंड टेबल इंडिया और अमृतसर राउंड टेबल के अध्यक्ष टीआर नितिन मेहरा ने कहा, राउंड टेबल इंडिया के एफटीई स्कूल के बच्चों के लिए निक इंडिया और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों के साथ अटारी-वाघा बॉर्डर पर गणतंत्र दिवस का जश्न मनाना एक यादगार अनुभव था। बच्चों ने जब अपने पसंदीदा मोटू-पतलू के साथ यह समारोह करीब से देखा, तो वे न सिर्फ उत्साहित हुए, बल्कि उन्हें गणतंत्र दिवस के महत्व से गहराई से जुड़ाव महसूस किया।

## विश्व आर्थिक मंच दावोस में भारत का जल और स्वच्छता मॉडल बना वैश्विक प्रेरणा स्रोत

दावोस। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने विश्व आर्थिक मंच में भारत के जल सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़े परिवर्तनकारी प्रयासों को प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जल और स्वच्छता से जुड़े वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की अपनी प्रतिबद्धता को दावोस में प्रमुखता से प्रदर्शित किया।24 जनवरी को आयोजित जल सुरक्षा के भविष्य के लिए वैश्विक सहयोग विषयक सत्र में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, प्रमुख जल विशेषज्ञ और दुनियाभर से 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया। श्री पाटिल ने इस सत्र में भारत की जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की गई पहलों को साझा किया। उन्होंने गुजरात की जल संकट से जल सुरक्षा तक की यात्रा का उल्लेख किया, जो प्रधानमंत्री मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान शुरू हुई और बाद में इसे पूरे देश में लागू किया गया। जल शक्ति अभियान के तहत 60,000 से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण और पुनर्जीवन तथा जल संरक्षण कार्यक्रमों को भारत प्रस्तुत किया गया। इस सत्र ने जल संकट का समाधान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता को रेखांकित किया।25 जनवरी को श्री सी.आर. पाटिल ने विश्व आर्थिक मंच में भारत की जल और स्वच्छता से जुड़ी सफलता की कहानियों को साझा किया। उन्होंने बताया कि भारत, दुनिया के सबसे बड़े कार्यक्रमों को लागू कर रहा है, जिनमें ग्रामीण घरों तक पीने का पानी पहुंचाना, ग्रामीण स्वच्छता और नदियों का पुनर्जीवन शामिल है।

## विश्व स्तर पर ऊर्जा क्षेत्र का सबसे बड़ा आयोजन होगा

मुंबई। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मुंबई में कहा कि भारत ऊर्जा सप्ताह यानि इंडिया एनर्जी वीक आईईडब्ल्यू 2025 का आयोजन एक लाख वर्ग मीटर में फैला है। भागीदारीए प्रदर्शनी स्थल और सत्रों के संदर्भ में यह विश्व स्तर पर ऊर्जा क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा आयोजन होगा।11-14 फरवरी 2025 को नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि में आयोजित होने वाले आईईडब्ल्यू 2025 में मंत्रियों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के दिग्गजों की अद्वितीय वैश्विक भागीदारी होगीए जो ऊर्जा क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगा। श्री पुरी ने आईईडब्ल्यू 2025 के दौरान आयोजित होने वाले स्वच्छ पाक कला मंत्रिस्तरीय सम्मेलन पर प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम स्वच्छ पाक कला से जुड़े समाधानों को वैश्विक स्तर पर तेजी से अपनाने में सहयोगात्मक प्रयासों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा। भारत की अत्यधिक सफल प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ऊर्जा पहुंच से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक वैश्विक टेम्पलेट के रूप में मूल्यवान अंतर्दृष्टि और सर्वोत्तम प्रणालियों को प्रदर्शित करते हुए केंद्र में रहेगी। आईईडब्ल्यू 2025 पिछले आयोजनों की तुलना में व्यापकता और भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल करने के लिए तैयार है।

## छोटे व्यवसायों को डिजिटली सशक्तिकरण किया जाए

नोएडा। व्हाट्सऐप भारत यात्रा छोटे व्यवसायों और उद्यमियों को अपनी डिजिटल उपस्थिति बढ़ाने का एक रोमांचक अवसर दे रही है। यह अपने तरह की पहली कोशिश है, जिसका लक्ष्य भारत में छोटे व्यवसायों को जमीनी-स्तर का प्रत्यक्ष प्रशिक्षण प्रदान करना है। यह यात्रा 24 जनवरी से 31 जनवरी, 2025 तक कानपुर शहर से गुजरेगी। यह पहल एक मोबाइल बस टूर के रूप में हो रही है और इसे छोटे व्यवसायों की मदद के लिये तैयार किया गया है। इसकी सहायता से वे व्हाट्सऐप की क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल करते हुए अपने डिजिटल कौशल को बेहतर बनाएंगे और कारोबार की तरक्की की संभावना बढ़ेगी।

# चीनी नागरिकों ने पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ पाक अदालत का रुख किया

भाषा। कराची

**पाकिस्तान में छह** चीनी नागरिकों ने पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ अदालत में याचिका दायर की है। चीनी नागरिकों ने पुलिस पर पैसे की मांग और सुरक्षा के नाम पर आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने का आरोप लगाया है। चीनी नागरिकों ने शुक्रवार को कराची में सिंध उच्च न्यायालय में याचिका दायर की जहां दो न्यायाधीशों की पीठ ने मामले की सुनवाई की। पीठ ने विदेश मंत्रालय और अन्य को नोटिस जारी किया, जिसमें चीन का पाकिस्तान स्थित दूतावास और कराची स्थित वाणिज्य दूतावास और संबंधित संघीय और प्रांतीय कानूनी अधिकारी शामिल हैं। जू हुई, डेंग हुआन और चार अन्य चीनी नागरिकों ने अपने वकील के माध्यम से दायर याचिका में कहा कि वे सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद पाकिस्तान आए और देश में विभिन्न व्यावसायिक उद्यमों और क्षेत्रों में काफी मात्रा में धन और संसाधनों का निवेश किया। यह पहली बार है जब चीनी नागरिकों ने पाकिस्तान में पुलिस द्वारा उत्पीड़न के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। याचिकाकर्ताओं ने प्रतिवादी के रूप में सिंध के मुख्य सचिव, प्रांतीय गृह सचिव, पुलिस महानिरीक्षक और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि देश में कानूनी रूप से रहने और निवेश करने वाले सभी विदेशी नागरिकों की सुरक्षा करना और उन्हें सुरक्षित वातावण प्रदान करना उत्तरदाताओं की जिम्मेदारी है। विदेशी नागरिकों के वकील रहमान महसूद ने मीडिया को बताया कि उनके मुवक्किलों ने सुरक्षा के नाम पर उत्पीड़न, रिश्वत की मांग, गोपनीयता के हनन और अन्य समस्याओं के बाद अदालत का दरवाजा खटखटाने का फैसला किया। वकील ने कहा, उन्होंने शिकायत की है कि वे व्यावहारिक रूप से अपने ही घरों में कैदी हैं, पुलिसकर्मी बिना खटखटाए उनके शयनकक्षों में प्रवेश करते हैं, अगर वे बाहर जाना चाहते हैं तो कुछ लोग परिवहन प्रदान करने के लिए रिश्वत लेते हैं।

## चीन ने रूबियो को परोक्ष चेतावनी देते हुए जिम्मेदाराना व्यवहार करने के लिए कहा

बीजिंग। चीन के विदेश मंत्री ने अमेरिका के नए विदेश मंत्री को परोक्ष चेतावनी देते हुए उनसे जिम्मेदाराना व्यवहार करने के लिए कहा है। विदेश मंत्री वांग ई ने शुक्रवार को एक फोन कॉल मे यह संदेश दिया। चार दिन पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शीर्ष राजनयिक के रूप मे मार्को रुबियो के नाम की पुष्टि के बाद दोनों के बीच यह पहली बातचीत थी। विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, वांग ने रुबियो से कहा, मुझे उम्मीद है कि आप जिम्मेदाराना व्यवहार करेंगे। चीन में इस वाक्यांश का उपयोग आमतौर पर एक शिक्षक या बॉस द्वारा एक छात्र या कर्मचारी को अच्छा व्यवहार करने और अपने कार्यों के लिए जिम्मेदारी भरा रुख अपनाने की चेतावनी देने के लिए किया जाता है। यह संक्षिप्त वाक्यांश रुबियो की चीन और उसके मानवाधिकार रिकॉर्ड की मुखर आलोचना करने का जवाब प्रतीत होता है। इसके पहले अमेरिकी सिनेटर के रूप मे रुबियो ने ए अलोचनाएं की थी जिसने चीनी सरकार को 2020 मे दो बार उन पर प्रतिबंध लगाने के लिए उकसाया।वही, अमेरिकी बयान मे इस वाक्यांश का उल्लेख नही किया गया है।

# ट्रंप प्रशासन की कार्रवाई के बीच आप्रवासियों के समर्थन में उतरे डेमोक्रेटिक पार्टी शासित राज्य

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका की** आव्रजन नीतियों को सख्त बनाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संकल्प के मद्देनजर डेमोक्रेटिक पार्टी शासन वाले राज्य नए उपाय पेश कर रहे हैं ताकि संघीय आव्रजन अधिकारियों के लिए कानूनी बाधाएं खड़ी की जा सकें और कानूनी दर्जा न रखने वाले आप्रवासियों को निर्वासन से बचने में मदद मिल सके। कैलिफोर्निया, न्यूयॉर्क और अन्य राज्यों में प्रतिरोध के ए प्रयास, रिपब्लिकन पार्टी नेतृत्व वाले कई राज्यों में अवैध आव्रजन के खिलाफ जारी कार्रवाई के विरोध में किए जा रहे हैं। ट्रंप प्रशासन ने इसी सप्ताह पदभार ग्रहण करने के बाद शरणार्थियों के आगमन पर रोक लगा दी हैअ निर्वासन प्रक्रिया तेज की हैअ दक्षिणी सीमा पर सैन्य टुकड़ियां भेजी हैंअ स्कूलों, गिरजाघरों और अस्पतालों से आव्रजन प्रवर्तन को प्रतिबंधित करने वाले पुराने नियमों को हटा दिए हैंअ जन्मजात नागरिकता को समाप्त करने का प्रयास किया हैअ तथा संघीय अभियोजकों को उन राज्यस्तरीय या स्थानीय अधिकारियों की जांच करने का आदेश दिया गया है जो कथित तौर पर अवैध आव्रजन के खिलाफ कार्वाई में बाधा डाल रहे हैं। राज्यों में पहले ही आप्रवासन को लेकर सैकड़ों विधेयक पेश किए जा चुके हैं और अगले सप्ताह और अधिक कार्वाई की उम्मीद है। फ्लोरिडा के रिपब्लिकन गवर्नर रॉन डेसेंटिस और टेनेसी के गवर्नर बिल ली ने ट्रंप के आप्रवासन एजेंडे का समर्थन करने के लिए सोमवार से विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है। कनेक्टिकट, हवाई, मैसाचुसेट्स, न्यू मैक्सिको, ओरेगन और वाशिंगटन जैसे राज्यों में डेमोक्रेटिक पार्टी के विधायक आप्रवासियों के लिए स्वास्थ्य देखभाल और उच्च शिक्षा का विस्तार करने, मकान मालिकों से आव्रजन स्थिति के बारे में पूछताछ किए जाने को रोकने या नए आप्रवासी हिरासत केंद्र खोलने के लिए सरकारी समझौतों को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। न्यूयॉर्क विधानसभा की सदस्य कैटालिना क्रूज़ ने अप्रवासियों की सहायता के लिए छह से अधिक विधेयक पेश किए हैं। क्रूज नौ साल की उम्र में कोलंबिया से अमेरिका आई थीं और अमेरिकी नागरिक व वकील बनने से पहले एक दशक से अधिक समय तक गैर-कानूनी तरीके से अमेरिका में रही थीं।

# भारतीय-अमेरिकी ने दिव्यांगता से जुड़े अप्रयुक्त अवसरों पर मोदी के समक्ष दृष्टिपत्र प्रस्तुत किया

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया के एक भारतीय-अमेरिकी कार्यकर्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष 2047 तक दिव्यांगता क्षेत्र से एक हजार अरब अमेरिकी डॉलर के आर्थिक योगदान के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के सिलसिले में एक दृष्टिपत्र पेश किया है। वॉयस ऑफ स्पेशली एबल्ड पीपल (वीओएसएपी) के प्रणव देसाई ने इस महीने की शुरुआत में नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि दिव्यांगजनों के लिए विजन 2047 आर्थिक लाभ और दिव्यांगता के क्षेत्र में अप्रयुक्त अवसरों पर खास ध्यान देने के साथ-साथ समावेशिता के एक नए युग की शुरुआत कर सकता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया है कि किस प्रकार भारत दिव्यांगजनों की कम से कम 25 प्रतिशत आबादी को कमाने में सक्षम बनाकर, इस आबादी के 10 प्रतिशत हिस्से को घरेलू स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं द्वारा सेवा प्रदान करके तथा 2047 तक प्रत्एक दिव्यांगजन को कम से कम एक सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर एक हजार अरब अमेरिकी डॉलर के इस साहसिक लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। वीओएसएपी ने एक बयान में कहा, आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए देसाई ने नियोक्ताओं, परिवारों और सहायक प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए व्यापक कर प्रोत्साहन का प्रस्ताव रखा, ताकि उनके वित्तीय कार्यों और लेनदेन को प्रोत्साहन मिले और लाखों नए रोजगार सृजित हों।

# यमन के हूती विद्रोहियों ने 153 युद्ध बंदियों को एकतरफा रिहा किया: रेड क्रॉस

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने शनिवार को 153 युद्ध बंदियों को एकतरफा रिहा कर दिया। रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार रात संकेत दिया था कि वे बंदियों को रिहा करने की योजना बना रहे हैं। यह गाजा पट्टी में इजराइल-हमास के बीच संघर्ष विराम के बाद तनाव को कम करने के प्रयासों का एक हिस्सा है। हालांकि, हूती की ओर रिहा किए जाने की कवायद संयुक्त राष्ट्र के अन्य सात यमनी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने के ठीक बाद हुई है, जिससे विश्व निकाय में गुस्सा भड़क गया है। रेड क्रॉस ने कहा कि वह लंबे समय से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए वार्ता के माध्यम से समाधान को बढ़ावा देने की दिशा में एक और सकारात्मक कदम के तौर पर इस एकतरफा रिहाई का स्वागत करता है। कैदी मामलों की हूती समिति के प्रमुख अब्दुल कादर अल-मुर्तदा ने हूती मीडिया के जरिए दिए गए एक बयान में कहा कि लोगों का रिहा किया जाना मानवीय मामला था जिनमें बीमार, घायल और बुजुर्ग शामिल थे। अल-मुर्तदा ने कथित तौर पर कहा, पहल का लक्ष्य विश्वास का निर्माण करना और गंभीर और ईमानदार समझौते का एक नया चरण स्थापित करना है। रेड क्रॉस ने अन्य कैदियों की रिहाई की निगरानी में मदद की है, जिसमें 2020 में लगभग 1,000 कैदियों की अदला-बदली, 2023 में 800 से अधिक बंदियों की अदला-बदली और 2024 में एक और रिहाई शामिल है। विद्रोहियों ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि वे लाल सागर गलियारे में जहाजों पर अपने हमलों को सीमित करेंगे और गैलेक्सी लीडर के 25 सदस्ईय चालक दल को रिहा कर दिया था। यमन में युद्ध के कारण अब तक 1,50,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। हालांकि, हूती अब भी हमला कर रहे हैं जो संयुक्त राष्ट्र के सात कार्यकर्ताओं (संभवत: अन्य लोगों के साथ) को हिरासत में लिए जाने के रूप में सामने आया। विद्रोहियों ने इसके पहले भी संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों, यमन की राजधानी सना में एक बार खुले अमेरिकी दूतावास, सहायता समूहों और नागरिक समाज से जुड़े व्यक्तियों को हिरासत में लिया था।

# भारतीय स्पिनरों ने अंग्रेजों को छकाया

## ●नौ विकेट पर 165 रन पर रोका




**भाषा।** चेन्नई

**जोस बटलर ने** जुझारू पारी खेली लेकिन इंग्लैंड के बाकी बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सके और भारत ने अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के दम पर शनिवार को दूसरे टी20 मैच में उसे नौ विकेट पर 165 रन पर रोक दिया। बटलर ने 30 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 45 रन बनाए। उन्होंने तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के एक ओवर में दो चौके और एक छक्का लगाया। अर्शदीप ने पहले ही ओवर में फिल साल्ट को आउट करके इंग्लैंड को अच्छी शुरूआत नहीं करने दी। इस वर्ष आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर चुने गए अर्शदीप की गेंद पर साल्ट ने वॉशिंगटन सुंदर को स्क्वेयर लेग सीमारेखा पर कैच थमाया। सुंदर चोटिल नीतिश कुमार रेड्डी की जगह अंतिम एकादश में चुने गए हैं। सुंदर को भी जल्दी ही कामयाबी मिली जब बेन डकेट ने रिवर्स स्वीप खेलने के प्रयास में ध्रुव जुरेल को कैच थमाया। जुरेल भी चोटिल रिंकू सिंह की जगह खेल रहे हैं। बटलर और लियाम लिविंगस्टोन खराब पूल शॉट खेलने के प्रयास में विकेट गंवा बैठे। भारतीय उपकप्तान अक्षर पटेल ने दोनों को पवेलियन भेजा। बटलर ने तिलक वर्मा को कैच थमाया जबकि लिविंगस्टोन का कैच स्थानापन्न खिलाड़ी हर्षित राणा ने लपका। गुस एटकिंसन की जगह टीम में शामिल किए गए हरफनमौला ब्रायडन कार्स ने 17 गेंद में तीन छक्कों की मदद से 31 रन बनाए लेकिन जोफ्रा आर्चर के साथ रन लेने में गलतफहमी को लेकर अपना विकेट गंवा बैठे। हैरी ब्रूक ने आक्रामक शुरूआत करके स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को छक्का भी लगाया। लेकिन चक्रवर्ती की ही एक गेंद पर वह पूरी तरह से चकमा खा गए जबकि चेन्नई में तो कोहरा भी नहीं है। गेंद उनके आफ स्टम्प पर जा लगी और उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। निचले क्रम के बल्लेबाजों ने इंग्लैंड को 150 रन के पार पहुंचाया लेकिन भारतीय स्पिनरों को वे खुलकर खेल नहीं सके।

### स्कोरबोर्ड

**इंग्लैंड पारी :** साल्ट का सुंदर बो अर्शदीप 4,डकेट का जुरेल बो सुंदर 3, बटलर का वर्मा बो अक्षर 45,ब्रूक बो चक्रवर्ती 13,लिविंगस्टोन का राणा बो अक्षर 13, स्मिथ का वर्मा बो अभिषेक 22,ओवरटन बो चक्रवर्ती 5,कार्स रन आउट 31, आर्चर नाबाद 12, रशीद का सैमसन बो हार्दिक 10,वुड नाबाद 5, **योग** : 20 ओवर में नौ विकेट पर 165 रन, **विकेट पतन** :1-6, 2-26, 3-59, 4-77, 5- 90, 6-104, 7-136, 8 . 137, 9-157, **गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0- 40-1, हार्दिक 2-0-6-।, सुंदर ।-0-9-1,अक्षर 4 - 0 - 32-2, बिश्नोई 4-0-27-0, चक्रवर्ती 4-0-38-2, अभिषेक 1-0-12-1

# इंग्लैंड के खिलाफ चोटिल रेड्डी की जगह लेंगे दुबे

## रिंकू दूसरे और तीसरे मैच में नहीं




**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को कहा कि मुंबई के हरफनमौला खिलाड़ी शिवम दुबे इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए भारतीय टीम में नीतीश कुमार रेड्डी की जगह लेंगे। रेड्डी कमर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। उन्हें शुक्रवार को यह चोट लगी जब भारतीय टीम चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए शुक्रवार को अभ्यास कर रही थी। बीसीसीआई की विज्ञप्ति के अनुसार, रेड्डी चोट प्रबंधन के लिए बेंगलुरु में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र रवाना होंगे। 21 साल के रेड्डी को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने में लगभग चार सप्ताह के आराम और रिहैबिलिटेशन की जरूरत होगी। इसके यह मायने हो सकते हैं कि रेड्डी की वापसी इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान ही सनराइजर्स हैदराबाद के लिए होगी।इसबीच बीसीसीआई ने यह भी कहा कि निचले क्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह को 22 जनवरी को ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में क्षेत्ररक्षण करते हुए पीठ के निचले हिस्से की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है। बीसीसीआई ने विज्ञप्ति में कहा, वह अच्छी प्रगति कर रहा है और बीसीसीआई की चिकित्सा टीम उस पर नजर रखे है। वह मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दूसरे और तीसरे मैच से बाहर हो गए हैं। रिंकू सिंह के कवर के तौर पर रमनदीप सिंह को भारतीय टीम में शामिल किया गया। रेड्डी की चोट भारतीय टीम के लिए निराशाजनक है क्योंकि वह सभी प्रारूपों के खिलाड़ी के तौर पर अच्छी प्रगति कर रहे हैं। पिछली बार रेड्डी को जिम्बाब्वे के अपने पहले टी20 दौरे के दौरान चोट के कारण भारतीय टीम से बाहर होना पड़ा था और तब भी दुबे ने ही उनकी जगह ली थी।दुबे की 28 जनवरी को राजकोट में तीसरे टी20 मैच से पहले राष्ट्रीय टीम से जुड़ने की उम्मीद है। दुबे ने अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच पिछले साल जुलाई में श्रीलंका के खिलाफ था। वह पीठ की चोट के कारण टीम से बाहर हो गए थे। उन्होंने रिहैबिलिटेशन पूरी करने के बाद हाल ही में घरेलू क्रिकेट में वापसी की है। इस 31 साल के खिलाड़ी को हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था। चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया में प्रभावित करने वाले युवा हरफनमौला रेड्डी को टीम में शामिल किया है। दुबे हालांकि चोट से वापसी के बार अपने पहले रणजी मैच में प्रभावित करने में नाकाम रहे। वह जम्मू कश्मीर के खिलाफ दोनों पारियों में खाता खोलने में नाकाम रहे।

## सिक्किम दल की अगुआई करेंगे तीरंदाज तरुणदीप

गंगटोक। चार बार के ओलंपियन तीरंदाज तरुणदीप राय 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड मे होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों में पहली बार अपने गृह राज्य सिक्किम का प्रतिनिधित्व करेंगे। तरुणदीप 41 सदस्यीय सिक्किम दल का हिस्सा है। सिक्किम एक से सात फरवरी तक होने वाले राष्ट्रीय खेलो मे पांच स्पर्धाओं तीरंदाजी, मुक्केबाजी, एथलेटिक्स, साइक्लिंग और महिला फुटबॉल मे प्रतिस्पर्धा कर रहा है।

## राजस्थान यूनाईटेड ने चर्चिल ब्रदर्स को ।-0 से हराया

जयपुर। राजस्थान यूनाईटेड एफसी ने शनिवार को यहां चर्चिल ब्रदर्स को चौंकाते हुए आई लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच में।-0 से पराजित किया। चर्चिल ब्रदर्स की यह नए साल की दूसरी हार है। स्पेनिश स्ट्राइकर गेरार्ड अर्टिगास ने राजस्थान यूनाईटेड के लिए विजई गोल दूसरे हाफ मे अतिरिक्त समय (90+3वें मिनट) में किया। इस हार से मेहमान टीम लीग तालिका मे अपना शीर्ष स्थान गंवा बैठी और नामधारी एफसी अब 20 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई।

## आस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में पहुंचने के करीब

बांगी (मलेशिया)। आस्ट्रेलिया ने शनिवार को वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराकर अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश की ओर कदम रख दिया। टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण चुनने वाली आस्ट्रेलियाई टीम ने पावरप्ले में ही 16 रन पर तीन विकेट निकाल दिए। वेस्टइंडीज की पूरी टीम 16.3 ओवर मे 53 रन पर आउट हो गई। आस्ट्रेलिया के लिए एलीनोर लारोसा, काओइमे ब्रे और टेगान विलियमसन ने दो दो विकेट लिए। बारिश के कारण खेल बाधित होने के बावजूद आस्ट्रेलिया ने 10 . 5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान लूसी हैमिल्टन ने 29 गेंद मे 28 रन बनाए। ग्रुप दो से सुपर सिक्स चरण के मैच में न्यूजीलैंड ने अमेरिका को 18 रन से हराया। लेग स्पिनर रिशिका जसवाल ने 14 रन देकर दो विकेट लिए। न्यूजीलैंड को 97 रन पर आउट करने के बाद अमेरिकी टीम 79 रन ही बना सकी।

## पहले दिन गिरे 20 विकेट, वेस्टइंडीज ने पाक पर बढ़त हासिल की

मुल्तान। गुडाकेश मोती और जोमेल वारिकन के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने शनिवार को दूसरे क्रिकेट टेस्ट मे पाकिस्तान के खिलाफ स्टंप तक नौ रन की बढ़त हासिल कर ली जबकि पहले दिन 20 विकेट गिरे। मोती ने 55 रन बनाए और उनके पहले टेस्ट अर्धशतक की बदौलत मेहमान टीम आठ विकेट पर 54 रन के खराब स्कोर से उबरकर 163 रन पर सिमट गई। बाएं हाथ के स्पिनर मोती ने मुल्तान की एक ओर स्पिनरों के मुफीद पिच पर 49 रन देकर तीन विकेट चटकाए और घरेलू टीम को 154 रन पर समेटने मे मदद की। मोती के हरफनमौला प्रदर्शन से पाकिस्तान नोमान अली की हैट्रिक और 41 रन देकर छह विकेट की शानदार गेंदबाजी फीकी पड़ गई।

## तेलंगाना पदक तालिका में शीर्ष पर

लेह (लद्दाख)। प्रणव माधव सुरपनेनी ने खेलो इंडिया शीतकालीन खेलो की आइस स्केटिंग स्पर्धा मे तेलंगाना को दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया लेकिन शनिवार को भारतीय सेना और आईटीबीपी के बीच आइस हॉकी लीग मैच पर दिलचस्प रहा। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के लिए स्टैनजिन मिंगुरे ने अंतिम 10 मिनट मे लगातार दो गोल जिससे टीम ने भारतीय सेना पर 3-। की रोमांचक जीत दर्ज की।

# कीज बनीं ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन

## सबालेंका को हराया



**भाषा।** मेलबर्न

**अमेरिका की** मैडिसन कीज ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के महिला एकल फाइनल में दो बार की गत चैंपियन बेलारूस की एरिना सबालेंका को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।

इस 29 साल की खिलाड़ी ने ढाई घंटे तक चले मैच को 6-3, 2-6, 7-5 से अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी को हराने से पहले सेमीफाइनल में दूसरे रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को शिकस्त दी थी। वह इस तरह मेलबर्न पार्क में सेरेना विलियम्स के बाद रैंकिंग की शीर्ष दो खिलाड़ियों को हराने वाली अमेरिका की पहली खिलाड़ी बन गई है। सेरेना ने यह कारनामा 2005 में किया था। रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज कीज को इस टूर्नामेंट में 19वीं वरीयता मिला थी। अमेरिकी ओपन 2017 में उपविजेता रहने के बाद यह उनका दूसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल था।अमेरिका की खिलाड़ी ने चैंपियन बनने के बाद कहा, मुझे लंबे समय से इसका इंतजार था। मैं एक अन्य ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंची थी और वहां चीजें मेरे पक्ष में नहीं थी। मैं फिर से उस स्थिति में नहीं आना चाहती थी। कीज ने इसके साथ सबालेंका को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खिताबी जीत की हैट्रिक लगाकर मार्टिना हिंगिस की बराबरी करने से रोक दिया। हिंगिस 1997 से 1999 तक लगातार तीन बार इसकी चैम्पियन बनी थी।अमेरिका की खिलाड़ी ने जीत दर्ज करते ही अपना चेहरा अपने हाथों से ढक लिया, फिर हाथों को ऊपर उठा का जश्न मनाया। उन्होंने इसके बाद अपने पति और कोच (2023 से) ब्योर्न फ्रैटांगेलो और टीम के अन्य सदस्यों को गले लगाया। सबालेंका ने कीज को बधाई देने के बाद अपने टेबल के पास जाकर रैकेट को जोर से जमीन पर पटका और अपनी भावनाओं को छिपाने के लिए सफेद तौलिए से चेहरा ढक लिया।सबालेंका ने कहा, मैडिसन (कीज) के लिए क्या कमाल का टूर्नामेंट रहा। उन्होंने कीज से कहा, जश्न मनाओ, इस क्षण का पूरा लुत्फ उठाओ।

## गत चैंपियन सिनर के सामने ज्वेरेव की चुनौती

**मेलबर्न।** विश्व रैंकिंग मे शीर्ष स्थान पर काबिज यानिक सिनर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल मे रविवार को यहां जब जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ कोर्ट में उतरेंगे तो उनके सामने खिताब के बचाव करने की चुनौती होगी। पुरुष एकल मे ऐसा बहुत कम बार हुआ है कि किसी खिलाड़ी ने करियर के अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब का सफलता से बचाव किया है। पिछली बार राफेल नडाल ने 2005 और 2006 मे फ्रेंच ओपन का खिताब जीतकर ऐसा कारनामा किया था। सिनर के सामने कई तरह की चुनौतियां है जिसमें डोपिंग का मामला भी शामिल है। यह मामला अब भी विचाराधीन है। पिछले साल मार्च मे उनके नमूने में दो बार एनाबॉलिक स्टेरॉयड की थोड़ी मात्रा की पुष्टि हुई थी। यह बात को हालांकि अमेरिकी ओपन शुरू होते समय सार्वजनिक की गई थी। उन्होंने तब अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी की अपील पर हालांकि इस मामले की अप्रैल मे सुनवाई होनी है। सिनर की कोचिंग टीम के सदस्य डैरेन काहिल ने कहा, पिछले साल अप्रैल से अब तक पिछले नौ महीनों से उन पर बहुत दबाव है। वह इससे वैसे ही निपटता है जैसे किसी भी व्यक्ति को दबाव से जूझते देखा है। वह एक अद्भुत युवा है जो इसे एक इन चीजों का प्रभाव अपने खेल पर नही पड़ने दे रहा है। ऑस्ट्रेलिया ओपन के दौरान पिछले दो सप्ताहों के दौरान, सिनर को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी जूझना पड़ा है। चौथे दौर मे विश्व रैंकिंग मे 13वें स्थान पर काबिज होल्गर रूण के खिलाफ मैच के दौरान उन्हे चक्कर आ गया था। सेमीफाइनल मे विश्व रैंकिंग मे 21वें स्थान पर काबिज बेन शेलटन के खिलाफ उनकी मांसपेशियों मे खिंचाव आ गया था। जिसके बाद उन्हें चिकित्सा मदद की जरूरत पड़ी।

# आईसीसी की पुरुष टी20 ऑल स्टार एकादश के कप्तान बने रोहित, टीम में बुमराह, पंड्या, अर्शदीप भी शामिल




**दुबई।** पिछले साल जून में भारतीय टीम को दूसरा आईसीसी टी20 विश्व कप खिताब दिलाने वाले कप्तान रोहित शर्मा को आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम ऑफ द ईयर 2024 का कप्तान चुना गया।भारतीयों के दबदबे वाली इस ऑल स्टार एकादश में स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी शामिल हैं। बुमराह आईसीसी की टेस्ट टीम ऑफ द ईयर में भी शामिल हैं। भारतीयों के अलावा आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम ऑफ द ईयर में अन्य देशों के बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड, इंग्लैंड के फिल सॉल्ट, पाकिस्तान के बाबर आजम, वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन, जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा, अफगानिस्तान के राशिद खान और श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा शामिल हैं। टेस्ट कप्तान और टेस्ट बल्लेबाज रोहित पिछले कुछ महीनों में कई असफलताओं के कारण काफी दबाव में हैं। रोहित की साख छोटे प्रारूपों में मजबूत बनी हुई है।टी20 अंतरराष्ट्रीय में कप्तान और बल्लेबाज दोनों के तौर पर 2024 रोहित के लिए अविस्मरणीय रहा। इस अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने 11 मैचों में 42.00 के शानदार औसत और 160 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 378 रन बनाए। रोहित ने तीन अर्धशतक जड़कर भारत के टी20 विश्व कप अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसमें सुपर आठ चरण में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 रन की शानदार पारी भी शामिल है।

# मंधाना, ऋचा, दीप्ति को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में मिली जगह

**दुबई।** दिग्गज सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना, विकेटकीपर ऋचा घोष और हरफनमौला दीप्ति शर्मा को शनिवार को भारतीय खिलाड़ियों की दबदबे वाली आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय साल 2024 की सर्वश्रेष्ठ टीम में शामिल किया गया। इस टीम में तीन भारतीयों के अलावा दक्षिण अफ्रीकी और श्रीलंका के दो-दो जबकि इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड और पाकिस्तान से एक-एक खिलाड़ी हैं। मंधाना और दीप्ति को शुक्रवार को आईसीसी महिला वनडे साल की सर्वश्रेष्ठ टीम 2024 में भी शामिल किया गया था। मंधाना के लिए साल 2024 शानदार रहा। उन्होंने साल की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 54 रनों की शानदार पारी के साथ और इसका अंत घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार तीन अर्धशतकों के साथ किया। इस सलामी बल्लेबाज ने इस दौरान 23 मैचों में 763 रन बनाए और महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। मंधाना ने इस दौरान आठ अर्धशतक, 42.38 के प्रभावशाली औसत और 126.53 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इस दौरान उनका सर्वोच्च स्कोर 77 रन था। ऋचा की विस्फोटक बल्लेबाजी ने उन्हें पिछले साल भारत के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में से एक बनाया।

# गिल की 102 रन की पारी बेकार पंजाब को मिली पारी से हार




**बेंगलुरु।** पंजाब के कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (102) शानदार शतक के बावजूद शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन अपनी टीम को कर्नाटक के खिलाफ पारी की हार से बचाने में नाकाम रहे। गिल ने अपने दूसरे दिन के सात रन के स्कोर में 95 रन जोड़कर 171 गेंदों में 102 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाए। उन्होंने अपना पहला अर्धशतक 119 गेंदों पर बनाया और अगले 50 रन सिर्फ 40 गेंदों में बनाए। पहली पारी में 420 रन से पिछड़ने वाली पंजाब की टीम के लिए वह आउट होने वाले आठवें बल्लेबाज रहे। पहली पारी में पंजाब के 55 रन के जवाब में कर्नाटक ने आर. स्मरण (203) के दोहरे शतक की मदद से 475 रन बनाए थे। दिन की शुरुआत दूसरी पारी में दो विकेट पर 24 रन करने वाले पंजाब की दूसरी पारी 63.4 आवर में 213 रन पर सिमट गई। कर्नाटक के लिए तेज गेंदबाज यशोवर्धन परंतप और लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल ने तीन-तीन विकेट लेकर टीम के लिए बोनस सहित सात अंक सुनिश्चित किए। गिल हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके थे। इस 25 वर्षीय दाएं हाथ का

## रणजी ट्रॉफी : कर्नाटक ने हराया

### जम्मू कश्मीर मुंबई को पांच विकेट से हराया

मुंबई। जम्मू-कश्मीर ने मौजूदा रणजी ट्रॉफी मे अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ग्रुप ए लीग मैच मे सितारों से सजी गत चैंपियन मुंबई को पांच विकेट से हराकर नॉक-आउट मे अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। जम्मू कश्मीर ने 42 बार के रणजी चैंपियन के खिलाफ लगभग एक दशक के बाद जीत दर्ज की है। टीम ने मुंबई को इससे पहले 2014 मे वानखेड़े स्टेडियम मे हराया था। जम्मू कश्मीर के लिए रणजी मे यह सबसे बड़ी जीत मे से एक है क्योंकि मुंबई की टीम मे भारत के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा के अलावा, पूर्व कप्तान और 80 से ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले अनुभवी अजिंक्य रहाणे, एकदिवसीय टीम के नियमित सदस्य और आईपीएल विजेता कप्तान श्रेयस अय्यर, सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और अनुभवी हरफनमौला शार्दुल ठाकुर के साथ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी मे भारतीय टीम के सदस्य रहे ऑफ स्पिनर तनुष कोटियान शामिल थे। रोहित ने एक दशक के बाद रणजी ट्रॉफी मे वापसी करते हुए दो पारियों मे केवल 31 रन बनाए। वह खराब फॉर्म मे दिखे और क्रीज पर लंबे समय तक संघर्ष करने के लिए तैयार नही दिख रहे थे। इस जीत के बाद जम्मू कश्मीर के छह मैचो मे 29 अंक है और वह ग्रुप ए मे शीर्ष पर है।

### शंकर के नाबाद 150 रन से तमिलनाडु जीत के करीब

**सलेम (तमिलनाडु)।** ऑलराउंडर विजय शंकर की नाबाद 150 रन की पारी की बदौलत तमिलनाडु ने शनिवार को यहां एलीट ग्रुप डी रणजी ट्रॉफी मैच के तीसरे दिन पांच विकेट पर 305 रन पर पारी घोषित करने के बाद चंडीगढ़ के स्टंप तक 113 रन पर पांच विकेट झटकर जीत की ओर कदम बढ़ाए। तालिका की दो शीर्ष टीमों के बीच हुए मुकाबले में शंकर ने 171 गेंद की पारी के दौरान 12 चौके और पांच छक्के लगाए जबकि एन जगदीशन ने 89 रन का योगदान दिया जिससे तमिलनाडु ने चंडीगढ़ के सामने 403 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। यह शंकर का 11वां प्रथम श्रेणी और इस सत्र का दूसरा शतक है। चंडीगढ़ की टीम पहली पारी में 204 रन पर सिमट गई थी और स्टंप तक उसने 33 ओवर मे 113 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे। कप्तान मनन वोहरा 47 रन और वीशू कश्यप चार रन बनाकर संघर्ष कर रहे थे। टीम को जीत के लिए अभी भी 290 रन की जरूरत है। तमिलनाडु के लिए कप्तान रविश्रीनिवासन साई किशोर और एस अजीत राम ने दो-दो विकेट लिए जबकि एम मोहम्मद को एक विकेट मिला। तमिलनाडु ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 27 रन से की। अजीत राम (07) और बाबा इंद्रजीत (03) को सस्ते मे आउट होने के बाद शंकर ने जगदीशन का साथ दिया और 152 रन की साझेदारी की। आंद्रे सिद्धार्थ ने भी नाबाद 36 रन बनाए। जमशेदपुर मे अनुज तिवारी (66) और आशुतोष सिंह (64) के अर्धशतकों की बदौलत छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी मे चार विकेट पर 205 रन बनाए।

### गुजरात ने उत्तराखंड को पारी से हराया, देसाई ने मैच में लिए 12 विकेट

**अहमदाबाद।** बाएं हाथ के स्पिनर सिद्धार्थ देसाई के शानदार प्रदर्शन से गुजरात ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच के तीसरे दिन उत्तराखंड पर पारी और 28 रन से शानदार जीत हासिल की।पहली पारी मे करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (36 रन देकर नौ विकेट) करने वाले देसाई ने दूसरी पारी मे गेंदबाजी का आगाज करते हुए 77 रन पर तीन विकेट चटकाए। उन्हे मैच मे 113 रन देकर 12 विकेट लिए। देसाई को दूसरी पारी मे रिंकेश वाघेला (63 रन पर तीन विकेट) और विशाल जायसवाल (71 रन पर तीन विकेट) का अच्छा साथ मिला जिससे पहली पारी मे 282 रन से पिछड़ने वाली उत्तराखंड की दूसरी पारी 254 रन पर सिमट गई। उत्तराखंड की पहली पारी को 111 रन पर समेटने के बाद गुजरात ने मनन (116) और जयमीत (121) के शतकों से 393 रन बनाए। उत्तराखंड के लिए दूसरी पारी मे शाश्वत डंगवाल (129 गेंदो मे 101 रन) और कप्तान रविकुमार समर्थ (162 गेंदो मे 76 रन) ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन उनके संघर्ष के बावजूद गुजरात बोनस अंक हासिल करने मे सफल रहा। इस जीत से गुजरात ग्रुप तालिका में 26 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया। वह विदर्भ से दो अंक पीछे, जिसने राजस्थान के खिलाफ ग्रुप के एक अन्य मैच मे मजबूत वापसी की है। कप्तान वाडकर (102 नाबाद) और यश राठौड़ (98) की शानदार बल्लेबाजी से पहली पारी मे पिछड़ने के बाद विदर्भ ने दूसरी पारी मे सात विकेट पर 358 रन बना लिए।

## क्विक न्यूज

### गुकेश ने अब्दुसात्तोरोव को बराबरी पर रोका, प्रज्ञानानंदा संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**विज्क आन जी (नीदरलैंड)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने यहां टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के छठी बाजी में संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के साथ ड्रॉ खेला, जबकि आर प्रज्ञानानंदा ने गत चैंपियन चीन के वेई ई के साथ अंक साझा किए। अब्दुसात्तोरोव और प्रज्ञानानंदा संभावित छह में से 4.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज है जबकि गुकेश चार अंकों के साथ उनके बाद है। साल के पहले बड़े टूर्नामेंट में अभी सात बाजियों के मुकाबले बाकी हैं।पी हरिकृष्णा, सर्बिया के लेक्सी सरना और स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव साढे तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं।गुकेश ने अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मुकाबले में पकड़ ढीली पड़ने के बाद अच्छी वापसी की और 64 चालों के बाद इसे ड्रॉ करने पर सहमत हो गए। इस मुकाबले की शुरुआत इटालियन ओपनिंग (सफेद मोहरों से प्यादा और वजीर के चाल के जवाब में काले मोहरों से प्यादा और घोड़े (नाइट) की चाल) से हुई। शुरुआती चालों के बाद अब्दुसत्तोरोव ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत करनी शुरू की। आखिरी कुछ चालों गुकेश को अपना एक मोहरा गंवाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उनके लिए स्थिति तब और जटिल हो गई जब अब्दुसत्तोरोव ने तीन प्यादों के लिए अपने घोड़े की बलि दे दी।

### भारत का बढ़ता आत्मविश्वास खेलों में प्रदर्शन में भी दिख रहा है : राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि भारत का बढ़ता आत्मविश्वास खेल के क्षेत्र में भी दिखाई दे रहा है जिसमें देश के एथलीटों ने कामयाबी की रोमांचक कहानियाँ लिखी हैं। 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि खिलाड़ियों ने अपनी जीत की ललक से देश को गौरवान्वित किया है और अगली पीढ़ी को ऊंचे लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा , एक राष्ट्र के रूप में हमारा बढ़ता आत्मविश्वास खेलों के क्षेत्र में भी दिखाई देता है जिसमें हमारे खिलाड़ियों ने कामयाबी की रोचक कहानियां लिखी है। पिछले साल हमारे खिलाड़ियों ने ओलंपिक खेलों में अपनी छाप छोड़ी। पैरालंपिक खेलों में हमने अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके लौटा।

### अर्शदीप सिंह बने आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ टी20 अंतरराष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर

**दुबई।** भारत के बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को शनिवार को आईसीसी का साल का सर्वश्रेष्ठ टी20 अंतरराष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर चुना गया। उन्होंने भारतीय टीम को इस प्रारूप में विश्व कप ट्रॉफी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस पुरस्कार से छोटे प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के तौर पर उनका कद मजबूत हुआ। अर्शदीप (25 साल) ने पिछले साल 18 मैच में 36 विकेट लिए थे। उन्हें रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या के साथ आईसीसी की 2024 की सर्वश्रेष्ठ टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में भी चुना गया। अमेरिका में हुए टी20 विश्व कप में अर्शदीप ने पावरप्ले और अंतिम ओवरों की गेंदबाजी अपनी महारत दिखाई। टूर्नामेंट के अंत में वह अफगानिस्तान के फजलहक फारूकी के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने आठ मैचों में 12.64 की औसत से 17 विकेट लिए।उनके शानदार प्रदर्शन से भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर सात रन की नाटकीय जीत दर्ज की जिसमें उन्होंने 20 रन देकर दो विकेट झटके। उन्होंने दक्षिण अफ्रीक के कप्तान एडेन माक्ररम को जल्दी आउट किया और फिर क्विंटन डी कॉक को आउट करके बड़ी साझेदारी बनने से रोका। अर्शदीप ने अंतिम ओवर में गेंदबाजी करते हुए सिर्फ चार रन दिए जिससे हार्दिक पंड्या के लिए काम आसान हो गया। अर्शदीप 2024 में भारत के सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे, उन्होंने 18 मैचों में 15.31 के औसत से 36 विकेट झटके।

### जोबर्ग सुपर किंग्स को 14 रन से हराकर सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने दर्ज की लगातार चौथी जीत

**गक्बेरहा।** दो बार की गत चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप एसए20 लीग में यहां जोबर्ग सुपर किंग्स पर 14 रन की जीत के साथ लगातार चौथी सफलता हासिल की।टूर्नामेंट के शुरुआती दोनों सत्र की चैंपियन सनराइजर्स की टीम इस जीत के बाद 19 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। वह पार्ल रॉयल्स से केवल एक अंक नीचे है, जिसने एक मैच कम खेला है।सनराइजर्स की जीत में एक बार फिर कप्तान एडेन मारक्रम और मार्को यानसेन ने अहम योगदान दिए। टीम ने चार विकेट पर 165 रन बनाने के बाद सुपरकिंग्स को 20 ओवर में आठ विकेट पर 151 रन पर रोक दिया। मारक्रम ने 29 गेंद में 43 रन बनाए जबकि टीम में वापसी कर रहे ट्रिस्टन स्टब्स ने 22 गेंद में 35 रन की नाबाद पारी खेली। सलामी बल्लेबाज डेविड बेडिंघम ने भी 37 रन का योगदान दिया। यानसेन (19 रन पर दो विकेट) नई गेंद से पावरप्ले में शिकंजा कस कर सुपरकिंग्स को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने इस दौरान आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे कप्तान फाफ डुप्लेसी (18 गेंद में 27 रन) को पवेलियन की राह दिखाई। डुप्लेसी को पांचवें ओवर में आउट होने से दो गेंद पहले जीवनदान भी मिला था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सके। डेवोन कोन्वे ने 40 गेंद में 43 रन की पारी के साथ एक छोर से संयमित बल्लेबाजी की लेकिन दूसरे छोर से उन्हें अच्छा साथ नहीं मिला। सनराइजर्स के लिए यानसेन के अलावा रिचर्ड ग्लीसन (37 रन पर दो विकेट), ओटनील बार्टमैन (32 रन पर दो विकेट), लियाम डॉसन (10 रन पर एक विकेट) और मार्कराम (21 रन पर एक विकेट) ने भी अच्छी गेंदबाजी कर सुपरकिंग्स को लक्ष्य से दूर रखा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 01204615800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित। प्रधान सम्पादक : शोबोरी गाँगुली। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-693425001